राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# उज्ज्वल दुनिया
खंबरों की बुलंद आवाज
रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित
वर्ष, 12 | पृष्ठ 12 | अंक 184 | रांची, गुरुवार, 10 सितंबर 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com



**आज का दिन**

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस हर साल 10 सितम्बर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य आत्महत्या जैसी गंभीर सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसे रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है।

# अफगानी भी बन गए झारखंड के वोटर

एजेंसी



**रांची:** झारखंड में इन दिनों चल रहे मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान जमशेदपुर से तीन अफगानी के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में पाए गए. ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में गैर भारतीय का नाम पाए जाने के बाद चुनाव आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया है.

**जांच के दिए गए आदेश**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि तीन विदेशी नागरिकों की पहचान होने के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं और यह पता किया जा रहा है कि उनके परिवार के कौन-कौन से सदस्य वोटर लिस्ट में शामिल हैं. साथ ही पहले से उनका मतदाता सूची में नाम शामिल है या नहीं. इस मामले में डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी जमशेदपुर को जांच के लिए निर्देशित किया गया है. रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि अभी राज्य में एसआईआर के दौरान दावा एवं आपत्ति का दौर चल रहा है, जिसके तहत दाखिल हरेक दस्तावेज की जांच की जा रही है और किसी भी गैर भारतीय नागरिक को वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया जाएगा. यदि फर्जी दस्तावेज के आधार पर वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने की कोशिश कोई भी विदेशी नागरिक करेंगे तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

**पासपोर्ट वेरिफिकेशन के दौरान हुआ खुलासा**

झारखंड में इन दिनों मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण में जारी प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज वोटर के नाम और उनके दस्तावेज की जांच चल रही है. इस दौरान नोटिस के आधार पर जमशेदपुर में अफगान नागरिकों के पासपोर्ट का वेरिफिकेशन हुआ, जिसमें विदेशी नागरिक होने की बात सामने आई. इसके बाद, तीन मतदाताओं हासिल खान, मोहम्मद असलम और मोहम्मद इब्राहिम के बारे में जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को दी गई. खास बात है कि इन तीनों अफगानी नागरिकों ने निर्देशन की प्रक्रिया भी पूरी की और मतदाता सूची के प्रारूप में नाम भी जारी हो गया. वहीं, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में इनका नाम सही नहीं पाए जाने के कारण इनलोगों को नोटिस भेजा गया और नोटिस के क्रम में इन लोगों ने कोई ऐसा दस्तावेज नहीं जमा किया जो भारतीय होने का प्रमाण देता हो. इस बीच, जांच के दौरान पकड़े गए तीन अफगान नागरिकों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पूरे मामले की जांच उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया है.

## फर्जी दस्तावेज तैयार करने और करवाने पर होगी कानूनी कार्रवाई



**रांची:** झारखंड में इन दिनों चल रहे मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान जमशेदपुर से तीन अफगानी के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में पाए गए. ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में गैर भारतीय का नाम पाए जाने के बाद चुनाव आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश दिया है.

**जांच के दिए गए आदेश:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि तीन विदेशी नागरिकों की पहचान होने के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं और यह पता किया जा रहा है कि उनके परिवार के कौन-कौन से सदस्य वोटर लिस्ट में शामिल हैं. साथ ही पहले से उनका मतदाता सूची में नाम शामिल है या नहीं. इस मामले में डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी जमशेदपुर को जांच के लिए निर्देशित किया गया है. रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि अभी राज्य में एसआईआर के दौरान दावा एवं आपत्ति का दौर चल रहा है, जिसके तहत दाखिल हरेक दस्तावेज की जांच की जा रही है और किसी भी गैर भारतीय नागरिक को वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया जाएगा. यदि फर्जी दस्तावेज के आधार पर वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने की कोशिश कोई भी विदेशी नागरिक करेंगे तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

# प्रधानमंत्री मोदी के जनसेवा में 25 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का सेवा संकल्प अभियान, युवाओं पर रहेगा विशेष फोकस

एजेंसी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के साथ प्रधानमंत्रीजनसेवा में एक संवैधानिक प्रमुख (मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री) के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत करने जा रही है। इस बार दोनों संयोग के मद्देनजर भाजपा ने जन सेवा और समर्पण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर यानि एक महीने का सेवा संकल्प अभियान चलाने का का निर्णय लिया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को केंद्रीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर बताया कि भाजपा हर बार प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर ह्यसेवा पखवाड़ाह्न का आयोजन करती है लेकिन इस बार यह सुखद संयोग बन रहा है कि 07 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री जनसेवा में एक संवैधानिक प्रमुख (मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री) के रूप में अपने 25 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। इसलिए, इस बार हमने जन सेवा और समर्पण के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमने एक महीने का सेवा संकल्प अभियान मनाने का निर्णय लिया है। इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं से आए बदलावों को जन-जन तक पहुंचाना तथा 'विकसित भारत 2047' का संकल्प मजबूत करना है। देश भर में भाजपा कार्यकर्ता और आम जन की इस अभियान में सहभागिता होगी और हम सब मिलकर ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न के संदेश को आगे बढ़ाएंगे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इसी उद्देश्य से 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक ₹सेवा संकल्प अभियान₹ का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 'सेवा दिवस' के रूप में होगी, जिसे हर वर्ष 'सेवा पखवाड़ा' के तहत मनाया जाता है। प्रथम दिन 17 सितंबर को रक्तदान शिविर के माध्यम से

## नेपाल में बाढ़ के बाद भूकंप के झटके

एजेंसी




**काठमांडू:** नेपाल के कुछ हिस्सों में मंगलवार देर शाम 5.0 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया. नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भूकंपीय गतिविधि रात 9:38 बजे (क्ळ) हुई. इसका केंद्र उत्तर-पश्चिमी नेपाल में 29.022ए ठ अक्षांश और 83.978ए ए देशांतर पर दर्ज किया गया. यह घटना जमीन की सतह से 143 किलोमीटर नीचे दर्ज की गई. भूकंप का केंद्र काफी गहराई में होने के कारण, सतह पर इसका असर सीमित रहने की उम्मीद जताई गई. स्थिति का आकलन किया जा रहा है और अभी तक किसी के हताहत होने या बड़े पैमाने पर ढांचागत नुकसान की खबर नहीं है. यह घटना ऐसे समय में हुई है जब नेपाल एक भयानक मानवीय संकट का सामना कर रहा है. पिछले महीने देश में आई विनाशकारी भोटे कोशी नदी की बाढ़ के बाद खोज और बचाव अभियान का आज चौदहवां दिन है. रात 8 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, नेपाल पुलिस ने बताया कि 1,366 लोगों की मौत की सूचना है, जबकि आपदा प्रभावित क्षेत्र में 4,077 लोग लापता हैं. मिले पीड़ितों के आधिकारिक विवरण में 533 पुरुष, 339 महिलाएं और 502 आंशिक मानव अवशेष शामिल हैं.









## मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गौरव कुमार के काम की




एजेंसी

**देवघर:** युवा उद्यमी गौरव कुमार व्यवसाय और फाइनेंस के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं. उनकी कंपनी के लगातार बढ़ते कारोबार और बेहतर प्रदर्शन की चर्चा अब देशभर में होने लगी है. मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गौरव कुमार के काम की सराहना की और देवघर का नाम भी रोशन किया. फेस्ट में गौरव कुमार की कंपनी की ओर से एक स्टॉल लगाया गया था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टॉल का निरीक्षण किया और गौरव कुमार से उनकी कंपनी के कामकाज तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली. गौरव कुमार ने कंपनी के बढ़ते ग्राफ और उसके कार्यों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया. प्रधानमंत्री करीब 15 मिनट तक उनका प्रेजेंटेशन सुनते रहे और उनके कार्यों की प्रशंसा की. इस सराहना को गौरव कुमार और उनके परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. गौरव कुमार के पिता और देवघर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुधीर कुमार ने बताया कि फिनटेक फेस्ट में देशभर की करीब 300 कंपनियों का चयन हुआ था. इनमें उनके बेटे की कंपनी को टॉप-8 में जगह मिलना निश्चित रूप से बड़ी उपलब्धि है. उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि बताती है कि गौरव व्यवसाय और उद्योग के क्षेत्र में लगातार बेहतर काम कर रहे हैं और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं.

## अमेरिका ने कनाडा पर नए टैरिफ लगाए




एजेंसी

**वॉशिंगटनः** अमेरिका ने कनाडा के खिलाफ व्यापार से जुड़े नए कदम उठाने का ऐलान किया है. ओटावा द्वारा अमेरिकी सामानों पर जवाबी टैरिफ लगाने के बाद, अमेरिका ने कई तरह के आयात पर रोक लगा दी है और मौजूदा टैरिफ में बदलाव किए हैं. एक बैकग्राउंड कॉल में पत्रकारों से बात करते हुए अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1930 के टैरिफ एक्ट की धारा 338 के तहत कई आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं. यह एक ऐसा कानून है जिसका इस्तेमाल बहुत कम होता है और यह वॉशिंगटन को उन देशों से आयात पर रोक लगाने की इजाजत देता है जो अमेरिका के साथ व्यापार में अनुचित व्यवहार करते हैं. ये कदम तीन मोर्चों पर उठाए जा रहे हैं. कनाडा के डेयरी उत्पाद, ज्यादातर शराब और मोटरसाइकिलें अब अमेरिका में नहीं आ पाएँगी, ये प्रतिबंध लगभग तीन हफ़्तों में लागू हो जाएँगे. इसके साथ ही, वॉशिंगटन ने 20 जुलाई के टैरिफ में भी बदलाव किए हैं.

## ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत पर मिसाइल दागी, वाशिंगटन ने 5 टैंकर तबाह किए, जॉर्डन निशाने पर, हूती का सऊदी अरब पर हमला

एजेंसी




**तेहरान/वाशिंगटन/रियाद/अम्मान।** होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर फरवरी अंत से छिड़ी जंग ने समूचे मध्य पूर्व को संकट में धकेल दिया है। ईरान हमले के जवाब में अमेरिका के सहयोगी देशों को बेखौफ होकर निशाने पर ले रहा है। अमेरिकी सेना का कहना है कि ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद उसने तेहरान के कच्चे तेल ले जाने वाले पांच टैंकरों को नष्ट कर दिया है। अमेरिकी हमलों के जवाब में आईआरजीसी ने कहा कि उसने जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों वाले एक बेस पर हमला किया। इस बीच हूती ने सऊदी अरब पर हमला किया है। अल जजीरा और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, आईआरजीसी की नौसेना ने कुवैत और बहरीन में तेल टैंकरों के क्रू को अपने जहाज छोड़ने की चेतावनी भी दी। साथ ही ऐसा न करने पर जहाजों पर हमला करने की धमकी दी। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने तेहरान को चेतावनी दी है कि अमेरिकी युद्धपोतों पर हमले की कोशिश के जवाब में वाशिंगटन ईरानी तेल टैंकरों पर हमले जारी रखेगा। अमेरिकी सेना के मध्य कमान (सेंटकॉम) ने मंगलवार को पुष्टि की कि उसने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े पांच तेल टैंकरों को नष्ट कर दिया है। सेंटकॉम ने कहा कि यह हमले हाल के दिनों में अमेरिकी युद्धपोत पर ईरान के मिसाइल हमलों के जवाब में किए गए थे। सेंटकॉम के अनुसार, चार टैंकरों पर ओमान की खाड़ी और पांचवें टैंकर को खार्ग द्वीप के पास निशाना बनाया गया। खार्ग द्वीप फारस की खाड़ी में स्थित है और कच्चे तेल के निर्यात के लिए ईरान का मुख्य टर्मिनल है। आरोप है कि ये जहाज ईरान के शैडो फ्लीट (गुप्त बेड़े) का हिस्सा थे। सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिकी सेना ने टैंकरों पर हमला करने से पहले उनके चालक दल को टैंकर छोड़ने का निर्देश दिया था। आईआरजीसी ने दावा किया है कि अमेरिका के हालिया हमलों का जवाब दिया गया है। जॉर्डन में अमेरिकी डिस्ट्रॉयर (युद्धपोतों) को निशाना बनाया गया। यह युद्धपोत बैलिस्टिक मिसाइलें ले जा रहे थे। अमेरिका ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।






# बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मप्र, छत्तीसगढ़ से जुड़ी तीन मल्टीट्रैकिंग रेल परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को 10,783 करोड़ रुपये की लागत वाली रेलवे की तीन मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की। इससे पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क में करीब 656 किलोमीटर की वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। वैष्णव ने बताया कि मंजूर परियोजनाओं में खड़गपुर-झारसुगुड़ा (बागदेही) चौथी लाइन, कटनी-पेंड्रा रोड चौथी लाइन और बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड तीसरी लाइन शामिल हैं। परियोजनाओं को 2029-30 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे 14 जिलों के करीब 4,790 गांवों और 56 लाख लोगों को बेहतर रेल संपर्क मिलने की उम्मीद है। वैष्णव ने कहा कि झारसुगुड़ा से आगे छत्तीसगढ़ के हिस्से में रेल मार्गों पर गंभीर भीड़भाड़ है। पिछले 50-60 वर्षों में इस क्षेत्र में रेल नेटवर्क का पर्याप्त विकास नहीं हुआ। पिछले 12 वर्षों में छत्तीसगढ़ में कई नई रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। आदिवासी बहुल यह क्षेत्र आर्थिक और देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर से पेंड्रा और आगे कटनी तक के मार्ग को चार लाइन का किया जा रहा है। कुछ हिस्सों में पहले से तीन लाइनें हैं, जबकि कुछ में दो लाइनें हैं। यह मार्ग अनूपपुर जैसे महत्वपूर्ण जंक्शन से होकर गुजरता है, जहां से झारखंड के अलावा बिहार और उत्तर प्रदेश की ओर रेल यातायात संचालित होता है। इस मार्ग की क्षमता बढ़ने से यात्री और माल परिवहन दोनों को लाभ मिलेगा तथा भीड़भाड़ कम होगी। सरकार के अनुसार, परियोजनाओं को प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत तैयार किया गया है। इनसे मल्टी-मॉडल संपर्क और लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ेगी तथा लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही सुगम होगी।

# जेपीएससी भर्ती धांधली मामले में अभय तिवारी की जमानत याचिका खारिज

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) से जुड़ी भर्ती परीक्षा में कथित धांधली के मामले में जेल में बंद आरोपित अभय तिवारी को अदालत से राहत नहीं मिली। सीआईडी कांड संख्या 16/2026 में आरोपित अभय तिवारी की जमानत याचिका सीआईडी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने बुधवार को खारिज कर दी। मंगलवार को अदालत में जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गई थीं। इसके बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान सीआईडी ने अभय तिवारी की जमानत का कड़ा विरोध किया। जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि अभय तिवारी मामले में कथित तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला आरोपित है और ऐसे नेटवर्क से जुड़ा था, जिसके माध्यम से परीक्षा एवं नियुक्ति में कथित गड़बड़ी की गई। सीआईडी के अनुसार, अभय तिवारी टीडीपीएल कंपनी में मार्केटिंग मैनेजर के पद पर कार्यरत था। आरोप है कि इसी दौरान उसने अपने रिश्तेदारों सहित कई अभ्यर्थियों से नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये लिए। जांच के दौरान ऐसे लोगों के संबंध में जानकारी सामने आने का दावा किया गया है, जिनसे कथित तौर पर पैसे लेकर नियुक्ति में मदद करने की बात कही गई थी। सीआईडी ने अदालत में यह भी दलील दी कि जमानत पर रिहा होने की स्थिति में अभय तिवारी जांच को प्रभावित कर सकता है और साक्ष्यों से छेड़छाड़ की कोशिश कर सकता है। एजेंसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत याचिका खारिज करने का आग्रह किया। अदालत ने मामले की गंभीरता और सीआईडी की दलीलों पर विचार करते हुए अभय तिवारी को फिलहाल जमानत नहीं दी। जमानत याचिका खारिज होने के बाद उसकी न्यायिक हिरासत जारी रहेगी। इससे पहले सीआईडी की विशेष अदालत जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल. खियांग्ते की जमानत याचिका भी खारिज कर चुकी है।

## एक नजर

### पैंक्रियास में संक्रमित Pseudocyst का बिना बड़ी सर्जरी सफल इलाज,



रांची । पैंक्रियास में गंभीर सूजन के बाद उसके आसपास जमा मवाद, तरल पदार्थ एवं मृत ऊतकों से बनी जटिल स्थिति हं''ी-डाा ठ्ी१ङ्क२२ का अत्याधुनिक एवर (Endoscopic Ultrasound) Guided Drainage द्वारा सफलतापूर्वक उपचार किया गया। यह प्रक्रिया झारखंड के वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. जयंत कुमार घोष एवं डॉ. अखिलेश यादव द्वारा की गई। एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड की सहायता से पैंक्रियास के आसपास बने संग्रह की पहचान कर उसमें एक विशेष स्टेंट लगाया गया, जिससे जमा मवाद और तरल पदार्थ को ड्रेन किया जा सका। पहले ऐसे मामलों में सर्जरी या CT scan-guided Drainage का सहारा लिया जाता था। झारखंड में इस तरह की प्रक्रिया के कुछ मामले पहले हुए हैं, लेकिन इसकी नियमित उपलब्धता सीमित रही है। अब Orchid Heritage Institute of Gastroenterology में एवर Guided Drainage जैसी अत्याधुनिक प्रक्रियाएं नियमित रूप से उपलब्ध होंगी।

### कोल्हान विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद में कुणाल अजमानी सदस्य मनोनीत



रांचीः कोल्हान विश्वविद्यालय ने अकादमिक परिषद का पुनर्गठन किया है। नवगठित अकादमिक परिषद में व्यापार एवं उद्योग जगत का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। कुणाल अजमानी को अकादमिक परिषद में शामिल किए जाने का उद्देश्य उच्च शिक्षा और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाई और पाठ्यक्रम को उद्योगों की बदलती जरूरतों से जोड़ने तथा विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में उनके अनुभव का लाभ मिलने की उम्मीद है।

कुणाल अजमानी झारखंड चैंबर के अध्यक्ष के रूप में व्यापार एवं उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। श्री आजमानी पूर्व में भी डायरेक्ट टैक्सेस में स्टेट एडवाइजरी बोर्ड, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया में दो साल तक सदस्य रहे हैं। साथ ही एयरपोर्ट एडवाइजरी बोर्ड में भी दो कार्यकाल के लिए सदस्य रहे हैं। वर्तमान में पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष हैं।

### भादी अमावस्या पर दादी की मेहंदी कार्यक्रम आयोजित, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



निरसाः भादी अमावस्या के उपलक्ष्य में बुधवार को निरसा अग्रसेन भवन में मारवाड़ी महिला समिति, निरसा की ओर से ह्यदादी की मेहंदीह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान दादी की तस्वीर पर 101 महिलाओं ने मेहंदी लगाकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम में संगीत का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने गीत एवं अन्य प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। महिलाओं के मनोरंजन के लिए संगीत प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, चुटकुले, मुहावरे सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समिति की सदस्यों ने बताया कि भादी अमावस्या के अवसर पर गुरुवार को मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

### शहर में लगे अवैध विज्ञापन लगाने पर रांची नगर निगम करेगी कार्रवाई

रांची। रांची नगर क्षेत्र में नियम के विरुद्ध लगाए गए होर्डिंग, विज्ञापन बोर्ड, यूनिपोल और मोनोपोल के खिलाफ रांची नगर निगम अब निर्णायक कार्रवाई करेगी। सार्वजनिक सूचना जारी कर संबंधित विज्ञापन एजेंसियों और विज्ञापनदाताओं को संरचनाएं स्वयं हटाने के लिए पर्याप्त समय दिए जाने के बावजूद करीब 350 चिन्हित विज्ञापन ढांचे अब भी नहीं हटाए गए हैं। निगम की ओर से बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि निगम के अनुसार 10 सितंबर 2026 की मध्यरात्रि 12 बजे के बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत चिन्हित नियम विरुद्ध होर्डिंग, यूनिपोल, मोनोपोल और अन्य विज्ञापन संरचनाओं को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर संरचनाओं की जब्ती भी की जाएगी। निगम ने स्पष्ट किया है कि अब स्वयं संरचना हटाने के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। नगर निगम ने कहा कि कार्रवाई झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन में की जा रही है। साथ ही उच्चतम न्यायालय कोर्ट की ओर से सिविल अपील को नागरिकों के राईट टू वॉक को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दिए जाने का भी हवाला दिया गया है। निगम का कहना है कि सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक परिसंपत्तियों पर अवैध विज्ञापन ढांचे नागरिकों के सुरक्षित आवागमन में बाधा डालते हैं। निगम ने संबंधित एजेंसियों से कार्रवाई शुरू होने से पहले नियम विरुद्ध संरचनाएं स्वयं हटाने की अपील की है। कार्रवाई और जब्ती से होने वाले खर्च की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी या विज्ञापनदाता की होगी।

### अड़की में निकली स्वर्वेद पदयात्रा, जयकारों से गूंजा क्षेत्र

खूंटी। ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में बुधवार को अड़की प्रखंड के नोड़ी क्षेत्र में ह्यस्वर्वेद पदयात्राह्न का आयोजन किया गया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्वेत ध्वज, ध्वनि यंत्र और आध्यात्मिक ग्रंथ ह्यस्वर्वेदह्न को माथे पर धारण कर श्रद्धालुओं ने करीब 10 किलोमीटर की पदयात्रा की। पदयात्रा के दौरान ह्यस्वर्वेद महामंदिर धाम की जयह्न, ह्यश्वेत ध्वज की जयह्न, ह्यअनंत श्री सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज के जयकारों से पूरा नोड़ी क्षेत्र गूंजता रहा। पदयात्रा के समापन के बाद नोड़ी गांव के मंदिर परिसर में बृहद सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें प्रधान संयोजक जितेंद्र कश्यप ने ह्यमैं कौन हूं, मैं कहां से आया हूं, मनुष्य जीवन का दायित्व क्या है और मनुष्य का असली घर कहां हैह्न विषय पर विस्तार से प्रवचन दिया। उन्होंने आध्यात्मिक चिंतन और मानव जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मौके पर नोड़ी गांव के विश्वनाथ प्रमाणिक, बिरशु सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय राँची ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत किया कार्यक्रम

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**रांची।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने एस.एस. डोरंडा हाई स्कूल राँची में मेधावी तथा जरूरतमंद पृष्टभूमि की छात्राओं के शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य तथा बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (उरफ) के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, श्री लाल सिंह, भुवनेश्वर अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री शरत कुमार पाणिग्राही, राँची क्षेत्र के उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख श्री नीलमणि, राँची क्षेत्र के सहायक महाप्रबंधक एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री स्वप्निल श्रीवास्तव सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में कुल दस चयनित सरकारी विद्यालयों में विद्याथीर्यों के लिए वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरीफायर उपलब्ध कराया गया तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग एवं पाठ्य सामाग्री का भी वितरण किया गया । बैंक ऑफ बड़ौदा के इस सहयोग से विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में काफी मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक निदेशक, श्री लाल सिंह ने विद्यार्थियों को बचत की आदत, बैंक खाते के महत्व, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन तथा साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होने बैंक द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बैंक द्वारा किए जा रहें प्रयासों का उल्लेख किया तथा विद्याथीर्यों को वित्तीय रूप से जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होने छात्राओं को आश्वस्त किया कि बैंक उन्हे आगे भी पढ़ाई में विभिन्न माध्यमों से सहयोग करता रहेगा।

## बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में सांस्कृतिक सह रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



सिल्लीः बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली के प्रांगण में बुधवार के दिन शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा संस्कृतिक सह रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ मधुसूदन मिश्रा के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव के द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया ।विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में गुरु वंदना,स्वागत गीत और ऊजार्वान नृत्य पेश किये। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया एवं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कई मनमोहक और सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये,जिससे पूरा विद्यालय परिवार अभिभूत हुआ। विद्यार्थियों ने शिक्षक के प्रति प्रेरणादायक कला समर्पित करते हुए दिखाया कि शिक्षक हर कठिन मार्ग पर उनका मार्गदर्शन करते हैं ।शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का तालियां से उत्साहवर्धन किया एवं खूब सराहना की ।वहीं विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण करते हैं और सुंदर जीवन जीने के लिए प्रेरणा का भाव विद्यार्थियों के बीच जागृत करते हैं ।कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के लिए भोज का आयोजन कर किया गया। इस अवसर पर शिक्षक नकुल बड़ाईक, जितेंद्र महतो, विपुल रॉय, , गोविंदर एवं शिक्षिकाएं प्रिया दुबे, प्रतिमा, सुषमा सिंह, वर्षा एवं स्मिता कुमारी इत्यादि शामिल रहे।

## बाल विवाह निषेध दिवस की वैश्विक घोषणा का JGVT व JRC ने किया जोरदार स्वागत




2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया संकल्प

महुदा। झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की मासिक बैठक बुधवार को ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय ममता कुंज, कंचनपुर में संस्थापक शंकर रवानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 27 नवम्बर को विश्व बाल विवाह निषेध दिवस के रूप में मनाने की घोषणा का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि भारत द्वारा शुरू किए गए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का प्रभाव आज पूरी दुनिया में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ भारत में चलाए जा रहे जनअभियान को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलना देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा, ह्लअब हम सभी का एक ही लक्ष्य है– 2030 तक अपने जिले, राज्य और पूरे भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना। इसके लिए गांव-गांव तक जागरूकता अभियान को और मजबूत किया जाएगा तथा बच्चों, किशोरियों, अभिभावकों और समुदाय को बाल विवाह के खिलाफ एकजुट किया जाएगा।ह्व बैठक में बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों की सुरक्षा, जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने तथा ग्राम स्तर पर समुदाय की भागीदारी बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, जिला समन्वयक सीता कुमारी, नाइमुद्दीन अंसारी, ममता रवानी, दीपा रवानी, पूजा महतो, पूजा कुमारी, आशा महतो, गुलनाज बानो, बेबी प्रियंका, लक्ष्मी देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सचिव ने रिम्स में कैंटिन सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का लिया जायजा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

रांची। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को रिम्स की वित्त एवं लेखा समिति की बैठक हुई। इसके साथ ही उन्होंने कैंटिन और रिम्स की अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैठक करते हुए रिम्स में आधुनिक कैंटीन विकसित करने के लिए विस्तृत एस्टीमेट तैयार करने, पैरामेडिकल छात्रों के हॉस्टल और पूरे परिसर की बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया। एम्स, नई दिल्ली की तर्ज पर छात्रों को स्टाइपेंड देने के पूर्व निर्णय के अनुपालन और नीट-यूजी कोचिंग शुरू होने पर भी संतोष जताया गया। इस दौरान रेडियोथेरेपी की समीक्षा में बताया गया कि प्रतिदिन करीब 40 मरीजों को उपचार मिल रहा है। अपर मुख्य सचिव ने टेक्नीशियनों की संख्या बढ़ाने को कहा, ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। उन्होंने चिकित्सा उपकरणों की खरीद में गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन करने और जेम की दरों से तुलना के बाद खरीद करने का निर्देश दिया। साथ ही आवश्यक और अनुपयोगी मशीनों की मैपिंग कर नई खरीद एवं पुरानी मशीनों के नियमानुसार निस्तारण की बात कही। बैठक में पांच पदों पर भर्ती, बर्न वार्ड के उपकरण, रोबोटिक सर्जरी, फायर सिस्टम के रखरखाव सहित सात प्रस्तावों पर खास चर्चा हुई। बैठक के बाद उन्होंने निमार्णाधीन भवन, ड्रेनेज, बेसमेंट और वार्डो का निरीक्षण किया। मरीजों से सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ भोजन की गुणवत्ता जांची और स्वच्छता, रखरखाव व वितरण व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। बैठक में रिम्स निदेशक डॉ डीके सिंह, अपर निदेशक बाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत समिति के सदस्य और संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## एक्सिस बैंक ने पूरे देश में स्पर्श वीक 2026: ' एक्ट विद स्पीड' लॉन्च किया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**रांची।** भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने आज ह्यस्पर्श वीक 2026ह्न की शुरूआत की घोषणा की। यह बैंक की प्रमुख ग्राहक-केंद्रित पहल है, जिसके तहत देशभर में ग्राहकों, कर्मचारियों और बैंक के नेतृत्व को एक साथ जोड़ा जाता है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत करना, उनकी जरूरतों और अपेक्षाओं को बेहतर ढंग से समझना और उन पर सार्थक कार्रवाई करना है। 7 से 11 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस वर्ष के ह्यस्पर्श वीकह्न की थीम ह्यएक्ट विद स्पीड' है। यह थीम ग्राहकों की बात सुनने और उनसे मिले सुझावों व जानकारियों को तेज कार्रवाई तथा बेहतर ग्राहक अनुभव में बदलने की बैंक की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। चौथे वर्ष में प्रवेश कर चुका ह्यस्पर्श वीकह्न अब एक्सिस बैंक के सबसे बड़े ग्राहक सहभागिता और कर्मचारी भागीदारी मंचों में से एक बन गया है। अगले पांच दिनों के दौरान एक्सिस बैंक के नेटवर्क का लक्ष्य विभिन्न ग्राहक संपर्क माध्यमों, ग्राहक वर्गों, भौगोलिक क्षेत्रों और जीवन के अलग-अलग चरणों से जुड़े 2.5 लाख से अधिक ग्राहकों के साथ बातचीत करना है। इस वर्ष की एक प्रमुख विशेषता बैंक के वरिष्ठ लीडरशिप की व्यापक भागीदारी होगी। कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से कोहिमा तक 90 से अधिक लीडर विभिन्न ग्राहक संपर्क केंद्रों पर ग्राहकों और कर्मचारियों से मुलाकात करेंगे। इनमें शाखाएं, टहइ३२, लोन सेंटर, एक्सिस फोन लोकेशन, लोन सेंटर और कार्यालय शामिल हैं। इससे ग्राहकों के साथ जुड़ाव और फ्रंटलाइन कर्मचारियों की भागीदारी को और मजबूत किया जाएगा। पहल की शुरूआत पर एक्सिस बैंक के एमडी एवं सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा, ह्लएक्सिस बैंक में स्पर्श सिर्फ ग्राहकों से जुड़ने का कार्यक्रम नहीं है। यह पूरे संगठन में ग्राहक-केंद्रित सोच को संस्थागत रूप देने का हमारा तरीका है। पिछले कुछ वर्षों में स्पर्श ग्राहक की राय और संगठन की कार्रवाई के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु बन गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर हम अपनी सेवाओं और प्रक्रियाओं को बेहतर बनाएं, कर्मचारियों को अधिक अधिकार और जिम्मेदारी दें तथा ग्राहक अनुभव में सुधार करें। इस वर्ष की थीम ह्यएक्ट विद स्पीड' हमारे इस विश्वास को दशार्ती है कि ग्राहकों की बात सुनना तभी सार्थक है, जब उसके बाद कार्रवाई भी हो। इस सप्ताह के दौरान हमारी टीमें देशभर में ग्राहकों से जुड़ेंगी, जिसका सरल उद्देश्य है–हर ग्राहक को यह महसूस हो कि उसकी बात सुनी जा रही है, हर कर्मचारी को काम करने का अधिकार और भरोसा मिले तथा ग्राहकों से मिली हर महत्वपूर्ण जानकारी हमें उन्हें बेहतर सेवा देने में मदद करे।ह्व ग्राहकों की प्रतिक्रिया को तेज कार्रवाई में बदलने के अपने फोकस को आगे बढ़ाते हुए, एक्सिस बैंक ह्यस्पर्श वीक 2026ह्न के दौरान पात्र ग्राहकों के लिए ऑटो और टू-व्हीलर फाइनेंस की प्रक्रिया को और सरल बनाएगा। पूरी तरह डिजिटल और शुरू से अंत तक कागजरहित इस प्रक्रिया के जरिए आवेदन से लेकर लोन राशि के वितरण तक की प्रक्रिया केवल 30 मिनट में पूरी की जा सकेगी। यह प्रक्रिया ऑटोमेटेड निर्णय प्रणाली, सीधे और बिना रुकावट के प्रोसेसिंग, डिजिटल दस्तावेज और डीलरों के साथ निर्बाध एकीकरण से संचालित होगी। यह सुविधा बैंक के मौजूदा ग्राहकों के साथ-साथ नए ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध होगी। यह पहल दिखाती है कि ग्राहकों की प्रतिक्रिया किस तरह सार्थक नए बदलावों को जन्म दे सकती है। इससे प्रक्रिया में आने वाली अनावश्यक बाधाएं कम होंगी, वित्तीय सुविधा तक पहुंच तेज होगी और ग्राहकों को आसान व निर्बाध फाइनेंसिंग अनुभव मिलेगा।

**ग्राहकों के लिए विशेष अनुभव और संवादः**

ह्यस्पर्श वीक 2026ह्न के तहत अलग-अलग ग्राहक वर्गों के लिए कई ग्राहक संवाद मंच, उनकी बात सुनने के सेशन और सामुदायिक पहुंच कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 71 छात्रों को गोल्ड मेडल, 6923 को मिली उपाधि

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय का 39वां दीक्षांत समारोह बुधवार को मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में आयोजित हुआ। समारोह में 71 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 6,923 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की गईं। कुलाधिपति एवं राज्यपाल संतोष गंगवार, कुलपति प्रो. सरोज शर्मा तथा विभिन्न संकायाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को पदक और उपाधियां प्रदान कीं।

समारोह की शुरूआत परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान और कुलगीत की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद राज्यपाल संतोष गंगवार, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, कुलपति प्रो. सरोज शर्मा और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कुलपति ने कुलाधिपति और रक्षा राज्यमंत्री को स्मृतिचिह्न एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने विश्वविद्यालय की दीक्षांत स्मारिका का विमोचन भी किया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (एनआईईपीए) की कुलपति डॉ. शशिकला वंजारी और आईआईएम कोलकाता के निदेशक प्रो. आलोक राय को मानद उपाधि प्रदान की गई। दोनों ने रांची विश्वविद्यालय के प्रति आभार जताते हुए उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में रांची विश्वविद्यालय के प्रथम पीएचडी धारक प्रो. नवल किशोर अंबष्ठ भी उपस्थित रहे।

### क्षमता का उपयोग देश और समाज के हित में करें : कुलाधिपति

कुलाधिपति संतोष गंगवार ने विद्यार्थियों, कुलपति और विश्वविद्यालय परिवार को उपलब्धियों के लिए बधाई दी और कहा कि रांची विश्वविद्यालय ने झारखंड के सामाजिक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत का अर्थ पढ़ाई समाप्त होना नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय से अर्जित ज्ञान का उपयोग देश और समाज के विकास में करने की जिम्मेदारी शुरू होना है।

कुलाधिपति ने विद्यार्थियों से अपनी क्षमता का उपयोग सही उद्देश्यों के लिए करने और अवसर तलाशने के बजाय अवसर पैदा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शोध, आचरण और समाजहित में किए जाने वाले कार्यों से उनकी पहचान बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि रांची विश्वविद्यालय 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### देश और वैश्विक अपेक्षाओं पर खरा उतरें युवा : कुलपति

कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय की 66 वर्ष की उपलब्धिपूर्ण यात्रा गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के तीन महाविद्यालयों को यूजीसी ने ह्यकॉलेज विद पोटेंशियल फॉर एक्सीलेंसह्ण (सीपीई) का दर्जा दिया है। विश्वविद्यालय में एमएससी स्टैटिस्टिक्स, एमएससी डाटा साइंस और एमए एजुकेशन जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।

कुलपति ने कहा कि 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं और भारतीय ज्ञान परंपरा को भी शिक्षा व्यवस्था में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय में स्थापित वेलनेस सेंटर विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय से निकलने वाले युवा देश के साथ वैश्विक अपेक्षाओं पर भी खरे उतरेंगे।

### स्टेट लाइब्रेरी विश्वविद्यालय को सौंपने का आग्रह

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इस अवसर पर विद्यार्थियों से विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को भविष्य गढ़ने और राष्ट्र को आगे ले जाने की जिम्मेदारी निभानी है।

रक्षा राज्यमंत्री ने कुलाधिपति से आग्रह किया कि करीब 38 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित स्टेट लाइब्रेरी का संचालन रांची विश्वविद्यालय को सौंपा जाए। उन्होंने कहा कि शहर के महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप का आधुनिकीकरण भी किया जाएगा, ताकि भविष्य में बड़ी संख्या में आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

समारोह के अंत में परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग के विद्यार्थियों ने ह्यमैं हूं रांची विश्वविद्यालयह्ण नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश कुमार साहू, सीसीडीसी, एफओ, एफए, सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समारोह का संचालन डॉ. स्मृति सिंह ने किया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो खांची के यूट्यूब चैनल पर भी किया गया।


## कार्यालय :-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

**-:स्वास्थ्य जीवन, डिजिटल पहचान, आभा आईडी है देश की शान :-**

आभा नम्बर 14 अंकों की एक यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी है। इसके जरिए मरीज अपनी पुरानी मेडिकल रिपोर्ट्स, डॉक्टर के पर्चे और लेब टेस्ट के रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रख सकते हैं जिससे किसी भी अस्पताल में इलाज के दौरान कागजी दस्तावेज साथ ले जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

आभा कार्ड बनाने की विधि :-

| क्र0 | Web Portal द्वारा आभा कार्ड बनाने कि विधि | ABHA APP द्वारा आभा कार्ड बनाने की विधि |
|---|---|---|
| 1 | https://abha.abdm.gov.in/ पर जाएँ। | प्लेस्टोर से ABHA Application Install करें। |
| 2 | ABHA बनाएँ और टैप करें। | ABHA Application खोले। |
| 3 | आधार का उपयोग करके अपना ABHA नं0 बनाएँ। | Register पर क्लिक करें। |
| 4 | टेक्स्ट बोक्स में लाभार्थी का आधार नं0 दर्ज करें। | Create Now पर क्लिक करें। |
| 5 | मैं सहमत हूँ चेक बोक्स पर टिक करें। | अपना आधार नं0 डालें और Next पर क्लिक करें। |
| 6 | Captcha दर्ज करें और Next पर क्लिक करें। | OTP वाले विकल्प को चुनें और Next पर क्लिक करें। |
| 7 | OTP दर्ज करें। | OTP और मोबाईल नं0 दर्ज करें और Validate पर क्लिक करें। |
| 8 | मोबाईल नं0 दर्ज करें (बेहतर होगा कि आप अपने आधार से जुड़े मोबाईल नं0 का उपयोग करें। यदि आप किसी अन्य मोबाईल नं0 का उपयोग करते हैं तो उसे दोबारा सत्यापित करना होगा और ABHA से संबंधित सभी संचार के लिए उसी का उपयोग किया जायेगा।) | एक ABHA Address चुनें और Submit पर क्लिक करें। |
| 9 | अपने मोबाईल पर अपना ABHA कार्ड डाउनलोड करें। | अपने मोबाईल पर अपना ABHA कार्ड डाउनलोड करें। |

PR 389365 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D

असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,खूँटी


# एसआईआर नोटिस के निवारण में तेजी, किसी मतदाता का नाम नहीं छूटेगा : सहायक निर्वाचन अधिकारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** बरगाई अंचल में 65-कांके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 444 से 472 तक एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) नोटिस प्रक्रिया के निवारण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सहायक निर्वाचक निबंध पदाधिकारी रीमा रेजिना लकड़ा के नेतृत्व में संबंधित मतदाताओं के आवेदनों और दस्तावेजों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। कार्यों के निपटारे के लिए बुधवार को बड़ी संख्या में मतदाता पहुंचे। इससे कार्यालय परिसर में काफी भीड़ रही। इसके बावजूद अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा व्यवस्थित तरीके से मतदाताओं के आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर प्रक्रिया का निष्पादन किया गया। सहायक निर्वाचक निबंध पदाधिकारी रीमा रेजिना लकड़ा ने मतदाताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नहीं छूटेगा। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को एसआईआर नोटिस प्राप्त हुआ है, वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना फॉर्म भरकर आवश्यक एवं वैध दस्तावेज संलग्न करते हुए कार्यालय में जमा करें। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे किसी प्रकार की अफवाह या भ्रम में न पड़ें और घबराएं नहीं। यदि किसी मतदाता को आवेदन भरने, दस्तावेज जमा करने अथवा प्रक्रिया से संबंधित कोई परेशानी हो तो वे सीधे उनसे संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। प्रशासन की ओर से सभी योग्य मतदाताओं के दावों का नियमानुसार निवारण सुनिश्चित किया जा रहा है एस आई आर नोटिस निवारण कार्य में राज कमल सिंह, ताजुद्दीन अंसारी, रुपल भुट कुमार, सदाफ अहमद आदि सहायकों की भूमिका सराहनीय रहा।

## एसजीवीएस अस्पताल में 65 जरूरतमंद मरीजों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन




**खूंटी।** खूंटी के एसजीवीएस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में 25 अगस्त से आयोजित नेत्र दान पखवाड़े का बुधवार को समापन हुआ। इस दौरान गरीब, जरूरतमंद और ग्रामीण क्षेत्रों के 65 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। रांची के नेत्र सर्जन डॉ. दीपक और एसजीवीएस के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सामुएल ने मरीजों की सर्जरी की। ऑपरेशन के बाद मरीजों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के साथ चिकित्सकीय परामर्श और नियमित फॉलोअप से संबंधित जानकारी दी गई। समापन समारोह में विश्व जागृति मिशन के सहयोग से मरीजों के बीच साड़ी और धोती का वितरण किया गया। वस्त्र मिलने पर मरीजों और उनके परिजनों में खुशी देखी गई। संस्था के चेयरमैन और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि आंखों की रोशनी बेहतर जीवन जीने का आधार है। आर्थिक अभाव के कारण किसी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति को बेहतर नेत्र चिकित्सा से वंचित नहीं होना चाहिए। एसजीवीएस का उद्देश्य केवल इलाज उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में रोशनी और आत्मविश्वास लौटाना भी है। उन्होंने बताया कि एलआईसी गोल्डन जुबिली फाउंडेशन के सहयोग से अस्पताल में आधुनिक फाको सर्जरी मशीन, माइक्रोस्कोप और फंडस कैमरा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे गरीब मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी में बेहतर सुविधा मिलेगी। वहीं, अन्य मरीजों को भी किफायती दर पर आधुनिक मोतियाबिंद सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। संस्था की ओर से बताया गया कि जरूरतमंद लोगों के लिए भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्यक्रम लगातार जारी रखे जाएंगे।


## जिला ग्रामीण विकास शाखा, रामगढ़

-: आवश्यक सूचना :-

सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार राँची, के पत्रांक-10-PMAY-G(2.0)-02/2025/2344,/ग्रा०वि०, राँची, दिनांक-29.07.2026 एवं पत्रांक-10-PMAY-G(2.0)-02/2025/2681,/ग्रा०वि०, राँची, दिनांक-19.08.2026 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के आधार पर ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित स्थायी प्रतीक्षा सूची (PWL) का अंतिम अनुमोदन जिला स्तर पर गठित अपीलीय समिति द्वारा किया जाना अपेक्षित है। जिला स्तरीय अपीलीय समिति द्वारा ग्राम सभा द्वारा तैयार स्थायी प्रतीक्षा सूची के अनुमोदन पूर्व ग्राम सभा द्वारा स्वीकृत एवं अस्वीकृत परिवारों की सूची को सार्वजनिक करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के Framework for Implementation के अनुसार आपत्तियाँ/अपीलें प्राप्त करने का निदेश प्राप्त है।

अत: उक्त के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस 2.0 के तहत ग्राम सभा द्वारा तैयार की गयी स्थायी प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन प्रखण्ड एवं पंचायत भवनों में किया गया है। उक्त प्रकाशित सूची के लाभार्थियों द्वारा दिनांक-09.09.2026 से 27.09.2026 तक कार्यालय अवधि में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अथवा उप विकास आयुक्त, जि०ग्रा०वि० शाखा, रामगढ़ के कार्यालय में लिखित रूप से आपत्तियाँ/अपीलें दर्ज कराया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों/अपीलों पर अपीलीय समिति के द्वारा स्वीकार नही किया जाएगा।

ह०/-
उप विकास आयुक्त,
रामगढ़।

PR 389330 District(26-27)D


# अशोकनगर में पूर्व नौकरशाह की कथित करोड़ों की संपत्ति पर मरांडी ने उठाए सवाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के अशोकनगर में एक पूर्व नौकरशाह की कथित करोड़ों रुपये की संपत्ति को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले की जांच कराने और संपत्ति की खरीद में धन के स्रोत का पता लगाने की मांग की है। मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि चर्चा है कि अपनी कथित गतिविधियों को लेकर विवादों में रहे एक पूर्व नौकरशाह ने अशोकनगर में करीब साढ़े सात करोड़ रुपये के भूखंड और मकान का सौदा किया है। उन्होंने कहा कि संबंधित पूर्व अधिकारी के पास रांची में पहले से भी बड़े मकान और जमीन होने की चर्चा रही है। ऐसे में नई संपत्ति खरीदने के बाद उनकी आय और संपत्ति के स्रोत की जांच होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जांच में यह भी देखा जाना चाहिए कि कथित संपत्ति सौदे में लगी रकम का जेएसएससी नियुक्ति घोटाले की जांच या उससे जुड़े किसी कथित लेन-देन से कोई संबंध तो नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि इतनी बड़ी संपत्ति खरीदने के लिए धन कहां से आया और इसका आय का स्रोत क्या है। मरांडी ने कहा कि यदि संपत्ति वैध आय से खरीदी गई है तो उसका हिसाब देने में किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व के विवादों के बावजूद संबंधित अधिकारी को सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी दी गई।


## कार्यालय, कार्यपालक अभियन्ता,एन.आर.ई.पी, खूँटी

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०-12/2026-27, दिनांक- 09/09/2026**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी
2. परिमाण विपत्र बिक्रि का स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०, खूँटी
3. परिमाण बिक्रि की तिथि : 18.09.2026 अपराहन 1:00 बजे तक
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : 19.09.2026 अपराहन 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०, खूँटी
6. निविदा खोलने की तिथि : 21.09.2026 अपराहन 4:00 बजे तक
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०, खूँटी
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र० स० | प्रखण्ड | योजना का नाम | इकाई | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी | खूँटी प्रखण्ड अन्तर्गत अल्पसंख्या कियोस्क निर्माण | 03 | 29,53,800.00 | 60000.00 | 5000.00 | 90 दिन | कार्य के अनुरूप |
| 2 | रनियाँ | रनियाँ प्रखण्ड अन्तर्गत अल्पसंख्या कियोस्क निर्माण | 03 | | | | | |
| 3 | अड़की | अड़की प्रखण्ड अन्तर्गत अल्पसंख्या कियोस्क निर्माण | 03 | | | | | |
| 4 | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत अल्पसंख्या कियोस्क निर्माण | 03 | | | | | |

नोटः- 1. निविदा से सबंधित अन्यशर्तें कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में भवन निर्माण एवं ग्रामिण विकास विभाग, झारखण्ड अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगें।
3. Tender Fee एवं अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
4. निविदा प्रकासन के बाद का ही 2 प्रतिशत FD एवं Tender Fee अद्योहस्ताक्षरी के नाम से प्रतिज्ञित मान्य होगा।
5. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिक सं० प०नि०वि०/विविध 06-33/2007 (अंश-1) 2146 (5) दिनांक-09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।
6. विपत्र की राशि से - (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
7. Similar Nature of Work को प्रथामिकता दिया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता,
एन०आर०ई०पी०,खूँटी।

PR 389357 (NREP) 26-27 (D)


# श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में 10 सितंबर को उमंग और भक्तिभाव से मनेगा श्रीकृष्ण छठी महोत्सव

**रांची।** परमहंस संत डॉ. सदानंद महाराज जी के पावन सानिध्य में एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग स्थित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव 10 सितंबर, दिन गुरुवार को हर्षोल्लास, उमंग एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही है। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि छठी महोत्सव के अवसर पर श्री राधा-कृष्ण का जड़ित एवं आकर्षक आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण को सुंदर झूले में विराजमान कर झूलन उत्सव भी मनाया जाएगा। श्रद्धालु भक्ति एवं श्रद्धा के साथ भगवान के मनोहारी स्वरूप के दर्शन करेंगे।महोत्सव के क्रम में भगवान श्री राधा-कृष्ण को विभिन्न प्रकार के दिव्य एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। इसमें विशेष रूप से केसरिया खीर, पेड़ा, माखन-मिश्री, पंजीरी, फल एवं नारियल शामिल रहेंगे। मंदिर के पुजारी द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान को भोग अर्पित किया जाएगा।इसके पश्चात भगवान की विशेष आरती की जाएगी। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में भाव-विभोर होकर भजन एवं संकीर्तन करेंगे। पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण में सजाया जाएगा।ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि श्रीकृष्ण छठी महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि भक्ति, प्रेम, सेवा और सामूहिक आनंद का पर्व है। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का स्मरण करते हुए यह उत्सव श्रद्धालुओं को वात्सल्य, प्रेम, समर्पण एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।महोत्सव के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से रांची एवं आसपास के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होकर भगवान श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई है।

# महेंद्र सिंह धोनी के फार्म हाउस में निकला कोबरा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** क्रिकेट के मैदान पर अपनी कप्तानी और शांत स्वभाव के लिए मशहूर महेंद्र सिंह धोनी का रांची स्थित फार्म हाउस एक अलग वजह से चर्चा में आ गया. रातू के दलादिली स्थित फार्म हाउस परिसर में अचानक एक कोबरा सांप दिखाई दिया. सांप को देखते ही वहां मौजूद कर्मचारियों के बीच हलचल बढ़ गई. आनन-फानन में स्नेक रेस्क्यू एक्सपर्ट नारायण प्रमाणिक को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम फार्म हाउस पहुंची. पहले सांप की लोकेशन का जायजा लिया गया और फिर काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया. रेस्क्यू एक्सपर्ट के अनुसार, पकड़े गए कोबरा की उम्र लगभग 18 साल है. रेस्क्यू के दौरान उसके शरीर पर मामूली चोट आई. सांप को पकड़ने के बाद उसकी प्राथमिक देखभाल की गई. इसके बाद उसे फार्म हाउस से दूर सुरक्षित जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया.

### स्नेक रेस्क्यू एक्सपर्ट ने लोगों से की अपील

सांप के फार्म हाउस में मिलने की खबर आसपास के लोगों तक पहुंची तो मौके पर भीड़ जमा हो गई. राहत की बात रही कि सांप को समय रहते सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई. घटना के वक्त धोनी के परिवार का कोई सदस्य फार्म हाउस में मौजूद नहीं था। स्नेक रेस्क्यू एक्सपर्ट नारायण प्रमाणिक ने बताया कि उन्हें फोन आया था कि महेंद्र सिंह धोनी के फार्म हाउस में कोबरा सांप घुस आया है. सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे. उन्होंने कहा कि सांप को रेस्क्यू करने में काफी परेशानी हुई, लेकिन सावधानी के साथ उसे पकड़ लिया गया और बाद में जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। नारायण प्रमाणिक ने लोगों से अपील की है कि रिहायशी इलाके या घर के आसपास सांप दिखाई देने पर उसे मारने की कोशिश न करें. घबराने के बजाय तुरंत प्रशिक्षित रेस्क्यू एक्सपर्ट को सूचना दें. इससे सांप को भी बचाया जा सकता है।


## राँची समाहरणालय राँची।
## (कल्याण शाखा)

दूरभाष नं० :0651-2213348, Email-id : dwo-ranchi@jharkhandmail.gov.in

### विज्ञापन

झारखण्ड सरकार, कल्याण विभाग के संकल्प संख्या 2151 दिनांक 15.07.2015 एवं संकल्प संख्या 3387 दिनांक 02.09.2026 के आलोक में राँची जिलान्तर्गत संचालित कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों में प्रति घंटी 400/-(चार सौ) रूपये की दर से प्रति कार्य दिवस अधिकतम चार घंटी एवं प्रति सप्ताह 5 कार्य दिवस अध्यापन कार्य करने हेतु Service Procurement के आधार पर शिक्षकों का चयन किया जाना है। इसके लिए योग्यताधारी अभ्यर्थियों से निम्न शर्तो के साथ टंकित आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में दिनांक-30.09.2026 के अपराह्न 4.00 बजे तक समाहरणालय, राँची के ब्लॉक -A कमरा सं0-112, जिला कल्याण कार्यालय, राँची पिन 834001 में सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किये जाते है। अभ्यर्थियों के चयन हेतु आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

शर्ते एवं पात्रता :-

1 अंशकालीन सेवा प्राप्ति हेतु 6 माह के लिए बिल्कुल अस्थायी तौर पर शिक्षकों का चयन किया जायगा। विभाग द्वारा उक्त छः माह की अवधि में शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाने की स्थिति में चयनित शिक्षकों से पुनः छः माह तक कार्य लिया जा सकेगा, किन्तु किसी भी स्थिति में यह व्यवस्था एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए नहीं होगी ।
2 चयन समिति द्वारा चयन के दौरान प्रखण्ड में अवस्थित आवासीय विद्यालयों के लिए प्रखण्ड स्तर के योग्य अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायगी। प्रखण्ड स्तर पर योग्य अभ्यर्थी की अनुपलब्धता की स्थिति में जिला स्तर पर उपलब्ध योग्य अभ्यर्थी से इसका चयन कर भरा जायगा ।
3 आवेदक/आवेदिका को संबंधित विषय से PG/Graduate B.Ed. एवं शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त डिग्रीधारक होना आवश्यक है, जिनसे प्राप्त आवेदन को मेधाक्रम के अनुसार सूचीवद्ध किया जायगा। शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायगी । तदोपरान्त जिला स्तरीय कमिटी द्वारा योग्य अभ्यर्थी को अस्थायी रूप से शिक्षण कार्य हेतु चयन किया जायगा ।
4 अभ्यर्थी का गृह जिला राँची होना आवश्यक है।
5 अंशकालीन सेवा हेतु किसी भी तरह का अतिरिक्त भत्ता अलग से अनुमान्य नहीं होगा, चयनित शिक्षक किसी अवकाश के हकदार नहीं होंगे, शिक्षकों का पद स्थानान्तरणीय नहीं है, शिक्षकों को विद्यालय में आवासन की सुविधा नहीं दी जायगी, शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति के आधार पर किये गये अध्यापन कार्य के आधार पर वृतिका का भुगतान किया जायगा ।
6 शिक्षकों से कार्य एकरारनामा के आधार पर लिया जायगा, जिसमें उसी प्रखण्ड/जिला के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/महिला शिक्षकों तथा स्थानीय भाषा के जानकार को प्राथमिकता दी जायगी । चयन में सरकार के आरक्षण का प्रावधान का अनुपालन किया जायगा।
7 एकरारनामें की शर्तो के विचलन की स्थिति में या असंतोषप्रद कार्य की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के चयनित शिक्षकों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकती है। यह व्यवस्था पूर्णतः वैकल्पिक एवं अस्थायी है, इसपर भविष्य में किसी भी स्थायीकरण अथवा अन्य प्रकार का कानूनी दावा स्वीकार्य नहीं होगा ।
8 योग्य अभ्यर्थियों की सेवा लिये जाने हेतु आवश्यकतानुसार विषय के आधार पर चयन किया जायगा।
9 आवेदन विहित प्रपत्र में ही स्वीकार किये जायेंगे एवं आवेदन पूर्ण रूप से भरा होना चाहिए । अपूर्ण आवेदन तथा निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायगा।
10 नियोजन हेतु जाति प्रमाण-पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त स्तर से निर्गत होना आवश्यक है। शैक्षणिक कार्य हेतु निर्गत प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।
11 आवेदन के साथ प्रमाण पत्र यथा जाति, आवासीय, शैक्षणिक , तकनीकी योग्यता एवं कार्यानुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति स्वअभिप्रमाणित करते हुए संलग्न करना आवश्यक होगा ।
12 शिक्षकों का चयन हेतु रिक्ति की संख्या घट-बढ़ सकती है। ।

विद्यालयवार एवं विषयवार रिक्तियां निम्नवत है :-

| क्र. | आवासीय विद्यालय का नाम | पद का नाम | विषय | रिक्ति संख्या | कोटिवार रिक्ति | न्यूनतम योग्यता | परिलब्धि/ वृतिका |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, कमड़े। | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक | विज्ञान | 1 | अनारक्षित -05 अनु०ज०जा०-02 अनु०जा०-01 अ0पि०जा०-01 | संबंधित विषय में स्नातकोत्तर/ स्नातक बी0एड0 एवं शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त डिग्रीधारक । | 400/- रू0 प्रति घंटी । अधिकतम 4 घंटी प्रतिदिन। एक सप्ताह में अधिकतम 5 कार्य दिवस होगा । |
| 2 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय, बुण्डू । | | गणित | 1 | | | |
| 3 | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, तमाड़। | | विज्ञान | 1 | | | |
| 4 | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, बारीडीह । | | विज्ञान | 1 | | | |
| 5 | अनुसूचित जनजाति आवासीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अमनबुरू, बुण्डू | | गणित | 1 | | | |
| 6 | अनुसूचित जनजाति आवासीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ओरमांझी | | गणित | 1 | | | |
| | | | विज्ञान | 1 | | | |
| 7 | पिछड़ी जाति आवासीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, जेल रोड, राँची । | | जीव विज्ञान | 1 | | | |
| | | | गणित | 1 | | | |
| | | कुल :- | | 09 | | | |

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची।

PR 389353 (Welfare) 26-27 (D)

# उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, मानव संसाधन एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर दिया जोर**

उज्जवल दुनियां संवाददाता




**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली गई। बैठक में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवा तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अस्पताल एवं विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने खराब पड़े सोलर सिस्टम को शीघ्र दुरुस्त कराने तथा इसके नियमित संचालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने दायित्वों के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्रतिदिन कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्यों का प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नियमित रूप से सामान्य जांच सेवाएं संचालित करने तथा लैब टेक्नीशियन की आवश्यकता के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सभी एमओआईसी को ओपीडी सेवाओं का नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक टेक्नीशियन, दवाइयों एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। सभी आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय का भुगतान ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को मानव संसाधन का बेहतर प्रबंधन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लैब में होने वाली जांच की प्रतिदिन रिपोर्टिंग प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही चिकित्सकों द्वारा लिखी जाने वाली आवश्यक दवाइयों की सूची शनिवार तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि संबंधित दवाइयों की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने आयुष्मान पदाधिकारी को आयुष्मान मित्र के पद से संबंधित फाइल को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया, ताकि आवश्यक प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा निकाली गई भर्ती प्रक्रिया को दिसंबर माह तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जिले की सभी एएनएम एवं सहियाओं से गुणवत्तापूर्ण कार्य लेने एवं उनके कार्यों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों में कफ सिरप की अवैध बिक्री किए जाने की जानकारी दी। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अस्पताल परिसरों की साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ अस्पताल परिसर मरीजों के बेहतर उपचार, संक्रमण नियंत्रण एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अत्यंत आवश्यक है। बैठक में आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने का निर्देश दिया गया। साथ ही संस्थागत प्रसव के प्रतिशत में वृद्धि लाने के लिए आवश्यक प्रयासों में तेजी लाने को कहा गया। बैठक में उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त रिया सिंह, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नकली सिगरेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, एक लाख से अधिक का माल बरामद

**नकली सिगरेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, एक लाख से अधिक का माल बरामद**

**जैन मंदिर के समीप दुकान में छापेमारी, गोल्ड फ्लैक और फ्लैक के नाम पर बिक्री का आरोप; जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई**

उज्जवल दुनियां संवाददाता




**बरही।** नकली सिगरेट के कारोबार की शिकायतों के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकान में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में संदिग्ध सिगरेट बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत एक लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। कार्रवाई के बाद इलाके में नकली उत्पादों की बिक्री करने वालों में हड़कंप मच गया है।

**जैन मंदिर के समीप दुकान में छापेमारी**

पुलिस के अनुसार, चौपारण थाना क्षेत्र में गोल्ड फ्लैक और फ्लैक कंपनियों के नाम पर कथित तौर पर नकली सिगरेट की बिक्री किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर स्थानीय प्रशासन और संबंधित कंपनी के कर्मियों के समन्वय से जैन मंदिर के समीप स्थित राजू वर्णवाल स्टोर में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दुकान से बड़ी मात्रा में सिगरेट बरामद हुई। बरामद सामान को पुलिस ने जब्त कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक इसकी अनुमानित बाजार कीमत एक लाख रुपये से अधिक है।

**जांच के बाद स्पष्ट होगी सिगरेट की असलियत**

मामले में दुकान संचालक को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को नकली उत्पादों की बिक्री की सूचना मिली थी, जिसके बाद छापेमारी की गई। फिलहाल बरामद सिगरेट की गुणवत्ता, पैकेजिंग और कंपनी के वास्तविक उत्पाद से मिलान समेत अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

## अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य महासभा बरही अनुमंडल की बैठक संपन्न, वार्षिक पूजनोत्सव समारोह 26 सितंबर को

उज्जवल दुनियां संवाददाता



**बरही।** अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य महासभा, शाखा बरही अनुमंडल की बैठक तथास्तु नेक्स्ट में रघुनाथ मधेशिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन रितेश गुप्ता ने किया। बैठक में समाज के आगामी वार्षिक कुलदेवता पूजनोत्सव समारोह को भव्य एवं धूमधाम से आयोजित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में उपस्थित समाज के स्वजाति बंधुओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मधेशिया समाज के कुलदेवता श्री श्री 1008 बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का वार्षिक पूजनोत्सव समारोह 26 सितंबर 2026, शनिवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। समारोह को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन भी किया गया। समारोह के लिए जितेंद्र मधेशिया उर्फ जीतू मधेशिया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं विजय मधेशिया (सिंघरावा) और अनिल मधेशिया (चौपारण) को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। गौरव मधेशिया उर्फ गोलू को सचिव, प्रशांत मधेशिया को कोषाध्यक्ष तथा छोटू मधेशिया को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में समारोह की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का भी चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अमित मधेशिया उर्फ मंटू, गुड्डू गुप्ता, अमरदीप गुप्ता, रवि गुप्ता, मंटू मधेशिया, प्रमोद मधेशिया, सोमनाथ मधेशिया, अनुज मधेशिया, विष्णु मधेशिया, अभिषेक कुमार उर्फ रिंकू, जीत मधेशिया, नितेश मधेशिया, गौतम मधेशिया, धर्मेंद्र मधेशिया, उमेश मधेशिया, निशांत मधेशिया, विपिन मधेशिया और सुमित मधेशिया का चयन किया गया। बैठक में समाज के लोगों ने कहा कि बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज मधेशिया समाज के आराध्य एवं कुलदेवता हैं। उनके वार्षिक पूजनोत्सव के माध्यम से समाज के लोगों को एकजुट होने, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने तथा नई पीढ़ी को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ने का अवसर मिलता है।

## विनोबा भावे के जीवन-दर्शन और भूदान आंदोलन पर विभावि में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**विश्व शांति का अचूक सूत्र है विनोबा का 'भूदान यज्ञ': मुख्य अतिथि प्रो बीपी सिंह**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में राजनीति शास्त्र और दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'विनोबा भावे का जीवन-दर्शन और भूदान आंदोलन' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। यह आयोजन विनोबा जयंती सप्ताह के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ बालेश्वर प्रसाद सिंह ने गुरु-शिष्य परंपरा की बात से अपने संबोधन की शुरूआत की। विनोबा को उन्होंने महात्मा गांधी के नैतिक और आध्यात्मिक उत्तराधिकारी बताया। कहा कि विनोबा भावे ने 'जय हिंद' के नारा को स्वतंत्र भारत में विस्तार देते हुए 'जय जगत' का उद्घोष किया। भूदान आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए प्रो सिंह ने कहा कि ₹भूदान यज्ञ₹ शोषण और पूंजीवाद के विरुद्ध सर्वहारा वर्ग के आधारभूत सशक्तिकरण का आंदोलन था। कहा कि विश्व शांति की संकल्पना तभी संभव होगी जब हम विनोबा भावे के बताए रास्ते पर चलें। बुधवार को आयोजित भाषण प्रतियोगिता में दर्शनशास्त्र, राजनीति शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, फिजियोथेरेपी, योग, अर्थशास्त्र और शिक्षाशास्त्र विभाग के कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक रिसर्च स्कॉलर राजेश कुमार और प्रतीक कुमार रहे। निर्णायक मंडल में डॉ बी पी सिंह के अलावे हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ सुबोध सिंह शिवगीत, अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ ऋचा और शिक्षाशास्त्र विभाग के डॉ मृत्युंजय प्रसाद शामिल थे।

## अब सड़कों पर नहीं सजेगा फुटपाथ बाजार, चिन्हित जगहों पर मिलेगा कारोबार का ठिकाना

**जाम और अतिक्रमण की समस्या के साथ दुकानदारों की रोजी-रोटी बचाने की पहल, छोटे-छोटे वेंडिंग जोन विकसित करने की तैयारी**

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** शहर की सड़कों और फुटपाथों पर दुकान लगाकर परिवार चलाने वाले छोटे कारोबारियों के लिए जिला प्रशासन एक नई व्यवस्था तैयार कर रहा है। प्रशासन की योजना है कि फुटपाथ दुकानदारों को सड़क किनारे से हटाकर उनके लिए चिन्हित स्थानों पर व्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित किए जाएं। इससे एक ओर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु करने में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर वर्षों से फुटपाथ पर कारोबार कर अपना परिवार चलाने वाले छोटे दुकानदारों की आजीविका भी सुरक्षित रखने का प्रयास होगा। इसी योजना को आगे बढ़ाने के लिए उपायुक्त हेमंत सती ने नगर आयुक्त ओमप्रकाश गुप्ता के साथ पुराने समाहरणालय परिसर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परिसर में वेंडिंग जोन के लिए संभावित स्थानों को देखा और वहां उपलब्ध सुविधाओं तथा जगह की उपयोगिता का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से शहर के अलग-अलग हिस्सों में एक बड़े बाजार के बजाय छोटे-छोटे व्यवस्थित बाजार विकसित करने की संभावना पर काम किया जा रहा है।

**अतिक्रमण हटाने से आगे स्थायी समाधान की कोशिश**

शहर में सड़क किनारे लगने वाली फुटपाथ दुकानों के कारण कई प्रमुख स्थानों पर यातायात प्रभावित होने और जाम की स्थिति बनने की शिकायतें सामने आती रही हैं। दूसरी ओर जब अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलता है तो सबसे अधिक असर उन छोटे दुकानदारों पर पड़ता है, जिनकी रोज की कमाई ही उनके परिवार के गुजर-बसर का आधार होती है।ऐसे में प्रशासन की नई पहल का उद्देश्य केवल सड़क खाली कराना नहीं, बल्कि फुटपाथ कारोबारियों के लिए वैकल्पिक और व्यवस्थित जगह उपलब्ध कराना बताया जा रहा है। यदि योजना तय स्वरूप में लागू होती है तो दुकानदारों को बार-बार सड़क से हटाए जाने की समस्या से राहत मिल सकती है और शहर की सड़कों को भी व्यवस्थित रखने में मदद मिलेगी।

**उपायुक्त ने कहा, रोजगार भी बचे और यातायात भी सुधरे**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि फुटकर व्यापारियों के रोजगार को सुरक्षित रखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से छोटे-छोटे वेंडिंग जोन विकसित करने की योजना तैयार की जा रही है। पुराने समाहरणालय परिसर का निरीक्षण भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि योजना को जल्द धरातल पर उतारने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन की सोच यह है कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में जरूरत के मुताबिक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराए जाएं, ताकि लोगों को रोजमर्रा की खरीदारी के लिए सुविधा मिले और सड़क पर अनियोजित तरीके से दुकानें लगाने की स्थिति कम हो।

## अवैध लॉटरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 90 हजार टिकट बरामद

**पिकअप वाहन से ले जाए जा रहे थे टिकट, चालक गिरफ्तार, वाहन जब्त**

उज्जवल दुनियां संवाददाता




**हजारीबाग।** जिले में अवैध लॉटरी के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 90 हजार अवैध लॉटरी पेपर बरामद किए हैं। टाटीझरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें प्लास्टिक के बोरों में बड़ी मात्रा में लॉटरी के टिकट रखे हुए थे। पुलिस ने मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**गुप्त सूचना पर गठित की गई टीम**

पुलिस के अनुसार, 7 सितंबर 2026 की शाम करीब 5:10 बजे सूचना मिली थी कि हजारीबाग से टाटीझरिया होते हुए बगोदर की ओर एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अवैध लॉटरी टिकट ले जाए जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अंचल निरीक्षक सह थाना प्रभारी इन्द्रजीत कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल गठित किया गया।

**17 मील के पास पकड़ा गया वाहन**

पुलिस टीम ने टाटीझरिया के 17 मील के पास वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान हजारीबाग की ओर से सफेद रंग का एक पिकअप वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस के अनुसार, वाहन चालक ने पुलिस को देखकर गाड़ी सड़क पर रोक दी और वहां से भागने का प्रयास किया। सशस्त्र बल के सहयोग से पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया।

**60 कार्टून में मिले 90 हजार पेपर**

तलाशी के दौरान पिकअप वाहन के डाला से प्लास्टिक के बोरों में सील किए गए 30 बंडल बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक प्रत्येक बंडल में दो कार्टून थे। इस तरह कुल 60 कार्टून मिले। प्रत्येक कार्टून में करीब 1500 लॉटरी पेपर पाए गए। पुलिस ने इनकी कुल संख्या 90 हजार बताई है। बरामद पेपर पर अलग-अलग नाम से 21 तरह के लॉटरी टिकट छपे हुए थे।

**मामला दर्ज, आरोपी भेजा गया जेल**

पकड़े गए चालक की पहचान विकास कुमार प्रजापति के रूप में हुई है। इस मामले में टाटीझरिया थाना में कांड संख्या 48/26, दिनांक 8 सितंबर 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं 336(3), 336(4), 338, 340(2), 318(4), 319(2), 112(2), 297(1) तथा लॉटरी विनियमन अधिनियम, 1998 की धारा 7(3) के तहत मामला दर्ज किया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## एक नजर

### बरगडा के सरस्वती शिशु मंदिर में लाखों की चोरी



कटकमसांडी। कटकमसांडी के बरगडा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में मंगलवार की रात चोरों ने सुनसान परिसर का फायदा उठाकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर स्कूल का ताला तोड़कर अंदर घुसे और करीब 3 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के सामान लेकर फरार हो गए। स्कूल के प्राचार्य उमा शंकर पांडेय ने घटना की जानकारी देते हुए थाना में लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन के अनुसार चोर स्कूल के अंदर रखे 10 लैपटॉप और एक बड़ा एलईडी टीवी चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं, चोरों ने स्कूल के बेंच-डेस्क और टेबल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना में मामला दर्ज कर चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अनुसंधान जारी है। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है।

### पदमा में नमो फुटबॉल टूनामेंट का भव्य शुभारम्भ



**पदमा।** सांसद खेल महामहोत्सव के तहत प्रखंड के सरैया खेल मैदान में नमो फुटबॉल टूनामेंट का भव्य शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने विधिवत मशाल प्रज्वलित कर और फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों ने एक सुर में स्वयं नशा न करने और समाज को इसके प्रति जागरूक करने का सामूहिक संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल जी द्वारा आयोजित यह टूनामेंट युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन से जोड़ने का बेहतरीन प्रयास है। यह आयोजन युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेल के मैदान से जुड़कर अपनी प्रतिभा को निखारें और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं।

### हर ख्वाहिश पूरी हो जाए, तो फिर ख्वाब किसलिए?



हजारीबाग। हजारीबाग के सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि जीवन को समझने की सबसे बड़ी भूल शायद यही है कि हम अपनी खुशियों को उन चीजों से जोड़ देते हैं, जो अभी हमारे पास नहीं हैं। लगता है कि कोई एक इच्छा पूरी हो जाए, कोई एक मंजिल हासिल हो जाए, परिस्थितियां हमारे अनुकूल हो जाएं, तो जीवन सुखी हो जाएगा। जबकि जीवन का अनुभव बताता है कि सुख परिस्थितियों से कम और हमारी दृष्टि से अधिक तय होता है। ज़िंदगी का सबसे बड़ा सच शायद यही है कि अगर सब कुछ मनमुताबिक मिल जाए, तो फिर चाहत किस बात की रहेगी और सफर किसलिए होगा? कुछ अधूरे सपने, कुछ अनकही इच्छाएँ, कुछ इंतजार और कुछ मुश्किलें ही तो जीवन को जीवन बनाती हैं। आखिर ज़िंदगी का सौंदर्य सब कुछ पा लेने में नहीं, बल्कि जो मिला उसे प्रेम से जीने, जो नहीं मिला उसे सहजता से स्वीकारने और जो आने वाला है उस पर विश्वास रखने में है। शायद इसी का नाम जीवन है। कर्म करते रहना, रिश्ते निभाते रहना, मुस्कुराते रहना और हर परिस्थिति में भीतर की रोशनी को बुझने न देना। यही तो एक सफल जीवन का सार होता है। हर इच्छा का पूरा होना जरूरी नहीं, मन का शांत होना जरूरी है। हर मंजिल मिलना जरूरी नहीं, सफर का सार्थक होना जरूरी है और हर खुशी के पीछे कोई बड़ी वजह हो, यह भी जरूरी नहीं है कई बार मुस्कुराने के लिए बस इतना ही काफी है कि हम जीवन को उसके हर रंग के साथ स्वीकार करना सीख लें।

### विधायक रौशन लाल चौधरी के पहल पर मिला ट्रांसफार्मर



केरेडारी। बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने ट्रांसफार्मर खराब होने के महज एक सप्ताह में हिं केरेडारी के केमो गांव स्थित लकडाही टोले में 63 केबीए के ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया है। इस टोले में मात्र 20 से 25 घर निवास करते हैं। एक सप्ताह पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने से यहां के लोगों को परेशानी हो गयी थी तब आजसू पार्टी कार्यकर्ता सूरज महतो के सूचना पर विधायक ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया है जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से ट्रांसफार्मर सेट किया गया। इसका उद्घाटन स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता पूर्व सांसद प्रतिनिधि बैजनाथ तिवारी ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किये। इस दौरान भाजपा आजसू कार्यकर्ता में सूरज महतो,अवध सिंह,बबलू सिंह,बिनोद सिंह,मनोज भुइयां,विराज भुइयां, सोहर भुइयां,रामचन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

### भाकपा माले के बैनर तले धनबाद में जन आक्रोश रैली, हक-अधिकार की मांग



धनबाद। बुधवार को भाकपा माले की जनआक्रोश रैली में जनता के अधिकारों की आवाज बुलंद करने को लेकर कई जननेता रैली में मुख्य रूप से उपस्थित रहकर जनता का हौसला बढ़ाने का कार्य किये। जिसमे चंद्रदेव महतो विधायक सिंदरी,विनोद सिंह पूर्व विधायक, बगोदर,आनंद महतो पूर्व विधायक सिंदरी समेत दल के तमाम जननेताओं ने साफ शब्दों में हुंकार भरते हुए कहा कि जनता की माटी, खनिज और अधिकारों पर डाका डालने वाली नीतियों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।नेताओं ने पुरजोर तरीके से खान एवं खनिज संशोधन विधेयक 2026 को अविलंब वापस लेने,मजदूर विरोधी चार लेबर कोड को तुरंत रद्द किया जाए।किसानों की फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) तुरंत लागू हो। भू-धसान और विस्थापन से पीड़ित परिवारों के लिए सुरक्षित पुनर्वास की पक्की गारंटी मिले। वही जंगल, जमीन, खनिज हमारा, नहीं चलेगा राज तुम्हारा के नारों से आज पूरा धनबाद गूंज उठा है। इन वरिष्ठ नेताओं ने हर शोषित, किसान और मजदूर को उसका वाजिब हक नहीं मिल जाता।अभी आगाज है आगे ओर भी पुरजोर आंदोलन होगा। मौके पर कार्तिक प्रसाद, गोविंदपुर प्रखंड सचिव गोपाल महतो, संतोष विश्वकर्मा, लालमोहन महतो, फटीक मंडल ,जमशेद अंसारी, सोनू शर्मा ,जगजीत मुखर्जी, सुमन मरांडी, गुरुचरण मोहाली, सारथी मंडल, मगन साव,सफीक अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, हारुण अंसारी ,अजहर अंसारी , राजीव, प्राण, असलम, हिमानी हांसदा ,प्रवीण मुर्मू ,पूजा हांसदा, प्रशांत कुमार ,निषांत कुमार, गौरव स्वर्णकार,आयुश, गुड्डू ,राजा महतो,शमशेर अंसारी मुबारक अंसारी , ठाकुर दास सोरेन आदि लोग गोविंदपुर प्रखंड से मौजूद थे ।

# उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र में व्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित करने हेतु किया स्थल निरीक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** शहरी क्षेत्र में सड़क किनारे संचालित होने वाले दुकानों एवं ठेला-खोमचा व्यवसाय को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने तथा शहर की सुंदरता एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त, हजारीबाग हेमन्त सती ने आज विभिन्न स्थलों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त श्री ओम प्रकाश गुप्ता सहित नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। स्थल निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सड़क किनारे वर्तमान में संचालित दुकानों एवं वेंडिंग गतिविधियों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में वेंडिंग गतिविधियों के लिए सुव्यवस्थित एवं सुविधायुक्त वेंडिंग जोन विकसित किए जाने से एक ओर जहां फुटपाथ एवं सड़कों पर अनियोजित रूप से लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित किया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर शहर की सुंदरता, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था में भी सुधार आएगा। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित स्थलों की उपयोगिता, उपलब्ध भूमि, यातायात व्यवस्था एवं आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वेंडिंग जोन के विकास की समुचित कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने इस संबंध में शीघ्र डीपीआर तैयार करने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया, ताकि प्रस्तावित वेंडिंग जोन का सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध तरीके से निर्माण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन में दुकानदारों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी ध्यान रखा जाए। साथ ही, वेंडिंग जोन का विकास इस प्रकार किया जाए कि इससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और दुकानदारों को भी सम्मानजनक एवं व्यवस्थित व्यवसायिक स्थान उपलब्ध हो सके। उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तावित योजना में शहर की वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखा जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में डीपीआर तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## बरही एसडीपीओ ने की क्राइम मीटिंग, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बरही।** बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को लेकर बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में बरही अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था एवं आपराधिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। क्राइम मीटिंग में बरही, बरकट्ठा, चौपारण, पदमा, गोरहर एवं चलकुशा थाना के थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान संबंधित थाना क्षेत्रों में घटित आपराधिक घटनाओं, दर्ज कांडों, लंबित मामलों तथा पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने थाना प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, गंभीर आपराधिक मामलों में तेजी से अनुसंधान पूरा करने, फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने पर जोर दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

## मुण्डा चौक पर वज्रपात का कहर, 13 वर्षीय छात्र की मौत

**बकरी चराकर लौट रहे चार बच्चों पर गिरी बिजली, तीन घायल; मृतक और घायल सभी +2 हाई स्कूल डांटो के छात्र**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्रखंड के डांटो पंचायत अंतर्गत डांटो कला स्थित मुण्डा चौक के समीप मंगलवार की शाम करीब 5:30 बजे वज्रपात की घटना में 13 वर्षीय छात्र सोमा मुण्डा की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक सोमा मुण्डा +2 हाई स्कूल डांटो में आठवीं कक्षा का छात्र था। वहीं घायल अनुप मुण्डा (15), बिरसा मुण्डा (9) और चड्डा मुण्डा भी इसी विद्यालय के छात्र बताए गए हैं। अनुप और बिरसा डांटो कला के रहने वाले हैं, जबकि चड्डा अपने ननिहाल डांटो कला आया हुआ था। उसका मूल निवास मेराल पंचायत, जिला चतरा बताया गया है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम चारों बच्चे बकरी चराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और मुण्डा चौक के समीप वज्रपात हो गया। इसकी चपेट में आने से सोमा मुण्डा की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कटकमसांडी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई गई और उन्हें छुट्टी दे दी गई। तीन महीने पहले हुई थी पिता की मौत, अब बेटे की मौत से टूटा परिवार सबसे दुखद बात यह है कि मृतक सोमा मुण्डा और घायल बिरसा मुण्डा सगे भाई हैं। बताया गया कि उनके पिता स्वर्गीय कला मुण्डा की करीब तीन माह पूर्व गुजरात से वापस लौटने के दौरान मौत हो गई थी। पिता की मौत के महज तीन महीने बाद वज्रपात में बेटे सोमा की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केरेडारी प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न

**30 सितंबर को झारखंड बंद का निर्णय, अपने आश्वासनों को अमल करने में सरकार पूरी तरह विफल: पुष्कर महतो**

उज्ज्वल दुनियां संवाददाता




केरेडारी। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केरेडारी प्रखंड कमिटी हजारीबाग की बैठक केरेडारी पंचायत भवन में बुधवार को हुई! बैठक झारखंड आंदोलनकारी के बाल बच्चों के नौकरियों में अधिकार की रक्षा को लेकर, किसानों के विस्थापन तथा कृषि विभाग में टपक योजना के नाम पर व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ की आयोजित की गई! बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गोविंद माली ने किया !बैठक में मांग किया गया कि झारखंड आंदोलनकारी के राजकीय मान सम्मान अलग पहचान मिले आंदोलनकारियों के बच्चों को रोजगार नियोजन की सौ प्रतिशत गारंटी करने तथा जेल जाने के बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को पचास पचास हजार रुपए सम्मान राशि सरकार से देने की मांग की गई! इसके साथ ही एनटीपीसी के द्वारा किसानों को जबरन विस्थापन के खिलाफ 30 सितंबर को झारखंड बंद करने का निर्णय लिया गया! झारखंड आंदोलनकारियों ने कहा कि सरकार सरकारी संकल्पों , भू अर्जन अधिनियावली का पालन करने एवं अपने आश्वासनों को अमल करने में पूरी तरह विफल है. जिसके कारण झारखंड आंदोलनकारियों में आक्रोश व्याप्त है जिस कारण राजव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य हुए हैं! मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की हकमारी एवं किसानों के विस्थापन को बर्दास्त नहीं किया जाएगा! हजारीबाग जिला में कृषि के क्षेत्र में भ्रष्टाचार व्याप्त है. 30 सितंबर को आंदोलनकारियों मजदूर , किसान , विस्थापित परिवार सभी गोल बंद होकर अपने भविष्य की रक्षा अपने बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा कृषि क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य सरकार के लिए चेतावनी होगा!

## विभावि इतिहास विभाग द्वारा एकदिवसीय संगोष्ठी आयोजित




**ज्ञान की शक्ति से सत्ताएं प्रभावित होती है: डॉ अमित कुमार सुमन**

**कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने की 'पैनल डिस्कशन' की अध्यक्षता**

**दिवंगत उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई**

उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा दो सत्रों में ₹भारतीय ज्ञान परंपरा का विऔपनिवेशीकरण, इतिहासलेखन और अतीत से लेकर वर्तमान तक ज्ञान के निर्माण में इसका योगदान₹ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसकी जानकारी देते हुए इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ हितेंद्र अनुपम ने बुधवार को बताया कि प्रथम सत्र में पैनल डिस्कशन और इंटरएक्टिव सेशन तथा द्वितीय सत्र में शोधपत्र प्रस्तुतीकरण की गई। संगोष्ठी के आरंभ में झारखंड सरकार के माननीय उच्च शिक्षा मंत्री स्वर्गीय सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रो श्याम नारायण लाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा निश्चित रूप से गतिमान है, प्रासंगिक है। उसमें केवल वेद, पुराण, धर्म सूत्र, धर्म शास्त्र, स्मृति, उपनिषद आदि केवल धर्म विशेष को संबोधित नहीं करते बल्कि भारत की अखंडता एवं एकता को भी प्रशस्त करते हैं । प्रो प्रीतीश आचार्य ने उड़ीसा की दो ऐसी महिलाओं का हवाला देते हुए सिद्ध करने का प्रयास? किया की भारत की ज्ञान परंपरा में न केवल शिक्षित लोगों को शिक्षित किया बल्कि अशिक्षित दलित एवं वंचित वर्गों में परंपरा के रूप में विवेक और संस्कार को पल्लवित पोषित किया। प्रो सलिल मिश्रा का मानना था कि भारतीय ज्ञान परंपरा को संशोधित और परिवर्तित भी किया जा सकता है, यदि इसके लिए ठोस तर्क और शोध उपलब्ध हो। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा जो की पैनल डिस्कशन की अध्यक्षता भी कर रहे थे, उन्होंने यह कहा कि इतिहास सभी विषयों और विधाओं का केंद्र है। यह पैनल डिस्कशन और इंटरएक्टिव सेशन सुबह 11:00 से लेकर 3:00 बजे अपराह्न तक अनवरत चलता रहा। विश्वविद्यालय विभागों के अतिरिक्त विभावि के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों के अलावे दिल्ली यूनिवर्सिटी तथा अमेटी यूनिवर्सिटी ऑफ नॉएडा के छात्र-छात्राओं ने इंटरनेट के माध्यम से उत्साह पूर्वक जुड़े रहे।

## भारत से अमेरिका तक की शैक्षणिक यात्रा से दिखाई सफलता की राह

**अमेरिका के वैज्ञानिक डॉ. चंदन ने श्रीदस के विद्यार्थियों से किया संवाद**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




बरही। देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सांता बारबरा से जुड़े वैज्ञानिक डॉ. चंदन विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद कर विज्ञान, उच्च शिक्षा और करियर को लेकर मार्गदर्शन दिया। उनके साथ आदर्श विद्या मंदिर, धनबाद के प्राचार्य नरेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। डॉ. चंदन ने विद्यार्थियों के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा साझा करते हुए बताया कि उन्होंने विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से स्नातक, आईआईटी धनबाद से वर्ष 2015-17 में एमएससी और आईआईटी दिल्ली से वर्ष 2017-24 में पीएचडी पूरी की। इसके बाद वे अमेरिका में शोध कार्य से जुड़े। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता के लिए लगातार मेहनत, धैर्य, सीखने की इच्छा और लक्ष्य के प्रति समर्पण जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा ही सीखने और नई खोज की पहली सीढ़ी है, इसलिए विद्यार्थियों को सवाल पूछने से कभी नहीं डरना चाहिए। सेमिनार में विद्यार्थियों ने विज्ञान, शोध, विदेश में पढ़ाई, करियर और वैज्ञानिक बनने की प्रक्रिया से जुड़े सवाल पूछे। डॉ. चंदन ने अपने अनुभवों के आधार पर उनके सवालों के जवाब दिए और विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने तथा उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि विशेषज्ञों से सीधे संवाद विद्यार्थियों में नई सोच और बड़े लक्ष्य विकसित करता है। डॉ. चंदन की वीबीयू से आईआईटी और फिर अमेरिका तक की यात्रा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। स्कूल मैनेजर विकास सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ भविष्य के अवसरों और वास्तविक दुनिया की संभावनाओं से परिचित कराते हैं।

# टंडवा में बवाल : उग्र भीड़ ने पुलिस पर की पत्थरबाजी, थाना प्रभारी घायल

**टंडवा थाना प्रभारी को एनटीपीसी अस्पताल में कराया गया भर्ती, सिर में आई गंभीर चोट**

**स्थिति को नियंत्रित करने में पुलिस को करनी पड़ी हवाई फायरिंग, छावणी में तब्दील हुआ सिदपा गांव**

गीतांजलि/ उज्जवल दुनिया संवाददाता



**चतरा।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के सिदपा गांव में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प कि घटना घटी है। गांव में प्रेम-प्रसंग का कथित मामला सामने आने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। इसके बाद घटना की सूचना पाकर मामला को शांत कराने सिदपा गांव पहुंची टंडवा थाना पुलिस की टीम पर उग्र भीड़ ने हमला बोल दिया है। हमले में टंडवा थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक पप्पू शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के द्वारा आनन-फानन में उपचार के लिए थाना प्रभारी को एनटीपीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार पथराव की घटना में थाना प्रभारी के सिर और हाथ में गंभीर चोट आई है। पथराव के दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मौके पर हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी। जिसके बाद भीड़ तीतर-बितर हुई। घटना के बाद सिदपा गांव में तनाव का माहौल है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देश पर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बड़वार और चतरा एसडीपीओ सन्नी वर्धन के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस लाइन से स्पेशल फोर्स मौके पर भेजी गई है। साथ ही साथ आसपास के थानों के फोर्स को भी मौके पर भेज कर पूरे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस के अधिकारी गांव में पुलिस बल कि तैनाती करते हुए हर स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है। जानकारी के अनुसार गांव में प्रेमी युगल के मिलने की सूचना पर कुछ लोग एक जगह एकत्रित हो गए थे, और घर में घुसकर प्रेमी युगल को जबरन पकड़कर उसे अपने कब्जे में लेने का प्रयास कर रहे थे। जिसकी सूचना मिलते ही दूसरे गुट के लोग की वहां पहुंच गए और इसका पुरजोर तरीके से विरोध करने लगे। इसी दौरान दोनों गुटों में तू-तू, मैं-मैं के बाद हिंसक झड़प शुरू हो गई। इसके बाद घटना की सूचना पाकर मामला शांत कराने पहुंचे टंडवा थाना प्रभारी और उनके सशस्त्र बल की टीम पर उग्र भीड़ नें हमला बोल दिया। बहरहाल इस मामले में अभी जिले के कोई भी वरिय पुलिस अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। हालांकि एसपी अनिमेष नैथानी के द्वारा इस पूरे मामले में अफवाहों से बचते हुए बगैर पुष्टि कोई भी भ्रामक सूचना प्रसारित करने से बचने की अपील की गई है।

## एक नजर

### एलपीजी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, अब 25 दिन बाद ही दोबारा गैस रिफिल बुक कर सकेंगे ग्राहक : उमेश ठाकुर



बरही। एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। अब गैस सिलेंडर की रिफिल बुकिंग के लिए 45 दिनों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिफिल बुकिंग की अवधि घटाकर 25 दिन कर दी गई है। यानी पिछली रिफिल बुकिंग के 25 दिन पूरे होने के बाद उपभोक्ता दोबारा सिलेंडर की बुकिंग करा सकेंगे। तिरुपति भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर उमेश ठाकुर ने बताया कि सभी ग्राहकों के लिए रिफिल बुकिंग की अवधि 45 दिन से घटाकर 25 दिन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सिस्टम में आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद 25 दिन का अंतराल पूरा होते ही उपभोक्ता रिफिल बुकिंग करा सकेंगे। इस बदलाव से नियमित रूप से गैस की अधिक आवश्यकता वाले परिवारों को विशेष सुविधा मिलेगी और उन्हें निर्धारित अवधि पूरी होने तक अतिरिक्त इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि पिछली रिफिल की तारीख का ध्यान रखें और 25 दिन पूरे होने के बाद ही अगली बुकिंग करें। उमेश ठाकुर ने उपभोक्ताओं से नई व्यवस्था का लाभ उठाने तथा इसकी जानकारी अपने परिवारजनों और परिचितों तक पहुंचाने की अपील की है।

### बीजीआर माइनिंग इंफ्रा के द्वारा बेंगवरी पंचायत में 1150 छात्रों के बीच छाता का वितरण




केरेडारी। बेंगवरी पंचायत के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में बुधवार को दूसरे दिन भी बीजीआर माइनिग इंफ्रा लिमिटेड की ओर से सीएसआर गतिविधि के तहत छाता वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया! इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच कुल 1,150 छातों का वितरण किया गया! जिसमें मुख्य रूप बेंगवरी-नदिया पार टोला स्कूल में 90, बेंगवरी अपर मिडिल स्कूल कोमारा में 230, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसारिया में 805 और बसारिया न्यू प्राइमरी स्कूल में 25 छाते वितरित किए गए! कार्यक्रम के अवसर पर बीजीआर माइनिंग इंफ्रा लिमिटेड प्रबंधन ने कहा कि क्षेत्र सीएसआर मद से इस तरह की गतिविधियां समय समय पर आयोजित की जाती रहेगी !कार्यक्रम में बीजीआर के एचओपी कार्तिक सिंह, जीएम के. श्रीनिवास राव सहित कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक पंचायत उपाध्यक्ष बेबी कुमारी, शिवकुमार वर्मा सहित स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित थे!

### गणपति बप्पा के जयकारों से गूंजेगा हरली, श्री गणेश पूजा समिति का हुआ गठन

बड़कागांव। बड़कागांव हरली। श्री गणेश पूजा महोत्सव को लेकर हरली गांव में उत्साह का माहौल बनने लगा है। पूजा महोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर श्री गणेश पूजा समिति हरली का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विवेक कुमार वर्मा को अध्यक्ष, लक्ष्मीकांत कुमार को सचिव तथा अनुज कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। समिति के गठन के साथ ही गणेश पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर सदस्यों ने विस्तार से विचार-विमर्श किया। पूजा पंडाल, भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापना, पूजा-अर्चना, विशेष आरती, प्रसाद वितरण एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक तैयारियों की रूपरेखा तैयार की गई। समिति के सदस्यों ने आयोजन को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया। समिति में सुनील कुमार, सरोज कुमार, राजेश कुमार, प्रवीण भारती, ब्रजेश कुमार, सचिन कुमार, प्रभात कुमार, यशवंत कुमार, अमित कुमार, बादल कुशवाहा, सागर कुमार, सोनू कुमार, दीपेंद्र कुमार एवं दीपक कुमार को सदस्य बनाया गया।

### बड़कागांव का हनुमान मंदिर बना आस्था का केंद्र, सच्चे मन से मांगी मुराद होती है पूरी



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित दैनिक बाजार के समीप चैती दुर्गा मंदिर के बगल में स्थित हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना करते हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं का मानना है कि इस मंदिर में सच्चे और पवित्र मन से की गई प्रार्थना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कई श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी होने के बाद उनके द्वारा मंदिर में नारियल, प्रसाद सहित अन्य सामग्री चढ़ाकर भगवान के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। मंदिर में प्रत्येक मंगलवार शाम सात बजे विशेष हनुमान आरती का आयोजन किया जाता है। आरती के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु आरती में शामिल होकर भगवान हनुमान की पूजा करते हैं। आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया जाता है। मंगलवार की विशेष आरती में युवाओं की भी अच्छी भागीदारी देखने को मिलती है। राम भक्त पिंटू गुप्ता एवं इंगलेश कुमार सोनी ने बताया कि हनुमान मंदिर में जो भी श्रद्धालु सच्ची श्रद्धा और पवित्र मन से पूजा-अर्चना करते हैं, उनकी मनोकामनाएं निश्चित रूप से पूरी होती हैं।

### विभावि में राज्य स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का सफल आयोजन



हजारीबाग। राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, पटना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2026 के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर, हजारीबाग में किया गया। चयन प्रक्रिया माननीय कुलपति, प्रो. डॉ. चंद्रभूषण शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसकी जानकारी देते हुए विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक तथा इस चयन के आयोजन सचिव डॉ जॉनी रुफिना तिर्की ने बताया कि इस राज्य स्तरीय चयन शिविर में झारखंड राज्य के रांची विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, सिद्धो कान्हो विश्वविद्यालय, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, सरला बिरला विश्वविद्यालय, वाईबीएन विश्वविद्यालय, झारखंड राय विश्वविद्यालय, बीआईटी मेसरा, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना के 155 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया। इसके पश्चात प्रतिभागियों की दौड़ कराई गई। परेड प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों की परेड एवं ड्रिल का परीक्षण किया गया। इसके उपरांत प्रतिभागियों की सांस्कृतिक प्रतिभा का मूल्यांकन किया गया। चयन प्रक्रिया के अंतिम चरण में सभी प्रतिभागियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया।

# डीवीसी रिक्रिएशन क्लब, मैथन के प्रतिभावान बच्चों को परियोजना प्रधान ने किया पुरस्कृत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**मैथन।** दामोदर घाटी निगम के स्थापना दिवस के अवसर पर डीवीसी रिक्रिएशन क्लब, मैथन के बच्चों द्वारा प्रस्तुत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। मैथन परियोजना के कॉम्बाइंड बिल्डिंग स्थित एनएचपी सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में श्री सुबीर कुमार साहा, कार्यपालक निदेशक (सिविल) व परियोजना प्रधान एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए।पुरस्कार प्राप्त करते समय नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। पुरस्कृत बच्चों में समृद्धि कर्मकार, जशश्री साहा, समाद्रिता बनर्जी, श्रेया सुमन, स्नेहा सुमन, सोनाक्षी जाना, ऐन्द्रिला चक्रवर्ती, पूजा कुमारी एवं श्रेयशी सिन्हा आदि शामिल रहे। इस अवसर पर सुबीर कुमार साहा ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास,रचनात्मकता और आगे बढ़ने की प्रेरणा पैदा करते हैं। उन्होंने बच्चों को निरंतर मेहनत करने तथा अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया।प्रवीर चाँद, वरिष्ठ महाप्रबंधक (सिविल) ने कहा कि बच्चों की उपलब्धि पूरे डीवीसी परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि खेल,सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और डीवीसी रिक्रिएशन क्लब इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। समारोह में आनन्द मोहन प्रसाद,मुख्य महाप्रबंधक (कोल समन्वयक),प्रवीर चाँद, वरिष्ठ महाप्रबंधक (सिविल), रौशन लाकड़ा, महाप्रबंधक (सिविल) , सुखमय नायक,उप महाप्रबंधक (प्रशा./मा.सं.),राम कृष्ण, वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल),सुजीत कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आईटी), डॉ. कौशलेन्द्र कुमार, प्रबंधक (सीएसआर),रवि कुमार सिन्हा, कार्यपालक (राजभाषा),राजु मुखर्जी,चंडी चक्रवर्ती,जयंत जाना, सुरेश मंडल, श्रीमती रीता देवी, श्रीमती वीणा कुमारी, श्रीमती रूनु साहा,श्रीमती भारती पुरोहित, श्रीमती संयुक्ता बनर्जी आदि उपस्थित थे।

## कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार की पहल से राजू हाड़ी व भूली ओपी प्रभारी के बीच का विवाद सुलझा

**कतरास।** बीते दिनों झामुमो बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी राजू हाड़ी और भूली ओपी प्रभारी के बीच का विवाद कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार की पहल से सुलझा लिया गया। मंगलवार को कतरास थाना में दोनों पक्ष के साथ बैठक हुई। बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद खत्म कर लिया। समझौते के आधार पर भूली ओपी प्रभारी के निजी चालक को अविलम्ब हटाया गया.इस फैसले का राजू हाड़ी एवं उनके पक्ष के लोगों ने स्वागत किया. साथ ही प्रवीण कुमार के इस पहल की सरहना की। कांग्रेस नेता सह हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी ने बताया कि समझौते से सभी संतुष्ट हैं. ओपी प्रभारी के निजी चालक को हटा दिया गया है। दोनों पक्षों की सहमति के बाद मामले का पटाक्षेप हो गया है। पुलिस से आम लोगों की यह उम्मीद रहती है कि जब कभी शिकायत लेकर थाना आयें तो पुलिस उनकी बातों को गंभीरता से सुने और उनके शिकायतों का समाधान करें। बैठक में राजू हाड़ी पक्ष से साधन महतो, दीपक महतो, झामुमो के योगेन्द्र हाड़ी,राणा दत्ता,मानस रंजन पाल, पंकज सिंह, बंटी हाड़ी, मनु हाड़ी,डब्लू हाड़ी, सुभाष हाड़ी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## डीवीसी मध्य विद्यालय (डाइक एरिया) में राजभाषा कार्यों का निरीक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**मैथन।** राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीवीसी,मैथन के राजभाषा अनुभाग की निरीक्षण समिति द्वारा डीवीसी मध्य विद्यालय (डाइक एरिया) में राजभाषा संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण दल में डॉ. कौशलेंद्र कुमार, प्रबंधक (सीएसआर),रवि कुमार सिन्हा, कार्यपालक (राजभाषा) तथा जयंत फणी, सहायक ग्रेड-क्शामिल थे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार संगम तथा शिक्षकगण अरुण कुमार, राजेश कुमार चौधरी एवं अरुण कुमार हजाम उपस्थित रहे।इस अवसर पर रवि कुमार सिन्हा, कार्यपालक (राजभाषा) ने कहा कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि अपने कार्यों को सरल, सहज एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने का माध्यम भी है। उन्होंने विद्यालय में राजभाषा नीति के प्रावधानों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने तथा दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रगतिशील प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया।निरीक्षण समिति ने राजभाषा नीति के प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन के लिए आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किए। साथ ही, विद्यालय के कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक एवं प्रगतिशील प्रयोग को और सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया।निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए हिंदी के प्रगतिशील प्रयोग तथा राजभाषा नीति के प्रभावी अनुपालन को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

## चिन्मय विद्यालय बोकारो में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में 9 सितंबर, बुधवार को एक दिवसीय इन हाउस ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विद्यालय के सभी शिक्षकों के लिए आयोजित की गई जिसका विषय मूल्य आधारित शिक्षा रहा। इस दौरान अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, प्रभारी प्राचार्य नरमेंद्र कुमार एवं उप प्राचार्य डॉ. रोशन शर्मा उपस्थित रहे। रिसोर्स पर्सन के रूप में अर्पण चक्रबर्ती एवं अमन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यशाला की शुरूआत गुरु वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद संचालन करते हुए सुप्रिया चौधरी ने सभी उपस्थित शिक्षकों को इन हाउस ट्रेनिंग की विषय - वस्तु से अवगत कराया एवं उन्हें मूल्य आधारित शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एकता में शक्ति के मूल मंत्र पर प्रकाश डालते हुए कई उदाहरणों के साथ शिक्षकों को जागरूक किया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने शिक्षकों को वैल्यू बेस्ड एजुकेशन के महत्व को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद मुख्य रिसोर्स पर्सन अर्पण चक्रबर्ती एवं अमन शर्मा ने चिन्मय परिचय कार्यक्रम को आधार बनाकर एवं चिन्मय विजन प्रोग्राम के प्रकाश में मूल्य आधारित शिक्षा के बारे में शिक्षकों से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों तक मूल्यों को पहुंचाने, मूल्यों के महत्व को उजागर करने एवं भारतीय मूल्यों को आधार बनाकर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्यों एवं संभावनाओं के बारे में विस्तार से बात की। पूरे कार्यशाला के दौरान कई प्रश्न काल भी हुए और कई रोचक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों के लिए इस कार्यशाला को लाभकारी बनाने का प्रयास किया गया। अंत में प्रभारी प्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने सभी रिसोर्स पर्सन को इस कार्यशाला के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मूल्य हमारी भारतीय संस्कृति की सबसे अनोखी और खास बात है। उन्होंने कहा कि चिन्मय विजन कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में छोटी उम्र से ही मूल्यों से अवगत कराना एवं उनके दैनिक जीवन में इसे शामिल करना है। उन्होंने सभी शिक्षकों को मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## खेलेंगी बेटियाँ, बढ़ेगा आत्मविश्वास-यही है सशक्तिकरण का प्रयास

**बोकारो।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण शाखा, बोकारो द्वारा सी-3 संस्था के तकनीकी सहयोग से बालिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता राजकीयकृत उच्च विद्यालय, लकड़ाखंदा, चास-2 एवं पीएम श्री पंचानन राजबाला +2 उच्च विद्यालय, सतनपुर में आयोजित हुई। इस दौरान बालिकाओं के बीच फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं खो-खो प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास विकसित करना तथा उन्हें यह संदेश देना था कि कोई भी खेल ऐसा नहीं है, जिसे वे नहीं खेल सकतीं। शिक्षा के साथ-साथ बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। खेल प्रतियोगिता के माध्यम से बालिकाओं में खेल के प्रति रुचि एवं सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। प्रतियोगिता में बालिकाओं ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त माध्यम : डीएसडब्ल्यूओ इस अवसर पर बालिकाओं को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) डॉ. सुमन गुप्ता ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है।

## सिजुआ भू-धंसान पीड़ितों से मिले हम के प्रदेश अध्यक्ष, हरसंभव मदद का भरोसा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**जल्द होगी धनबाद जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा, संगठन विस्तार पर भी हुई चर्चा**



**धनबाद।** सिजुआ दस नंबर में हुई भू-धंसान की घटना को हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने गंभीरता से लिया है। घटना के बाद पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष हरे कृष्ण महाराज मंगलवार को धनबाद पहुंचे और सिजुआ दस नंबर स्थित घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने भू-धंसान से प्रभावित लोगों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संकट की इस घड़ी में पार्टी प्रभावित लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। जरूरत पड़ने पर पीड़ितों की सहायता के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भू-धंसान की घटनाएं कोयलांचल के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। लंबे समय से भूमिगत खनन और भू-धंसान के खतरे वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद हरे कृष्ण महाराज ने धनबाद सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक में भू-धंसान प्रभावित लोगों की सहायता, जनसमस्याओं तथा झारखंड में संगठन के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कार्यकताओं को प्रभावित लोगों तक हरसंभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। जल्द घोषित होगा धनबाद जिलाध्यक्ष मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष हरे कृष्ण महाराज ने कहा कि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) झारखंड में संगठन को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही धनबाद जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी एक कर्मठ और ऊजार्वान जिलाध्यक्ष को जिम्मेदारी देगी, जो संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का काम करेंगे। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सुधाकर पांडे, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजीव राय भट्ट सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान गौरी कुमार, चेता, सीताराम भुइया, संजीव भुइया, संतोष भुइया, राजेश भुइया, कृष्णा भुइया, बबलू बाउरी, राम प्यारे भुइया, बैजनाथ भुइया एवं बधु हरिजन समेत अन्य कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा में भाग लिया।

# दो दिवसीय इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन

**महिला और पुरुष दोनों वर्गों में बीएसके कॉलेज मैथन ने दर्ज की शानदार जीत**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




मैथन। बीएसके कॉलेज मैथन के तत्वावधान में एरिया नंबर-4 खेल मैदान, मैथन में आयोजित विनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय 7वीं इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन बुधवार को शानदार समापन के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया।महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में बीएसके कॉलेज मैथन और आरएस मोर कॉलेज, गोविंदपुर आमने-सामने हुए। मुकाबले में बीएसके कॉलेज मैथन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-0 से एकतरफा जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में भी बीएसके कॉलेज मैथन और आरएस मोर कॉलेज, गोविंदपुर के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बीएसके कॉलेज मैथन की टीम विजयी रही। इस प्रकार महिला और पुरुष दोनों वर्गों में बीएसके कॉलेज मैथन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।पुरुष वर्ग में मैन ऑफ द मैच रोहित प्रसाद (बीएसके कॉलेज), मैन ऑफ द टूर्नामेंट कालिदास मुर्मू (आरएस मोर कॉलेज) तथा बेस्ट गोलकीपर बाबूधान मुर्मू (बीएसके कॉलेज) को चुना गया। महिला वर्ग में मैन ऑफ द टूर्नामेंट मालती मुर्मू (बीएसके कॉलेज), मैन ऑफ द मैच शाहनी मरियम (आरएस मोर कॉलेज) तथा बेस्ट गोलकीपर पायल बौरी (बीएसके कॉलेज) को सम्मानित किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि मैथन ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन विनोद कुमार अग्रवाल ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और खेल भावना की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समारोह में विशिष्ट अतिथि डीवीसी के पूर्व डीजीएम आरपी सिंह, समाजसेवी पवन गाडयान, विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. जय गोपाल मंडल तथा चयनकर्ता डॉ. सुरेश सिंह मुंडा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।बीएसके कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजली कुमारी ने मुख्य अतिथि,अतिथियों, आयोजन समिति, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायक मंडल के सदस्य विक्रमादित्य सिंह,चिंता हाजरा, सुदनलाल सोरेन, गोविंद हेंब्रम, अजीत टुडू, बिंदु लाल बास्की एवं तापस वेडकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।अंत में आयोजन सचिव डॉ. कमलेश कुमार पांडे ने सभी अतिथियों,आगंतुकों, खिलाड़ियों, दर्शकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

## एक नजर

### डीवीसी चंद्रपुरा में हिंदी निबंध प्रतियोगिता संपन्न



**बोकारो (चंद्रपुरा)।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी), चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजभाषा कार्यान्वयन उपसमिति के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंदी एवं हिंदीतर भाषियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना तथा कार्यालयीन एवं सामाजिक विषयों पर हिंदी में प्रभावी ढंग से विचार व्यक्त करने की क्षमता का विकास करना था। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचारों, भाषा-ज्ञान एवं लेखन कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए रंजीत कुमार निराला, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एवं पूनम कुमारी की निर्णायक मंडली गठित की गई थी। निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु, मौलिकता, भाषा-शुद्धता, विचारों की अभिव्यक्ति एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया गया। कार्यक्रम में वरीय प्रबंधक सत्येन्द्र कुमार, पवन कुमार, प्रबंधक चंदन कुमार, संजीव कुमार, पार्थ गुँइ, निर्मल चंद्र कंसबनिक के अतिरिक्त वर्षा कुमारी, मीरा कुमारी, कार्तिक कुमार महतो, लक्ष्मी नारायण साहू, अक्षय कुमार, मुकेश कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, नवीन कुमार लाल, अरविन्द कुमार प्रसाद, रामजी रजक, अमिताभ घोष, रवींद्र कुमार सिंह, सुमन कुमार, अनिमेष गिरि, तनवीर अख्तर, रंजीत कुमार निराला, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, पूनम कुमारी, संजीव कुमार एवं महेन्द्र सिंह सहित डीवीसी के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर प्रतिभागियों एवं आयोजकों की सराहना की गई तथा डीवीसी के कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक एवं प्रभावी प्रयोग के साथ-साथ हिंदी में रचनात्मक लेखन को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

### सुनील कुमार पाठक ने संभाला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी के प्राचार्य का पदभार



**बोकारो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, 9/डी, बोकारो के नए प्राचार्य के रूप में सुनील कुमार पाठक ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह एवं निवर्तमान प्राचार्य राजेंद्र कामत ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया तथा विधिवत प्राचार्य पद का कार्यभार सौंपा। विदित हो कि सुनील कुमार पाठक इससे पूर्व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सिंदरी में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। वहां से उनका स्थानांतरण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, 9/डी, बोकारो के लिए हुआ है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत आचार्य- दीदी जी के साथ परिचयात्मक बैठक में नवपदस्थ प्राचार्य सुनील जी ने कहा कि बोकारो प्रारंभ से ही शैक्षिक नगरी के रूप में जाना जाता रहा है। हम सभी विद्या भारती के उद्देश्यों एवं आदर्शों के अनुरूप भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और आगे भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी आचार्य-दीदी जी के सहयोग, समर्पण और सामूहिक प्रयास से विद्यालय को शिक्षा, संस्कार एवं सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। हम सभी मिलजुलकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, 9/डी, बोकारो को प्रगति के पथ पर निरंतर आगे ले जाने का प्रयास करेंगे।

### 'आत्म-तत्व का दर्शन व अध्ययन ही स्वाध्याय' पर्युषण पर्व के दूसरे दिन तेरापंथ समाज के लोगों ने मनाया स्वाध्याय दिवस

**बोकारो।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, चास-बोकारो के तत्वावधान में चास के पुराना कुलदीप टॉकीज कॉम्प्लेक्स स्थित माणकचंद छल्लाणी निवास स्थान में मनाए जा रहे पर्युषण पर्व के दूसरे दिन बुधवार को आचार्य श्री महाश्रमण जी के आध्यात्मिक निर्देशन में स्वाध्याय दिवस मनाया गया। उपासिका शांति गुजरानी एवं सहयोगिनी सुश्री निहारिका सिंघी की उपस्थिति में स्वाध्याय दिवस के कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर धर्मसभा में उपस्थित श्रावकों को संबोधित करते हुए जैन विदुषियों ने तत्वज्ञान एवं आत्मदर्शन पर प्रकाश डाला। वाचना, पृच्छना, परिवर्तना,अनुप्रेक्षा और धर्म कथा। तेरापंथ समाज के मीडिया प्रमुख सुरेश बोथरा ने बताया कि पर्युषण पर्व पर प्रवचन-कार्यक्रम में सुबह-शाम श्रावकों की अच्छी उपस्थिति हो रही है।

### देवघर में ब्राउन शुगर के साथ सात आरोपित गिरफ्तार

**देवघर।** देवघर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोहनपुर थाना क्षेत्र के जामुनिया जंगल के पास छापेमारी कर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री में शामिल सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 17.05 ग्राम ब्राउन शुगर और 1,04,990 रुपये नकद बरामद किए हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कुलदीप कुमार ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जामुनिया यात्री रोड के पास ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री होने वाली है। सूचना के आधार पर उनके नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर इलाके की घेराबंदी की गई। छापेमारी के दौरान सात लोगों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से ब्राउन शुगर और नकदी बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हरी मंडल उर्फ हरिहर मंडल, गौतम झा, राहुल कुमार, दीपू यादव, ललटन मरांडी, रंधीर यादव और विकास कुमार के रूप में हुई है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसके अवैध कारोबार में कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस स्थानीय स्तर पर सक्रिय नेटवर्क के साथ मादक पदार्थों की आपूर्ति के स्रोत तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। एसडीपीओ ने बताया कि देवघर में ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार के खिलाफ पिछले कुछ महीनों में कई कार्रवाई की गई है। मई में मोहनपुर क्षेत्र से 102.14 ग्राम ब्राउन शुगर और करीब 1.49 लाख रुपये नकद बरामद किए गए थे। उस मामले में चार आरोपित गिरफ्तार हुए थे। इसके अलावा जून और जुलाई में भी अलग-अलग कार्रवाई में ब्राउन शुगर के साथ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। ताजा कार्रवाई में सात आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब उनके संभावित सप्लाई नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। पूछताछ के आधार पर मादक पदार्थ की आपूर्ति करने वालों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण, निवार्ची पदाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### बोआरीजोर के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया स्थल निरीक्षण, पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने और अपात्र नामों के सत्यापन पर जोर

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं अधिक समावेशी बनाने के उद्देश्य से जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का लगातार अनुश्रवण एवं क्षेत्रीय निरीक्षण किया जा रहा है। जहां इसी क्रम में निवार्ची पदाधिकारी 02 बोरियो विधानसभा (अजजा) सह अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द ने बुधवार को बोरियो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोआरीजोर प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर एसआईआर कार्य का स्थल निरीक्षण किया।

जहां निरीक्षण के दौरान निवार्ची पदाधिकारी ने संबंधित बीएलओ एवं निर्वाचन कर्मियों से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। वही उन्होंने मतदाता सूची से संबंधित प्रपत्रों के संधारण, मतदाताओं से प्राप्त आवेदनों तथा आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

इस मौके पर उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं निर्धारित समय सीमा के अनुरूप पूरा किया जाए। वही पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के साथ साथ मृत, अपात्र अथवा स्थानांतरित मतदाताओं से संबंधित मामलों का नियमानुसार सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

आगे निवार्ची पदाधिकारी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची बेहद महत्वपूर्ण है।

ऐसे में पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वही उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराते हुए उनके दावों एवं आपत्तियों का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। वही उन्होंने क्षेत्र में चल रहे पुनरीक्षण कार्य की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर उसका नियमानुसार समाधान करने का भी निर्देश दिया। उधर निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## साहिबगंज महाविद्यालय में एनसीसी ने मनाया लाइफस्टाइल डे

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंज:** साहिबगंज महाविद्यालय परिसर में बुधवार को एनसीसी इकाई की ओर से लाइफस्टाइल डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम का उद्देश्य एनसीसी कैडेटों को स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। उधर इस कार्यक्रम में साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने अध्यक्षता की, जबकि मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामदेव पासवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि एनसीसी लाइफस्टाइल डे मनाने का मुख्य उद्देश्य कैडेटों में स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के प्रति जागरूकता पैदा करना है। आगे उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल अनुशासन और नेतृत्व का प्रशिक्षण ही नहीं देता, बल्कि युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करता है।

वही मुख्य अतिथि डॉ. रामदेव पासवान ने कैडेटों को संबोधित करते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। जहां उन्होंने युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक नुकसान के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ आदतों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। आगे उन्होंने कहा कि युवा देश की शक्ति हैं और उनका स्वस्थ रहना समाज एवं राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। वही कैडेटों को स्वयं नशे से दूर रहने के साथ साथ समाज के अन्य युवाओं को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना चाहिए। उधर कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन, व्यक्तिगत जिम्मेदारी और नशामुक्त समाज के निर्माण को लेकर कैडेटों के बीच जागरूकता का संदेश दिया गया।

## बाढ़ प्रभावितों के बीच आजसू ने बांटी राहत सामग्री

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिले में गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जहां ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर दियारा और शहरी इलाकों तक बाढ़ का असर दिखाई दे रहा है। वही कई परिवार अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों, सड़क किनारे और गंगा तट के आसपास शरण लेने को मजबूर हैं।

उधर बाढ़ प्रभावित परिवारों की स्थिति को देखते हुए बुधवार को आजसू पार्टी की ओर से राहत अभियान चलाया गया। जहां आजसू जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडेय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान चूड़ा, गुड़, मोमबत्ती, दालमोट, माचिस सहित खाद्य एवं दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। वही राहत वितरण के दौरान आजसू जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडेय ने कहा कि गंगा के बढ़ते जलस्तर से दियारा क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। जहां घरों में पानी प्रवेश करने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीणों को अपने घरों से बाहर रहना पड़ रहा है। वही कई परिवार गंगा किनारे और अन्य सुरक्षित स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। आगे उन्होंने कहा कि ऐसी विषम परिस्थिति में सबसे पहली प्राथमिकता बाढ़ प्रभावित परिवारों तक भोजन और जरूरी सामग्री पहुंचाना है। जहां ह्वउनका प्रयास है कि बाढ़ की इस स्थिति में कोई भी प्रभावित परिवार भूखा न रहे ह्व आगे चतुरानंद पांडेय ने कहा कि आजसू पार्टी के कार्यकर्ता लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों के संपर्क में हैं और उनकी जरूरतों की जानकारी लेकर राहत सामग्री पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। वही उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति सामान्य होने तक जरूरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता के लिए पार्टी कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे। उधर राहत वितरण के दौरान पार्टी कार्यकताओं ने प्रभावित परिवारों से उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली।

## 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने किया चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** जिले में 108 एंबुलेंस सेवा के संचालन और कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। जहां संघ के प्रदेश एवं सभी जिलों के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को भारतीय मजदूर संघ कार्यालय, धुर्वा, रांची में हुई। उधर बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी ने की।

जहां संघ का कहना है कि एमडी, एनएचएम कार्यालय की ओर से राज्य के सभी सिविल सर्जनों को जिला स्तर पर 108 एंबुलेंस सेवा के संचालन एवं कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद कई जिलों में अब तक जिला स्तर से 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन शुरू नहीं किया गया है।

वही संघ ने पूर्व में सरकार के समक्ष वर्तमान 108 एंबुलेंस सेवा की टेंडर प्रक्रिया को पूरी तरह निरस्त करने, सिविल सर्जन के माध्यम से जिला स्तर पर सेवा का संचालन शुरू करने, कंपनी द्वारा हटाए गए कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल करने तथा कर्मचारियों को वैधानिक श्रमिक अधिकार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी थी। संघ ने 8 सितंबर 2026 तक जिला स्तर पर एंबुलेंस सेवा का संचालन शुरू करने का आग्रह किया था। जहां निर्धारित समय-सीमा बीतने के बाद भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर संघ ने आंदोलन का निर्णय लिया है।

## अनाबद्ध निधि की योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त दीपक कुमार दूबे ने की। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जहां समीक्षा के दौरान अगस्त 2026 तक की प्रगति के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनाबद्ध निधि के तहत स्वीकृत कुल 48 योजनाओं में 43 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 5 योजनाएं अब भी लंबित हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 70 योजनाओं में से 32 योजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है और शेष योजनाओं पर कार्य जारी है।

इस मौके पर उपायुक्त ने लंबित योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। वही उन्होंने योजनाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। साथ ही साथ भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी योजनाओं से संबंधित अधियाचना शीघ्र समर्पित करने को कहा गया, ताकि आगे की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सके। उधर बैठक में अनाबद्ध निधि के तहत लंबित योजनाओं के शीघ्र निष्पादन के अलावा नई योजनाओं की स्वीकृति एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा की गई। जहां उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी करने तथा आवश्यकता के अनुसार स्थल निरीक्षण कर कार्यों की वास्तविक प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। इस बैठक में जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल मुकेश कुमार बमबम, संबंधित सहायक अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# साहिबगंज में एनडीआरएफ की दस्तक, बाढ़ प्रभावित इलाकों का लिया जायजा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिले में गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्यों को और मजबूत कर दिया है। जहां इसी क्रम में 30 सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम साहिबगंज पहुंची, जिसके बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूती मिली है। उधर एनडीआरएफ टीम कमांडेंट हटेंद्र पाल सिंह कंडारी के नेतृत्व में रांची से साहिबगंज पहुंची है। जहां टीम में एक इंस्पेक्टर, चार सब इंस्पेक्टर, दो महिला बल सदस्य और 23 पुरुष जवान शामिल हैं। उधर प्रशिक्षित एवं अनुभवी जवानों से लैस यह टीम बाढ़ की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव अभियान चलाने के लिए तैयार रहेगी।

**कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण**

उधर बुधवार को कमांडेंट हटेंद्र पाल सिंह कंडारी के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम ने जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्थल निरीक्षण किया। जहां टीम ने किशन प्रसाद, लाल बथानी, रामपुर, रामनगर, बलुआ टोली, मखमलपुर दक्षिण और मुसहरी टोला सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उधर निरीक्षण के दौरान टीम ने स्थानीय परिस्थितियों, जलस्तर, जलमग्न क्षेत्रों और संभावित जोखिम वाले स्थानों की जानकारी ली। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन के उपलब्ध साधनों, संभावित रेस्क्यू प्वाइंट और राहत बचाव कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों का भी आकलन किया गया।

**त्वरित रेस्क्यू पर रहेगा जोर :** उधर एनडीआरएफ टीम के क्षेत्र निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संभावित आपात स्थिति में प्रभावित लोगों तक कम से कम समय में पहुंच सुनिश्चित करना और सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन को प्रभावी बनाना है। जहां टीम ने प्रभावित इलाकों की भौगोलिक एवं स्थानीय परिस्थितियों को समझते हुए संभावित बचाव अभियान की तैयारियों का जायजा लिया। जहां जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की संयुक्त तत्परता से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव व्यवस्था को और मजबूती मिली है। उधर जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा आवश्यकता के अनुसार राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा रहे हैं। उधर जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील किया है कि बाढ़ प्रभावित एवं जलमग्न क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से जाने से बचें और प्रशासन तथा एनडीआरएफ की ओर से जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। वही किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन को तत्काल सूचना देने की अपील की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### जेपीएससी जेएसएससी परीक्षा में कथित धांधली के खिलाफ भाजपा का आक्रोश मार्च आज



**साहिबगंज:** राज्य में जेपीएससी एवं जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितता की सीबीआइ जांच कराने तथा छात्र आंदोलन के दौरान छात्रों और युवाओं पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग को लेकर भाजपा साहिबगंज जिला इकाई की ओर से गुरुवार को आक्रोशपूर्ण आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त कार्यालय का घेराव कर छात्र हित से जुड़ी मांगों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा। उधर भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम कुमार यादव ने बताया कि आंदोलन की शुरूआत शहर के शहीद भगत सिंह चौक (पूर्वी फाटक) से होगी। यहां से युवा, विद्यार्थी और भाजपा कार्यकर्ता आक्रोश मार्च के रूप में समाहरणालय पहुंचेंगे। इसके बाद उपायुक्त कार्यालय का घेराव कर प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी। वही भाजपा के अनुसार, आंदोलन का नेतृत्व झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा, पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम कुमार यादव करेंगे। उधर पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा ने कहा कि राज्य के युवाओं और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता युवाओं का अधिकार है। जहां उन्होंने जेपीएससी एवं जेएसएससी परीक्षाओं में हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष सीबीआई जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही साथ छात्र आंदोलन के दौरान युवाओं पर दर्ज मामलों को तत्काल वापस लेने की मांग भी दोहराई। आगे श्री ओझा ने कहा कि ह्वछात्रों के सम्मान में भाजपा मैदान में हैह्व और युवाओं को न्याय मिलने तक पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से उनकी आवाज उठाती रहेगी। वही भाजपा जिला इकाई ने साहिबगंज जिले के सभी युवा, विद्यार्थी, अभिभावक एवं पार्टी कार्यकताओं से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। जहां पार्टी का कहना है कि यह आंदोलन छात्र हित और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर किया जा रहा है।

### पूर्व रेलवे हाई स्कूल साहिबगंज में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**साहिबगंज:** विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए मालदा रेलमंडल की ओर से पूर्व रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उधर यह स्वास्थ्य परीक्षण मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जहां साहिबगंज रेलवे स्वास्थ्य इकाई की टीम ने मंडल रेलवे अस्पताल, मालदा की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुपा घोष के पर्यवेक्षण में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उधर कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य का समय पर आकलन करना, संभावित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शुरूआती स्तर पर पहचान करना तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना रहा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, पौष्टिक खानपान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति भी जागरूक किया गया। उधर स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक जानकारी और सुझाव दिए गए। जहां चिकित्सकीय टीम ने बच्चों को नियमित स्वच्छता अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। वही मालदा रेलमंडल का मानना है कि स्वस्थ बचपन ही स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है। जहां बच्चों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच जैसी पहलें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान करने के साथ-साथ उनमें निवारक स्वास्थ्य देखभाल की आदत विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उधर यह पहल रेलवे स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को सुनिश्चित करने तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में मालदा मंडल के निरंतर प्रयासों को दशार्ती है।

### कीटनाशी विक्रेताओं को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण, प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक के निर्देश

**साहिबगंज:** जिला कृषि विभाग की ओर से फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत बुधवार को आत्मा सभागार में कीटनाशी दवा विक्रेताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को कीटनाशकों के सुरक्षित एवं उचित उपयोग की जानकारी उपलब्ध कराना तथा फसलों को कीटों से होने वाले नुकसान से बचाने के उपायों के प्रति जागरूक करना रहा। उधर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी वरुण कुमार ने कीटनाशी दवा विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रतिबंधित कीटनाशक दवाओं की बिक्री किसी भी परिस्थिति में नहीं की जाए। आगे उन्होंने सरकार एवं कृषि विभाग द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। वही उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही तकनीकी एवं जरूरी जानकारी को गंभीरता से समझें और किसानों तक सही जानकारी पहुंचाएं, ताकि कीटनाशकों के अनावश्यक अथवा गलत इस्तेमाल को रोका जा सके और जिले के अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सकें। उधर कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ. संजीव कुमार ने कीटनाशी दवाओं के उचित एवं निर्धारित मात्रा में प्रयोग की जानकारी दी। जहां उन्होंने बताया कि किसी भी कीटनाशी दवा का छिड़काव करने से पहले खेत के क्षेत्रफल की सही जानकारी होना बेहद जरूरी है। वही क्षेत्रफल के अनुसार ही कीटनाशक की निर्धारित मात्रा का प्रयोग किया जाना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि अधिक मात्रा में कीटनाशक का इस्तेमाल फसल और पर्यावरण दोनों के लिए नुकसानदायक हो सकता है इसलिए किसानों को दवा की मात्रा, छिड़काव की विधि और आवश्यक सावधानियों की सही जानकारी देना विक्रेताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उधर आत्मा के मंटू कुमार ने फसलों में तना छेदक सहित अन्य हानिकारक कीटों से होने वाले नुकसान तथा उनकी रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

## संपादकीय

### ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थी की दुविधा

विगत कुछ वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। जब भी किसी बड़ी भर्ती का विज्ञापन आता है, तो एक बुनियादी सवाल लगातार चर्चा के केंद्र में रहता है–ह्यभाई, ईडब्ल्यूएस से फॉर्म भरें या अनारक्षित से?ह्व यह सवाल जितना सहज प्रतीत होता है, वास्तव में उतना ही गंभीर है। यह केवल आवेदन-पत्र के किसी एक विकल्प को चुनने का मामला नहीं है, बल्कि एक युवा के भविष्य, उसकी वर्षों की तपस्या और संवैधानिक व्यवस्था पर उसके भरोसे से जुड़ा प्रश्न है। अभ्यर्थी यह जानना चाहता है कि यदि वह अनारक्षित श्रेणी के कटऑफ से अधिक अंक अर्जित करता है, तो क्या व्यवस्था उसकी योग्यता का सम्मान करते हुए उसे खुली प्रतियोगिता का हक देगी? उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा के आधिकारिक आंकड़े इस दुविधा को किसी काल्पनिक आशंका के बजाय एक कड़वी जमीनी सच्चाई साबित करते हैं। वर्ष 2020 से 2023 तक के आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो यह विसंगति निरंतर गहरी होती दिखाई देती है। वर्ष 2020 में जहां अनारक्षित वर्ग का कटऑफ 110 अंक था, वहीं ईडब्ल्यूएस का कटऑफ 112 अंक रहा। वर्ष 2021 में अनारक्षित के 115 अंकों के मुकाबले ईडब्ल्यूएस का कटऑफ 117 अंक, और 2022 में अनारक्षित के 111 अंकों की तुलना में ईडब्ल्यूएस का कटऑफ 114 अंक दर्ज किया गया। वर्ष 2023 में तो यह अंतर चार अंकों तक पहुंच गया, जहां अनारक्षित का कटऑफ 125 अंक था।

## आज का राशिफल

**मेष–** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**वृष–** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**मिथुन–** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**कर्क–** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**सिंह–** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**कन्या–** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**तुला–** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है।

**वृश्चिक–** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**धनु–** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**मकर–** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी।

**कुंभ–** विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन–** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

## दैनिक पंचांग

**10 सितम्बर 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.19 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | तुला | 08.29 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 10.44 ब.से |
| बुध | कन्या में | धनु | 13.00 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मकर | 15.05 बजे से |
| शुक्र | तुला में | कुंभ | 16.52 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 18.24 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 19.55 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 21.35 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | मिथुन | 23.33 बजे से |
| | | कर्क | 01.47 बजे से |
| | | सिंह | 04.03 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 253 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्दशी 10.34 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 14.05 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 19.18 बजे को समाप्त।
**करण** शकुनि 10.34 बजे तदनन्तर चतुष्पद 21.43 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 05° 01'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872828
**जूलियन दिन** 2461293.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** रवि उलावल **तारीख** 27
**विशेष** पिठोरी अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ– शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# महिला सम्मान और दलित अधिकार की राजनीति में कांग्रेस का दोहरा चेहरा



**कुलभूषण उपमन्यु**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**




भारतीय राजनीति में महिला सम्मान, सामाजिक न्याय और दलित अधिकार ऐसे मुद्दे हैं जिन पर किसी भी राजनीतिक दल से दोहरे मानदंड की अपेक्षा नहीं की जा सकती। विपक्ष में रहते हुए सत्ता पक्ष पर सवाल उठाना लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, किंतु जब वही कसौटी अपने संगठन और अपने शासन वाले राज्यों पर लागू होती है तो तस्वीर कई बार असहज करने वाली दिखाई देती है। भारतीय जनता पार्टी ने इसी विरोधाभास को लेकर कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए कहा, महिलाओं की भागीदारी और दलित सम्मान की बात करने वाली कांग्रेस की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। भाजपा जो कह रही है, वह तो अपनी जगह है, पर उस वीडियो का क्या करें, जो साफ बता रहा है कि कैसे केरलम में कांग्रेस विधायक और पूर्व सांसद राम्या हरिदास के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कथित दुर्व्यवहार किया गया। हालांकि वीडियो सामने आने के बाद राम्या हरिदास की शिकायत पर सात कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण कानून की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हरिदास ने आरोप लगाया कि उन्हें एक कांग्रेस कार्यकर्ता के घर बुलाया गया और वहां उनके साथ हाथापाई तथा दुर्व्यवहार किया गया।

**दलित सम्मान पर सवाल, तो अपने घर का जवाब कौन देगा?**

कुछ दिन पहले कांग्रेस ने हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के बाद मंच के कथित शुद्धिकरण को दलित अपमान से जोड़ते हुए एफआईआर की मांग की थी। किसी भी व्यक्ति की जाति के आधार पर अपमान या भेदभाव गंभीर विषय है और ऐसे आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मगर राजनीतिक प्रश्न यह है कि यदि कांग्रेस दलित सम्मान के नाम पर दूसरे दलों से जवाब मांगती है तो क्या उसके लिए वही नैतिक कसौटी अपने संगठन पर भी लागू नहीं होनी चाहिए?

यहां ध्यान रखनेवाली बात यह भी है कि राम्या हरिदास कोई सामान्य राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं हैं। वह कांग्रेस की नेता हैं, दलित समुदाय से आती हैं और केरल की राजनीति में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। साल 2019 में वह अलाथुर से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई थीं। ऐसे में उनके साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विवाद ने कांग्रेस के उस दावे को चुनौती दी है जिसमें वह स्वयं को सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों की आवाज के रूप में प्रस्तुत करती है।

**'लड़की हूं, लड़ सकती हूं; से कितनी दूर है संगठन?**

वस्तुतः महिला सशक्तिकरण को लेकर कांग्रेस का सबसे चर्चित राजनीतिक संदेश रहा है, ह्यलड़की हूं, लड़ सकती हूंह्व। यही कारण है कि भाजपा ने कांग्रेस के महिला प्रतिनिधित्व के आंकड़ों को उसके सामने रखकर सवाल उठाया है। फिर ऐसी घटना होने पर सवाल उठाना स्वभाविक भी है, क्या महिला आरक्षण की वकालत करने वाली पार्टी को पहले अपने शासन वाले राज्यों में महिलाओं को पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं देना चाहिए?

यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राजनीतिक दलों में महिलाओं की भागीदारी अभी भी देश की एक बड़ी चुनौती है, पर कांग्रेस के मामले में विरोधाभास इसलिए अधिक राजनीतिक महत्व रखता है क्योंकि वह स्वयं महिला आरक्षण और महिला अधिकारों की राजनीति को अपने वैचारिक विमर्श का हिस्सा बनाती रही है। वैसे महिला आरक्षण की कहानी भी कांग्रेस के लिए पूरी तरह निर्विवाद नहीं रही है। ऐसे में केरलम में राम्या हरिदास के साथ हुआ विवाद इस बहस को एक और आयाम देता है। 2024 में भी कांग्रेस की केरल इकाई में महिला प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठे थे। कांग्रेस की प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी द्वारा मैदान में उतारे गए 16 उम्मीदवारों में सिर्फ एक महिला उम्मीदवार होने पर सवाल उठाया था। उस समय पार्टी के भीतर से ही महिला प्रतिनिधित्व को लेकर असंतोष सामने आया था, इसलिए आज जब कांग्रेस महिला सम्मान और राजनीतिक भागीदारी का मुद्दा राष्ट्रीय मंच पर उठाती है, तो उसके सामने उसके अपने संगठन के भीतर से उठे सवाल भी खड़े होते हैं।

**राजनीति में 'चयनात्मक संवेदना' कब तक?**

असल समस्या यह नहीं है कि कांग्रेस किसी मुद्दे को उठाती क्यों है। लोकतंत्र में उसे हर मुद्दा उठाने का पूरा अधिकार है। समस्या तब पैदा होती है जब किसी घटना को दूसरे दल के खिलाफ सामाजिक न्याय का प्रमाण मान लिया जाए और अपने दल में वैसी ही घटना सामने आने पर उसे अंदरूनी विवाद, व्यक्तिगत झगड़ा या राजनीतिक षड्यंत्र बताकर आगे बढ़ने की कोशिश की जाए। यहां कांग्रेस भी समझे, महिला सम्मान और दलित सम्मान किसी दल की निजी राजनीतिक संपत्ति नहीं हैं। यदि किसी महिला के साथ दुर्व्यवहार होता है तो दोषी चाहे भाजपा का कार्यकर्ता हो, कांग्रेस का हो या किसी अन्य दल का रहे, कार्रवाई होनी चाहिए।

**कांग्रेस के सामने असली चुनौती**

कांग्रेस के सामने अब चुनौती भाजपा के आरोपों का राजनीतिक जवाब देने से कहीं अधिक यह होगी कि वह बताए कि उसके अपने संगठन में महिलाओं और दलित नेताओं के लिए सम्मान, सुरक्षा और बराबर राजनीतिक अवसर की व्यवस्था कितनी मजबूत है। महिला आरक्षण कानून पारित हो चुका है। 2023 में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मंजूरी दी, जिसने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का संवैधानिक ढांचा तैयार किया। ऐसे समय में राजनीतिक दलों की असली परीक्षा यह है कि वे महिलाओं को सिर्फ चुनावी पोस्टर, भाषण और नारों तक सीमित न रखें । कांग्रेस अगर 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं'कहती है तो उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उसकी अपनी महिला नेता पार्टी के भीतर बिना भय और दबाव के अपनी बात कह सकें। अगर वह दलित सम्मान की राजनीति करती है तो उसे यह साबित करना होगा कि उसके संगठन में दलित नेताओं का सम्मान सिर्फ चुनावी मंच तक सीमित नहीं है। क्योंकि राजनीति में सबसे प्रभावी जवाब भाषण नहीं, आचरण होता है। अतः कांग्रेस भाजपा पर जितने सवाल उठाती है, उतने ही सवाल अब उसके अपने दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं और लोकतंत्र में जनता का सवाल भी सीधा ही है, ह्यजिस सम्मान और प्रतिनिधित्व की मांग आप दूसरों से करते हैं, क्या वही सम्मान और प्रतिनिधित्व आप अपने घर में भी देते हैं? अब इसी प्रश्न के इर्दगिर्द कांग्रेस को अपने लिए प्रश्न करना चाहिए। यही उसकी महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की राजनीति करने की वास्तविक परीक्षा है।

**(लेखक के निजी विचार)**

# हर निराश मन को चाहिए एक भरोसेमंद कंधा

**योगेश कुमार गोयल**



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितंबर को दुनियाभर में आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से ह्यविश्व आत्महत्या रोकथाम दिवसह्व मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत ह्यइंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशनह्व (आईएएसपी) द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है। दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। आत्महत्या रोकथाम दिवस 2026 की थीम है 'आत्महत्या पर दृष्टिकोण बदलना'। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि वर्ष 2024 में देश में 170746 आत्महत्या दर्ज की गई जबकि 2023 में कुल 171418 लोगों ने आत्महत्या की थी। वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या करने वालों की यह संख्या 170924 जबकि 2021 में 164033 थी। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक मानसिक तनाव, निराशा, अकेलेपन, असफलता, पारिवारिक कलह, आर्थिक संकट या किसी गहरे भावनात्मक आघात से जूझता है तो उसकी सोचने-समझने और परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। ऐसे में अवसाद, निराशा और असहायता की भावना धीरे-धीरे इतनी गहरी हो सकती है कि व्यक्ति को अपने सामने मौजूद समस्याओं से बाहर निकलने का कोई रास्ता दिखाई नहीं देता। यही वह संवेदनशील अवस्था है, जिसमें कुछ लोग आत्महत्या के विचारों से घिर सकते हैं। आत्महत्या केवल एक व्यक्ति की असामयिक मृत्यु नहीं होती बल्कि उसके परिवार, मित्रों और व्यापक सामाजिक परिवेश पर भी लंबे समय तक गहरा भावनात्मक प्रभाव छोड़ती है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि आत्महत्या को केवल अवसाद का परिणाम मानना उचित नहीं है। अवसाद आत्महत्या के जोखिम को बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण कारक जरूर है लेकिन आत्महत्या का व्यवहार प्रायः अनेक परिस्थितियों के जटिल मेल से उत्पन्न होता है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के साथ-साथ आर्थिक कठिनाइयां, संबंधों में टूटन, पारिवारिक तनाव, सामाजिक अलगाव, हिंसा, नशे की समस्या, गंभीर बीमारी, शैक्षणिक अथवा रोजगार संबंधी दबाव और अचानक घटित कोई गहरा संकट भी व्यक्ति को मानसिक रूप से तोड़ सकता है। कई बार बाहरी तौर पर सामान्य दिखाई देने वाला व्यक्ति भी भीतर से गहरे संघर्ष से गुजर रहा होता है। इसलिए आत्महत्या की रोकथाम का पहला कदम व्यक्ति को कमजोर या असफल समझना नहीं बल्कि उसकी पीड़ा को गंभीरता से समझना है। संकट में घिरे व्यक्ति को उपदेश से अधिक सुनने वाला कान, निर्णय सुनाने के बजाय सहानुभूति और अकेला छोड़ने के बजाय भरोसेमंद साथ चाहिए। परिवार, मित्र, शिक्षक और सहकर्मी यदि व्यवहार में आए अचानक बदलाव, निराशा, सामाजिक दूरी या असहायता के संकेतों को समय रहते पहचानें और व्यक्ति को मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करें तो संकट को गंभीर रूप लेने से रोका जा सकता है। आत्महत्या रोकथाम का वास्तविक अर्थ यही है, मौत के विचार से पहले उम्मीद का रास्ता दिखाई देना। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें। केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हेल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन (किरण हेल्पलाइन) नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसिलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

**(लेखक के निजी विचार)**

# पेंशन योजनाओं से लेकर बाल संरक्षण तक की डीसी ने की समीक्षा

**अधिकारियों को दिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा एवं बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न पेंशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना एवं झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने पेंशन लाभुकों के भौतिक सत्यापन तथा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उपायुक्त ने राष्ट्रीय पेंशन योजना के सभी लाभुकों से संबंधित प्रखंड या पंचायत कार्यालय में जाकर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवाने की अपील की, ताकि पेंशन भुगतान में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके बाद जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क शेड, मिशन वात्सल्य सदन की स्थापना, किशोर न्याय बोर्ड की मरम्मत, स्पॉन्सरशिप के लंबित मामलों, प्राप्त आवेदनों तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के व्यापक प्रचार-प्रसार पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने मिशन वात्सल्य सदन की स्थापना की प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित स्पॉन्सरशिप मामलों का संबंधित अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय कर शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने बाल संरक्षण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पेंशनर समाज की बैठक में सदस्यता अभियान व प्रवरण वेतनमान का मुद्दा उठा

**कोडरमा।** पेंशनर समाज की मासिक बैठक बुधवार को अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पिछली बैठक में लिए गए प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशनर समाज से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा से माध्यमिक विद्यालयों के सेवानिवृत्त एवं कार्यरत शिक्षकों को प्रवरण वेतनमान का लाभ देने की मांग की गई। सदस्यों ने कहा कि अब तक वेतन निर्धारण की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। साथ ही जो शिक्षक प्रवरण वेतनमान के लाभ से वंचित हैं, उन्हें भी इसका लाभ देने की मांग की गई। बैठक में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। सदस्यों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। बैठक में सुभाष शर्मा, नारायण सिंह, बलदेव मोदी, महेश्वर पांडेय, यदुनंदन प्रसाद, राजेंद्र सिंह, सीता प्रसाद, किशोरी प्रसाद यादव, राज कुमार सिंह, राजकिशोर सिंह, सहदेव प्रसाद यादव, रामनरेश चौधरी एवं इबनुल हसन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### नगर पंचायत कार्यालय में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी गई श्रद्धांजलि



**कोडरमा।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री स्वर्गीय सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय, कोडरमा में शोकसभा आयोजित की गई। दोपहर एक बजे आयोजित शोकसभा में नगर पंचायत अध्यक्ष साजिद हुसैन, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सूरज कुमार, वार्ड पार्षदों, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अध्यक्ष साजिद हुसैन ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का निधन राज्य एवं नगर विकास के क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान और सेवाओं को लंबे समय तक याद किया जाएगा। शोकसभा में नगर पंचायत के पदाधिकारी, कर्मचारी, सफाईकर्मी, संवेदक एवं अन्य संबंधित कर्मी और प्रतिनिधि मौजूद रहे। अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक-संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की।

### वृंदाहा जलप्रपात में रील बनाने के दौरान हादसा, 14 वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूबा

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध वृंदाहा जलप्रपात में बुधवार को पिकनिक मनाने पहुंचे छात्रों के दल में उस समय अफरातफरी मच गई, जब 14 वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूब गया। डूबे किशोर की पहचान औरंगाबाद निवासी सागर कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद के एक निजी कोचिंग संस्थान के संचालक करीब 10 बच्चों के साथ पिकनिक मनाने वृंदाहा जलप्रपात पहुंचे थे। सभी बच्चे जलप्रपात के पास नहा रहे थे। इसी दौरान सागर एक चट्टान पर चढ़कर नहाने के साथ रील बना रहा था। अचानक पैर फिसलने से वह चट्टान के नीचे गहरे पानी में जा गिरा और देखते ही देखते पानी में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से किशोर की तलाश शुरू की गई, लेकिन तेज बारिश के कारण तलाशी अभियान में बाधा उत्पन्न हुई। पुलिस के अनुसार, गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश फिर शुरू की जाएगी। पहले भी हो चुके हैं हादसे वृंदाहा जलप्रपात के आसपास कई स्थानों पर गहरी खाई और तेज पानी का बहाव है। प्रशासन की ओर से पर्यटकों को संवेदनशील स्थानों पर जाने और चट्टानों पर चढ़ने से लगातार सावधान किया जाता है। इसके बावजूद सेल्फी और रील बनाने के दौरान लोग जोखिम उठाते हैं, जिसके कारण अक्सर हादसे हो जाते हैं।

### फैक्ट्री परिसर में बोरे के पीछे छिपा मिला अजगर, वन विभाग ने सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के बोनाकाली स्थित एक फैक्ट्री परिसर में बुधवार को अजगर सांप मिलने से कर्मियों में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री कर्मियों की नजर बोरे के पीछे छिपे अजगर पर पड़ी, जिसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग कोडरमा की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक अजगर को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू के बाद अजगर को जंगल में ले जाकर उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। वन विभाग की टीम ने लोगों से अपील की कि कहीं भी सांप दिखाई देने पर उसके पास न जाएं और न ही उसे नुकसान पहुंचाएं। सांप मिलने की स्थिति में तत्काल वन विभाग की रेस्क्यू टीम को सूचना दें, ताकि उसे सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा जा सके।

### के.सी. वेणुगोपाल से मिले इरफान अंसारी, एसआईआर-एमएमडीआर समेत झारखंड के मुद्दों पर हुई चर्चा



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बुधवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के संगठन प्रभारी के.सी. वेणुगोपाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड से जुड़े विभागीय और संगठनात्मक विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रिपोर्ट सौंपी और चर्चा की। इरफान अंसारी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुलाकात के दौरान झारखंड में स्वास्थ्य विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों, स्वास्थ्य व्यवस्था में हो रहे बदलावों और जनहित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी वेणुगोपाल को दी गई। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों और उनकी प्रगति से भी अवगत कराया। बैठक में एसआईआर को लेकर आम लोगों में बढ़ती चिंता, परेशानी और आक्रोश का मुद्दा भी उठाया गया। इसके अलावा एमएमडीआर से जुड़े विषयों, विभिन्न जिलों में कांग्रेस की ओर से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों और जमीनी स्तर पर संगठन की गतिविधियों की भी जानकारी साझा की गई। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वेणुगोपाल ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संगठन तथा जनहित से जुड़े मामलों पर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। मुलाकात के बाद इरफान अंसारी ने कहा कि वेणुगोपाल का मार्गदर्शन और विश्वास हमेशा मनोबल बढ़ाता है।

## जल जीवन मिशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए आठ जल सहियाएं सम्मानित

**रांची।** जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति तथा जलापूर्ति योजनाओं के बेहतर संचालन एवं रख-रखाव में उत्कृष्ट योगदान देने वाली राज्य की आठ जल सहियाओं को बुधवार को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। नेपाल हाउस में आयोजित कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अबु इमरान ने जल सहियाओं को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र प्रदान किए। सम्मानित जल सहियाओं में बोकारो जिले की पांच और रांची जिले की तीन जल सहियाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में जल सहिया दीदियों ने जल जीवन मिशन के तहत अपने कार्य अनुभव और गांवों में आने वाली चुनौतियों को भी साझा किया। सचिव अबु इमरान ने जल सहियाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भूमिका से ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं के संचालन और रख-रखाव को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। उन्होंने राज्य की अन्य जल सहियाओं को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया। सम्मानित जल सहियाओं ने अपने-अपने गांव और पंचायतों में जल एवं स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी) के साथ समन्वय कर जल जीवन मिशन की योजनाओं को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे जलापूर्ति व्यवस्था में आने वाली समस्याओं की पहचान कर संबंधित अधिकारियों तक सूचना पहुंचाने के साथ जल की गुणवत्ता, जल संरक्षण और पानी के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर ग्रामीणों को जागरूक कर रही हैं। जल सहियाएं ग्रामीण परिवारों को नियमित उपयोगकर्ता शुल्क जमा करने के लिए भी जागरूक करती हैं।

## ग्रिजली कॉलेज में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का आगाज, पर्यावरण जागरूकता का दिया संदेश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**झुमरी तिलैया।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन (स्वायत्त), झुमरी तिलैया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास और पर्यावरण जागरूकता रैली के माध्यम से सामाजिक सरोकार का संदेश दिया। प्रथम सत्र की शुरूआत एनएसएस लक्ष्य गीत से हुई। स्वयंसेविका पूजा कुमारी ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव इंदरवाटांड़ में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने सामूहिक भोजन किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक आयुष कुमार ने स्वागत भाषण दिया। उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी सहित सहायक प्राध्यापकों एवं स्वयंसेवकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी ने कहा कि स्वयंसेवक मिलकर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाज के सहयोग से ही विद्यालय एवं महाविद्यालय की स्थापना और सफल संचालन संभव है। इसलिए प्रत्येक स्वयंसेवक को राष्ट्रसेवा के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल पदाधिकारी सौरभ शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन स्वयंसेवक अंकित चंद्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मनोरंजन पांडेय ने किया। मौके पर डीएलएड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापिका विनीता कुमारी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## सीबीएसई के विशेष कार्यक्रम में सम्मानित हुए संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**कोडरमा।** संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा के प्राचार्य मनीष कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान एवं विद्यार्थियों की रचनात्मकता, व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने के लिए पटना में सम्मानित किया गया।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आयोजित विशेष एक्सपोजर विजिट में प्राचार्य मनीष कुमार ने भाग लिया और विशेष वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। पटना स्थित फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एफडीडीआई एवं सीबीएसई के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह समझने का प्रयास किया कि विद्यार्थियों की रचनात्मकता, व्यावहारिक ज्ञान एवं तकनीकी दक्षता को भविष्य के करियर से किस प्रकार जोड़ा जा सकता है। प्राचार्य की उपलब्धि पर बुधवार को विद्यालय में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. मनोज कुमार, उपनिदेशक राजेश कुमार यादव, प्रबंधक अनीष कुमार, उपप्राचार्य अमित कुमार सिंह सहित शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। विद्यालय परिवार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक कार्यक्रम में प्राचार्य की सक्रिय सहभागिता एवं सम्मान विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उनके अनुभव और नई सीख से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### भूधंसान में बच्चे की मौत के बाद शव के साथ जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन, मुआवजा और नियोजन की मांग

**धनबाद।** सिजुआ के तिनपटिया इलाके में मंगलवार सुबह हुए भीषण भूधंसान की घटना के बाद बुधवार को ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया. हादसे में एक ही परिवार के छह लोग जमीन में दब गए थे. घटना में आठ वर्षीय विक्रम कुमार भुइयां की भी मौत हो गई थी. पोस्टमार्टम के बाद विक्रम का शव एंबुलेंस से सिजुआ बीसीसीएल एरिया-10 के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष लाया गया, जहां परिजन, ग्रामीण और स्थानीय नेता शव के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रबंधन अपने आश्वासन से पीछे हटा प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और एक सदस्य को नियोजन देने की है. ग्रामीणों का कहना है कि भूधंसान की घटना के बाद बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से मंगलवार को बातचीत के दौरान प्रभावित परिवार को सहायता और मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था, हालांकि, अब प्रबंधन अपने आश्वासन से पीछे हट रहा है। मौत को लेकर लोगों में आक्रोश ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में लगातार जमीन धंसने की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रभावित लोगों की सुरक्षा और पुनर्वास को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है. विक्रम की मौत के बाद लोगों में काफी आक्रोश है। शव को एंबुलेंस में रखकर जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जा रहा है. मौके पर पुलिस और सीआईएसएफ की टीम तैनात है, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो. वहीं, स्थानीय लोग और परिजन अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक बीसीसीएल प्रबंधन मुआवजे और नियोजन को लेकर ठोस निर्णय नहीं लेता, तब तक शव के साथ उनका प्रदर्शन जारी रहेगा. फिलहाल जीएम कार्यालय के बाहर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और सभी की नजर प्रबंधन के अगले कदम पर है।

## आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर विवाद, जांच की मांग



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चनकोपी-चरका टंगरा के ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन**

**बेड़ो।** प्रखंड के खुखरा पंचायत अंतर्गत चनकोपी-चरका टंगरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के चयन को लेकर विवाद सामने आया है। चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा पूर्व में ग्रामसभा द्वारा लिए गए निर्णय को मान्यता देने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बेड़ो के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि सेविका पद के लिए सुमन उरांव, पति सारू उरांव, निवासी चनकोपी-चरका टंगरा टोली की उम्मीदवार हैं। ग्रामीणों के अनुसार, चयन प्रक्रिया में उनकी स्थिति बेहतर होने के बावजूद दूसरे गांव की निवासी सरिता कच्छप के चयन का दावा किया जा रहा है, जिस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र स्थानीय बस्ती के बच्चों एवं लाभार्थियों के लिए संचालित होता है। ऐसे में सेविका के चयन में स्थानीय महिला को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, ताकि केंद्र की सेवाएं बच्चों एवं लाभार्थियों तक नियमित और प्रभावी रूप से पहुंच सकें। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से रांची के उप विकास आयुक्त से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही चयन प्रक्रिया में स्थानीयता, शैक्षणिक योग्यता, प्राप्त अंक/प्रतिशत तथा ग्रामसभा के पूर्व निर्णय को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ग्रामीणों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि आंगनबाड़ी सेविका का चयन निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित कराना है।

## रांची में एटीएम फ्रॉड का बढ़ा खतरा, सावधानी हटी तो खाते से गायब हो सकती है सारी कमाई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में एक बार फिर एटीएम फ्रॉड के मामले सामने आ रहे हैं. साइबर अपराधी एटीएम के आसपास सक्रिय रहकर लोगों की छोटी-सी लापरवाही का फायदा उठा रहे हैं. कभी मदद के बहाने एटीएम कार्ड की जानकारी हासिल की जा रही है तो कभी कार्ड फंसने या बदलने के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है. हाल में ही आधा दर्जन के करीब ऐसे मामले सामने आ चुके हैं।

**ग्रामीण इलाके बने टारगेट**

साइबर अपराधियों के निशाने पर राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों के एटीएम हैं. यूपीआई का प्रचलन बढ़ने के बाद शहरी लोग अब बहुत कम एटीएम का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों में अभी भी एटीएम का जमकर प्रयोग हो रहा है. इसी का फायदा अपराधी उठा रहे हैं. रांची के कांके इलाके में ही एटीएम फ्रॉड के दो मामले सामने आए हैं. नामकुम समेत राजधानी के अन्य इलाकों से भी ऐसी शिकायतें पुलिस तक पहुंची हैं. ठगी के कई मामलों में संदिग्धों की तस्वीरें कैमरे में कैद भी हुई हैं.




**कार्ड फंसा और खाते से निकल गए ढाई लाख**

एटीएम ठगी के तरीकों को जानकर हैरानी होती है. रांची के कांके स्थित बीएयू परिसर के पीएनबी एटीएम में कलाम अंसारी का कार्ड फंस गया था. इसी दौरान एटीएम के अंदर मौजूद एक व्यक्ति ने खुद को मददगार बताते हुए उन्हें एक मोबाइल नंबर दिया और कहा कि यह एटीएम गार्ड का नंबर है. कलाम ने जब उस नंबर पर संपर्क किया तो उन्हें एटीएम की चाबी देने के नाम पर कांके पुल के पास बुलाया गया. इसी दौरान वह एटीएम से बाहर चले गए. बाद में उनके खाते से करीब ढाई लाख रुपये की निकासी कर ली गई. घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की. जांच में पुलिस एटीएम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान में जुटी है।

**कार्ड बदलकर उड़ाए 45 हजार रुपये**

दूसरे मामले में नामकुम में लाल धनंजयनाथ शाहदेव को अपराधियों ने अपना शिकार बनाया. एटीएम इस्तेमाल करने के दौरान अपराधियों ने उनका कार्ड बदल दिया. बाद में उसी कार्ड और उससे जुड़ी जानकारी का इस्तेमाल कर खाते से करीब 45 हजार रुपये निकाल लिए गए. इस मामले में भी पुलिस जांच कर रही है।

**सभी की तस्वीरें कैद हुईं**

सबसे अहम बात यह है कि हाल के दिनों में जितनी भी एटीएम फ्रॉड की घटनाएं घटित हुई हैं, उनमें अपराधियों की तस्वीरें एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई हैं. एटीएम के जरिए ठगी करने वाले अधिकांश आरोपी अपना चेहरा या तो टोपी से ढके हुए हैं या उन्होंने एक बार भी कैमरे की तरफ देखा ही नहीं, जिससे उनकी पहचान हो सके. लेकिन उनकी पूरी कारगुजारी सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हो गई है।

**कार्ड फंस जाए तो बरतें सावधानी**

पुलिस और साइबर विशेषज्ञों के अनुसार एटीएम में कार्ड फंसना ठगी का बड़ा जरिया बन सकता है. ऐसी स्थिति में किसी अनजान व्यक्ति की मदद नहीं लेनी चाहिए. एटीएम के आसपास चिपकाए गए किसी मोबाइल नंबर पर भी फोन नहीं करना चाहिए. कार्ड फंसने पर बैंक के आधिकारिक कस्टमर केयर नंबर पर ही संपर्क करना सुरक्षित है. किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि होने पर पुलिस को तत्काल सूचना दी जा सकती है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की सीबीआई जांच से बेनकाब होंगे पैरवी पुत्र : दीपक प्रकाश




उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पलामू :** जेपीएससी-जेएससीसी और सीजीएल में भारी धांधली और पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग और रांची में अपने हक की आवाज उठाने वाले निर्दोष छात्रों पर दर्ज किए गए झूठे मुकदमे के विरोध में भाजपा पलामू जिला इकाई की ओर से बुधवार को उपायुक्त पलामू कार्यालय समाहरणालय का घेराव किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम के प्रभारी और पूर्व सांसद और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने की। वहीं घेराव सह प्रदर्शन को संबोधित करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड में घोटालों पर चलने वाली सरकार है। कोयला, बालू के बाद बच्चों के भविष्य का घोटाला किया गया। जिन छात्रों ने अपने हक अधिकार के लिए आन्दोलन किये, उनके खिलाफ मुकदमे किए गए। दिल्ली और यूपी में भी मुकदमें हुए थे, लेकिन सारे वापस हो गए। लेकिन यहां की सरकार फर्जी मुकदमे वापस नहीं ले रही है।उन्होंने कहा कि सरकार दोहरी नीति अपना रही है, जिन लोगों ने झामुमो के झंडे के साथ हमले किए, छात्रों के दुपट्टे खींचे उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। एफआइआर वापस होने तक भाजपा का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने झारखंड में परीक्षा घोटाले पर हो रही सीआइडी जांच पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि इसके तार सात राज्यों के अलावा नेपाल तक जुड़े हुए हैं। सीआइडी झारखंड से बाहर जाकर मामले की जांच नहीं कर सकती है। इसके लिए सक्षम नहीं है। सीबीआई जांच होने पर सरकार की नौटंकी सामने आ जायेगी। सरकार नाचने लगेगी और मंत्री और दबंग विधायकों के पैरवी पुत्र पकड़े जायेंगे।

इससे पहले प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सभी कार्यकर्ता और नेता का एकत्रीकरण रेडमा बाईपास काली मंदिर रोड स्थित माइनर इरिगेशन ऑफिस मैदान में हुआ। वहीं से पैदल मार्च करते हुए सभी लोग रेडमा चौक, ओवरब्रिज, कचहरी चौक होते हुए समाहरणालय गेट पर पहुंचे और घेराव किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पलामू के सांसद वीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया विधायक शशिभूषण मेहता, पूर्व सांसद घूरन राम, मनोज भुइंया, प्रभात भुइंया, शशिभूषण भगत, लवली गुप्ता, ज्योति पांडे, पांकी विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता और बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ राजेश यादव के बीच बहस हो गई, जिसके बाद भाजपा कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। दरअसल, विरोध प्रदर्शन के दौरान पलामू सांसद विष्णुदयाल राम का भाषण चल रहा था। इसी क्रम में सदर एसडीपीओ राजेश यादव कार्यालय जाने के लिए पहुंचे थे, चूंकि समाहरणालय गेट बंद रखा गया था, इसलिए वह गेट खुलवाने लगे। इसी दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के साथ उनकी बहस हो गई फिर सांसद दीपक प्रकाश के साथ भी उनकी बहस हुई।

## जमशेदपुर में पांच वर्षों में खुदकुशी 285 से घटकर हुई 175




उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** खुदकुशी की रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों का असर अब आंकड़ों में भी दिखाई देने लगा है। जीवन संस्था के निदेशक डॉ जे जैन ने बुधवार को बिष्टुपुर स्थित संस्था के कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले कुछ वर्षों में जमशेदपुर में खुदकुशी के मामलों में लगातार कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2020 में जहां 285 लोगों ने आत्महत्या की थी, वहीं वर्ष 2025 में यह संख्या घटकर 175 रह गई। वर्ष 2026 में अब तक 108 लोगों ने अलग-अलग कारणों से खुदकुशी की है। डॉ जे जैन ने कहा कि जीवन संस्था की ओर से लगातार काउंसलिंग, जागरूकता कार्यक्रम और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। संस्था का उद्देश्य तनाव, अवसाद और एंग्जाइटी से जूझ रहे लोगों की परेशानी को समय रहते पहचानकर उन्हें मनोवैज्ञानिक सहयोग उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि समय पर मिलने वाली काउंसलिंग और भावनात्मक सहयोग से कई लोगों को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने में मदद मिली है। संवाददाता सम्मेलन में संस्था की संयुक्त निदेशक गुरप्रीत कौर भाटिया और उप निदेशक सुचित्रा भी मौजूद थीं।

डॉ जैन ने बताया कि विश्व खुदकुशी रोकथाम दिवस के अवसर पर 10 सितंबर को माइकल जॉन ऑडिटोरियम में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी अतुल भटनागर मुख्य अतिथि और अरका जैन यूनिवर्सिटी के प्रो-वीसी डॉ अंगद तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान वर्ष 2025 में स्कूल और कॉलेजों में चलाए गए जागरूकता अभियानों के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मानसिक तनाव और परेशानियों से जूझ रहे लोगों की सहायता के लिए जीवन संस्था ने 9297777499 और 9297777500 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जीवन संस्था के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में पारिवारिक विवाद और क्लेश के कारण सबसे अधिक 29 लोगों ने खुदकुशी की। वर्ष 2026 में अब तक पारिवारिक विवाद से जुड़े मामलों में 18 लोगों ने अपनी जान दी है। इसके अलावा अकेलापन, मानसिक तनाव और प्रेम संबंधों से जुड़ी परेशानियां भी खुदकुशी के प्रमुख कारणों में शामिल हैं।

## एमजीएम अस्पताल में जल्द शुरू होगी कैथ लैब, 10 करोड़ की लागत से हृदय रोगियों को मिलेगा इलाज

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) अस्पताल में हृदय रोगियों के लिए जल्द ही कैथ लैब की सुविधा शुरू होने जा रही है। राज्य सरकार से प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस परियोजना के लिए करीब 10 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है।




एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ बलराम झा ने बुधवार को बताया कि कैथ लैब को अस्पताल के छठे तल्ले पर स्थापित किया जाएगा। शुरूआती दौर में यहां 18 बेड की व्यवस्था की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन का लक्ष्य गंभीर हृदय रोगियों को जमशेदपुर में ही जांच और उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है।

कैथ लैब शुरू होने के बाद मरीजों की कोरोनरी एंजियोग्राफी सहित हृदय की रक्त वाहिकाओं से जुड़ी आवश्यक जांच की जा सकेगी। जरूरत पड़ने पर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी की प्रक्रियाओं के जरिए धमनियों में मौजूद ब्लॉकेज के उपचार की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

वर्तमान में एमजीएम अस्पताल में कैथ लैब नहीं होने के कारण गंभीर हृदय रोगियों को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रांची या अन्य अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है। अस्पताल अधीक्षक के अनुसार प्रतिदिन औसतन दो से तीन हृदय रोगियों को बाहर रेफर किया जाता है।

नई सुविधा शुरू होने से ऐसे मरीजों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से हार्ट अटैक जैसी आपात स्थिति में मरीज को दूसरे शहर ले जाने की जरूरत कम होगी और अस्पताल में ही तत्काल आवश्यक जांच और उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इससे इलाज शुरू होने में लगने वाला समय भी कम किया जा सकेगा।

## मतदाता सूची में तीन अफगान नागरिकों के नाम मिलने से हड़कंप, निर्वाचन विभाग ने जारी किया नोटिस

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के दौरान जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में तीन अफगानिस्तानी नागरिकों के नाम भारतीय मतदाता सूची में दर्ज होने का मामला सामने आया है। दस्तावेजों के सत्यापन में गड़बड़ी पाए जाने के बाद निर्वाचन विभाग ने तीनों को नोटिस जारी किया है। अब यह जांच की जा रही है कि विदेशी नागरिकों के नाम मतदाता सूची में किस प्रक्रिया के तहत शामिल हुए। जमशेदपुर के अनुमंडल पदाधिकारी अर्नब मिश्रा ने बुधवार को बताया कि मतदाता सूची के सत्यापन के दौरान आसिल खान, मोहम्मद असलम और मोहम्मद इब्राहिम के




दस्तावेजों में विसंगतियां सामने आई थीं। इसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से तीनों को नोटिस भेजकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। नोटिस के जवाब में पर्याप्त दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाने के बाद उनके पासपोर्ट की जांच कराई गई। जांच में तीनों के अफगानिस्तान के नागरिक होने की पुष्टि हुई। तीनों नाम जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 286 की मतदाता सूची में दर्ज पाए गए। सूची में आसिल खान का नाम क्रम संख्या 30, मोहम्मद असलम का नाम 31 और मोहम्मद इब्राहिम का नाम 33 पर दर्ज था। बताया गया कि एसआईआर के तहत तीनों की न्यूमरेशन प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी थी और उनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में भी शामिल हो गए थे।

दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान मामला सामने आने के बाद निर्वाचन विभाग ने संबंधित रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी। अब तीनों के नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया नियमानुसार आगे बढ़ाई जा रही है। साथ ही विभाग यह भी पता लगाने में जुटा है कि मतदाता सूची में उनके नाम दर्ज होने के दौरान किन स्तरों पर सत्यापन हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, मामले में यह भी जांच की जा रही है कि कहीं जानबूझकर नियमों की अनदेखी तो नहीं की गई। यदि जांच में किसी व्यक्ति की भूमिका या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ह्यजोहार पुलिसह्न चैटबॉट से व्हाट्सऐप पर मिलेंगी पुलिस सेवाएं, कार्यालयों के चक्कर होंगे कम



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस ने नागरिकों को पुलिस सेवाओं और जरूरी जानकारियों की आसान पहुंच उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को ह्यजोहार पुलिसह्न (जमशेदपुर ऑनलाइन हेल्प एंड असिस्टेंस फॉर रेसिडेंट्स) चैटबॉट लॉन्च किया। व्हाट्सऐप आधारित इस सुविधा के जरिए नागरिक मोबाइल फोन से विभिन्न पुलिस सेवाओं की जानकारी लेने के साथ आवेदन और शिकायतों की स्थिति भी जान सकेंगे। इससे सामान्य कार्यों के लिए पुलिस कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत कम होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एहतेशाम वकारिब ने बताया कि चैटबॉट का इस्तेमाल बेहद आसान है। नागरिक अपने व्हाट्सऐप से 9471167577 नंबर पर केवल ह्यहायह्न लिखकर भेजकर इससे जुड़ सकते हैं। पुलिस की ओर से जारी क्यूआर कोड स्कैन कर भी चैटबॉट का उपयोग किया जा सकता है। चैटबॉट के माध्यम से गुम हुए मोबाइल फोन से संबंधित सहायता और जानकारी, साइबर अपराध की शिकायत तथा यातायात, चालान, पासपोर्ट सत्यापन, आचरण प्रमाण पत्र और चरित्र सत्यापन से जुड़ी सेवाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। इसके अलावा विभिन्न पुलिस सत्यापनों की स्थिति और पुलिस कार्यालय में दिए गए आवेदन या शिकायत की प्रगति भी ऑनलाइन देखी जा सकेगी। नागरिक अपने क्षेत्र के नजदीकी पुलिस स्टेशन की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं की सुरक्षा और ईव-टीजिंग से जुड़े मामलों में शिकायत या सूचना देने की सुविधा भी इसमें उपलब्ध कराई गई है। वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित सहायता के साथ पुलिस को शिकायत, सुझाव और फीडबैक देने की सुविधा भी चैटबॉट में जोड़ी गई है। पुलिस के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य नागरिकों और पुलिस के बीच संवाद को अधिक सरल, तेज और सुविधाजनक बनाना है। जिला पुलिस ने लोगों से ह्यजोहार पुलिसह्न चैटबॉट का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है।

### संदिग्ध अवस्था में नवविवाहिता की मौत, हत्या और दहेज प्रताड़ना का आरोप

**पलामू :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहर थाना क्षेत्र के रेडमा चौक पर एक नवविवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। महिला का शव फंदे पर लटका मिला। उसकी शादी 10 माह पूर्व हुई थी। मायके के लोगों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। उसकी पहचान रेडमा चौक निवासी वैष्णवी देवी पति सूरज गुप्ता के रूप में हुई है। घटना के समय पति निजी अस्पताल में किसी परिचित को खाना देने गए थे। बुधवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 11 बजे वैष्णवी देवी का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता मिला। परिजन उन्हें आनन फानन में मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ससुराल पक्ष के लोग यहां से डेड बॉडी ले जाने लगे लेकिन पुलिस चौकी के जवानों ने परिजनों को रोका और पोस्टमार्टम के बाद ही शव ले जाने की सलाह दी। इसी बीच ससुराल पक्ष के लोगों ने घटना की सूचना मायके वालों को दी। बुधवार सुबह पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया। मृतका की मामा जीतेंद्र के अनुसार मंगलवार रात 9 बजे वैष्णवी का उसकी माँ से सामान्य बातचीत हुई थी और उसने कोई परेशानी नहीं बताई थी। सुबह सुबह अचानक उसकी खुदकुशी कर लेने की खबर मिलना संदेहास्पद लगता है। परिजनों का आरोप है कि कम दहेज को लेकर वैष्णवी को अक्सर प्रताड़ित किया जाता था और इसी कारण ही उसकी हत्या कर खुदकुशी का रूप दिया गया है। वैष्णवी जन्माष्टमी से दो दिन पहले मायके से ससुराल आई थी। मायके उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के थाना औडिमोड क्षेत्र में है। इस संबंध में शहर थाना पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। वैष्णवी की शादी दिसंबर 2025 में हुई थी। पति की रेडमा चौक पर फोटो कॉपी की दुकान है। पति ने जानकारी दी की मंगलवार रात पांच लोगों का खाना बनाकर गंगा हॉस्पिटल में पहुंचाने गए थे। वैष्णवी ने ही खाना पकाया था उसके जाने के बाद यह घटना हुई।

### एलपीजी टैंकर में गैस रिसाव से मचा हड़कंप

**पूर्वी सिंहभूम :** सोनारी थाना क्षेत्र के दुमुहानी के समीप मरीन ड्राइव पर मंगलवार देर रात एलपीजी गैस से भरे टैंकर में अचानक रिसाव होने से अफरा-तफरी मच गई। टैंकर में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील गैस मौजूद होने के कारण स्थिति बेहद संवेदनशील हो गई थी। हालांकि, चालक की तत्परता और पुलिस तथा तकनीकी टीम की त्वरित कार्रवाई से संभावित बड़ा हादसा टल गया। बताया गया कि टैंकर दुमुहानी मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान चालक को वाहन से गैस रिसने का पता चला। खतरे को भांपते हुए उसने तुरंत टैंकर को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया और गैस कंपनी के अधिकारियों के साथ सोनारी थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। गैस रिसाव की सूचना मिलते ही सोनारी थाना प्रभारी मधुसूदन डे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एहतियातन घटनास्थल के आसपास सुरक्षा घेरा बना दिया।

## ओलचिकी लिपि में संताली पठन सामग्री प्रकाशित करे केंद्र सरकार : रघुवर

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात कर संताली भाषा की पुस्तकों और शैक्षणिक सामग्रियों का प्रकाशन उसकी मूल एवं स्वीकृत ओलचिकी लिपि में कराने का आग्रह किया। इस संबंध में उन्होंने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि संताली भाषा की पाठ्य पुस्तकों, संदर्भ सामग्री, शिक्षक मार्गदर्शिकाओं और डिजिटल संसाधनों को देवनागरी के बजाय ओलचिकी लिपि में तैयार किया जाना चाहिए।



रघुवर दास ने शिक्षा मंत्री को बताया कि शिक्षा मंत्रालय और उससे जुड़े संस्थानों की ओर से विभिन्न भाषाओं में पाठ्य पुस्तकों और शैक्षणिक सामग्रियों के निर्माण और प्रकाशन का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में संताली भाषा की पुस्तकों को देवनागरी लिपि में तैयार किए जाने की चर्चा के बीच उन्होंने ओलचिकी लिपि के महत्व और इसके व्यापक उपयोग का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में पूरे देश में ओलचिकी लिपि का शताब्दी वर्ष गौरव और उत्साह के साथ मनाया गया। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर के शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों भारतीय संविधान के ओलचिकी लिपि में संताली अनुवाद का लोकार्पण भी किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि 30 जून को हूल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर ओलचिकी लिपि में संदेश दिए जा चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के कार्यकाल में संताली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान मिला था। संताली की अपनी स्वतंत्र और वैज्ञानिक लिपि ओलचिकी है, जिसका प्रयोग झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और असम सहित कई राज्यों में होता है। उन्होंने कहा कि नेपाल और बांग्लादेश में भी ओलचिकी लिपि का व्यापक इस्तेमाल किया जाता है।

रघुवर दास ने झारखंड में ओलचिकी लिपि के बढ़ते उपयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि संताल बहुल क्षेत्रों के रेलवे स्टेशनों के नामपट्ट और विभिन्न सरकारी कार्यालयों के नाम ओलचिकी लिपि में लिखे गए हैं। साहित्य अकादमी की ओर से संताली भाषा के लिए ओलचिकी लिपि में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों की वेबसाइटों पर भी संताली भाषा की सामग्री ओलचिकी लिपि में उपलब्ध है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से एनसीईआरटी सहित शिक्षा मंत्रालय के अधीन सभी संबंधित संस्थानों को संताली भाषा की पाठ्य पुस्तकें जारी करने, संदर्भ सामग्री, शिक्षक मार्गदर्शिकाएं और डिजिटल शैक्षणिक संसाधन अनिवार्य रूप से ओलचिकी लिपि में ही तैयार और प्रकाशित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे संताली भाषियों की भाषाई और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी। रघुवर दास ने बताया कि शिक्षा मंत्री के साथ इस मुद्दे पर हुई बातचीत सकारात्मक रही।

### अस्वाभाविक मौत का मामला बदला हत्या में, आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी :** कर्रा थाना क्षेत्र के रोलागुटू गांव स्थित तालाब से 24 जून को बरामद अरुण कुमार सिंह (35) के शव के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रोलागुटू निवासी भीम सिंह (33), पिता तपेश्वर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस संबंध में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 24 जून को रोलागुटू तालाब में अरुण कुमार सिंह का शव मिलने के बाद इसे अस्वाभाविक मौत का मामला मानते हुए कर्रा थाना में दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

# कटिहार में चार नदियों के उफान से 6 लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित

एजेंसी

**कटिहार :** जिले में गंगा, कोसी, बरांडी एवं कारी कोसी नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि से बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। जिले के कुसेर्ला, बरारी, अमदाबाद, मनिहारी तथा मनसाही अंचलों के अंतर्गत 49 ग्राम पंचायतों के 331 गांव और 3 नगर पंचायतों के 21 वार्ड बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। जिला प्रशासन के अनुसार अब तक कुल 6,09,234 की आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन द्वारा प्रभावित इलाकों में आवागमन, भोजन, स्वास्थ्य, पेयजल और पशु चारा जैसी आवश्यक सुविधाओं के साथ युद्धस्तर पर राहत व बचाव कार्य चलाया जा रहा है।




बाढ़ की विभीषिका के बीच बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने मनिहारी एवं बरारी अंचल के बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया और पीड़ितों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने विकास भवन सभागार में स्थानीय विधायकों, विधान पार्षदों, जिला परिषद सदस्यों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर राहत कार्यों को और अधिक गति देने के निर्देश दिए।

विस्थापित एवं जलमग्न क्षेत्रों के लोगों के भोजन के लिए अब तक बरारी, कुसेर्ला, मनिहारी और अमदाबाद में संचालित 160 सामुदायिक रसोई केंद्रों के माध्यम से 2,95,010 लोगों को भोजन कराया जा चुका है। नए प्रभावित क्षेत्रों के लिए 91 अतिरिक्त रसोई केंद्र भी शुरू किए जा रहे हैं। वहीं आवागमन को सुगम बनाने के लिए विभिन्न अंचलों में 102 नावों का परिचालन किया जा रहा है, जिसमें बरारी में 26, मनिहारी में 25, कुसेर्ला में 24 और अमदाबाद में 14 नावें शामिल हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए 41 शिविरों के माध्यम से अब तक 2,993 मरीजों का इलाज किया गया है। वर्तमान में 24 दैनिक शिविरों के साथ 5 बोट एम्बुलेंस भी तैनात हैं।

## विवाहिता की संदिग्ध मौतः मायके वालों का आरोप- 'दहेज के लिए पीट-पीटकर मार डाला'

एजेंसी

**भागलपुर:** जिले के बाईपास थाना क्षेत्र स्थित सन्हौली गांव में बुधवार को दहेज के दानव ने एक और विवाहिता की बलि ले ली। विवाहिता बीबी रेशमा (पति मोहम्मद सोहेल) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

मृतका की मां, बीबी हाजरा खातून ने ससुराल पक्ष पर अपनी बेटी की पीट-पीटकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस घटना के बाद से मृतका के मायके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



मृतका की मां बीबी हाजरा खातून ने रोते-बिलखते हुए बताया कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी को ससुराल वालों द्वारा कम दहेज लाने के ताने दिए जाते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि रेशमा को हमेशा दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था और अक्सर उसके साथ मारपीट की जाती थी। इसी प्रताड़ना के बीच अचानक उसकी मौत की खबर सामने आई, जिससे मायके पक्ष के लोग स्तब्ध हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत की वास्तविक वजह क्या है, यह जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

## गणेश महोत्सव 15 सितंबर को, 14 सितंबर को मनाया जाएगा चौठचंद्र

एजेंसी

**सुपौल :** वर्ष 2026 में गणेश महोत्सव एवं सिद्धिविनायक व्रत की तिथि को लेकर पंचांग परंपराओं के आधार पर अलग-अलग मत सामने आए हैं। मिथिला की पंचांग परंपरा के अनुसार इस वर्ष श्रीगणेश पूजनोत्सव एवं सिद्धिविनायक व्रत 15 सितंबर 2026, मंगलवार को मनाया जाएगा। वहीं चौठचंद्र (चौरचन) पर्व 14 सितंबर, सोमवार की शाम को मनाया जाएगा।

प्राप्त तिथि-गणना के अनुसार भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी तिथि 14 सितंबर को सुबह 7:27 बजे प्रारंभ होकर 15 सितंबर को सुबह 8:03 बजे तक रहेगी। इसके बाद पंचमी तिथि शुरू हो जाएगी। धर्मशास्त्रीय परंपरा में एक मत के अनुसार गणेश पूजन के लिए मध्याह्न काल में चतुर्थी की व्याप्ति को प्रमुख माना जाता है। इस आधार पर 14 सितंबर को गणेश पूजन के लिए ग्राह्य माना जा सकता है, क्योंकि इस दिन मध्याह्न काल में चतुर्थी विद्यमान रहेगी।

हालांकि, मिथिला पंचांग परंपरा, जिसमें कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय पंचांग एवं वैदेही पंचांग शामिल हैं, के अनुसार 15 सितंबर को गणेशोत्सव मनाना अधिक उपयुक्त माना गया है। इसके पीछे उदयातिथि, परविद्धा तिथि तथा चतुर्थी-पंचमी के संयोग को प्रमुख आधार बताया गया है। 15 सितंबर को सूर्योदय के समय चतुर्थी तिथि विद्यमान रहेगी और लगभग सुबह 8:03 बजे तक चतुर्थी रहेगी। साथ ही यह दिन मंगलवार होने के कारण भौम-चतुर्थी का संयोग बन रहा है। ाास्त्रीय मान्यताओं में इस संयोग को विशेष फलदायी माना गया है। तंत्राचार्य अरुण कुमार झा ह्यमुन्नाह्न के अनुसार मिथिला की धार्मिक परंपरा में पंचांग निर्धारण में केवल तिथि की गणना ही नहीं, बल्कि उदयकालीन तिथि, वार और तिथि-युग्म को भी महत्व दिया जाता है। उनके अनुसार 15 सितंबर को बनने वाला भौम-चतुर्थी संयोग गणपति पूजन और साधना की दृष्टि से विशेष है।

## बाढ़ के बीच पूर्व रेलवे अलर्ट, भागलपुर-जमालपुर खंड पर ट्रेनों की रफ्तार थमी, 24 घंटे निगरानी

एजेंसी

**भागलपुर :** गंगा नदी में बढ़े जलस्तर के कारण पूर्व रेलवे के मालदा मंडल अंतर्गत कहलगांव-भागलपुर-जमालपुर रेल खंड पर सुरक्षात्मक कदम उठाए गए हैं।

मुंगेर और भागलपुर में गंगा नदी खतरे के निशान से क्रमशः 0.75 मीटर और 0.92 मीटर ऊपर बह रही है, जिसके चलते कई रेलवे पुलों पर पानी का स्तर गंभीर बना हुआ है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री गीतिका पांडेय और डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में व्यापक एहतियाती उपाय लागू किए गए हैं।

भारतीय रेलवे ब्रिज मैनुअल के तहत प्रभावित पुलों पर गति प्रतिबंध (कॉशन स्पीड) लागू किया गया है। ब्रिज संख्या 130, 135, 144अ, 181, 188, 195, 197 और 198 पर ट्रेनों को 30 किमी/घंटा और ब्रिज संख्या 145ए पर 20 किमी/घंटा की सीमित रफ्तार से चलाया जा रहा है। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने बुधवार को बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, लेकिन सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए संवेदनशील पुलों पर 24 घंटे वॉचमैन तैनात किए गए हैं। पूरे खंड में पेट्रोलमैन द्वारा पैदल गश्त की जा रही है और हर घंटे जलस्तर की रिकॉर्डिंग हो रही है। मुख्य पुल इंजीनियर सहित वरिष्ठ अधिकारी भागलपुर में कैंप कर जमीनी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। बरियारपुर में आपात स्थिति के लिए मानसून रिजर्व सामग्री और मशीनरी तैयार रखी गई है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि खतरा बढ़ने पर रेल परिचालन को तत्काल निलंबित भी किया जा सकता है।

## सदर अस्पताल सुपौल में 45 वर्षीय महिला के 550 ग्राम ओवेरियन सिस्ट का सफल ऑपरेशन

एजेंसी

**सुपौल :** चिकित्सकों की टीम ने 45 वर्षीय महिला के 550 ग्राम वजन के ओवेरियन सिस्ट (अंडाशय की गांठ) का सफल ऑपरेशन किया। यह ऑपरेशन 8 सितंबर 2026 को डॉ. राजेश पासवान एवं ओटी टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों और विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम के बेहतर समन्वय से किए गए इस ऑपरेशन को जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। अस्पताल में जटिल सर्जिकल सेवाएं उपलब्ध होने से मरीजों को उपचार के लिए दूसरे शहरों में रेफर किए जाने की आवश्यकता कम करने में मदद मिल रही है।



सदर अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, अस्पताल में लगातार आवश्यक एवं जटिल सर्जिकल सेवाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में 550 ग्राम के ओवेरियन सिस्ट का सफल ऑपरेशन चिकित्सा टीम की दक्षता और टीमवर्क का उल्लेखनीय उदाहरण है।

यह ऑपरेशन सिविल सर्जन डॉ. बाबू साहब झा की अध्यक्षता तथा उपाधीक्षक डॉ. नूतन वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक बालकृष्ण चौधरी और अस्पताल प्रबंधक अभिनव आनंद के सहयोग से संपन्न हुआ। ऑपरेशन के दौरान ओटी स्टाफ के साथ छात्र भी मौजूद रहे, जिससे उन्हें व्यावहारिक चिकित्सा एवं सर्जिकल प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर मिला। ऑपरेशन के बाद सिविल सर्जन डॉ. बाबू साहब झा ने चिकित्सक, ओटी स्टाफ और इसमें शामिल छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरी टीम के कार्य की सराहना की। उन्होंने टीम के बेहतर समन्वय और कार्य के लिए सभी का मनोबल बढ़ाया। सदर अस्पताल में इस प्रकार के जटिल ऑपरेशन का सफल होना जिले के मरीजों के लिए राहत की खबर है। स्थानीय स्तर पर सर्जिकल सुविधाओं के विस्तार से मरीजों को अपने जिले में ही बेहतर उपचार उपलब्ध कराने और अनावश्यक रेफरल को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

## ठुकरा के मेरा प्यार-2' की अपार सफलता के बाद संचिता बसु ने भागलपुर में की प्रेस कॉन्फ्रेंस, तीसरे सीजन पर बरकरार रखा सस्पेंस

एजेंसी

भागलपुर : जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई चर्चित वेब सीरीज ह्यठुकरा के मेरा प्यारह्न का दूसरा सीजन दर्शकों के बीच धूम मचा रहा है। प्यार, धोखा, बदला और राजनीति के ताने-बाने से बुनी इस सीरीज की शानदार सफलता के बाद मुख्य अभिनेत्री संचिता बसु ने बुधवार को भागलपुर स्थित अपने आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से मुखातिब होते हुए संचिता बसु ने कहा, ₹ह्यठुकरा के मेरा प्यारह्न मेरे करियर का बेहद खास और दिल के करीब रहने वाला प्रोजेक्ट है। कई महीनों की कड़ी मेहनत के बाद सीजन 1 और फिर सीजन 2 की शूटिंग पूरी हुई थी। पहले सीजन की कामयाबी के बाद दर्शकों को इसके दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार था और अब सीजन 2 को भी दर्शकों ने उम्मीद से बढ़कर प्यार दिया है। उन्होंने इस सीरीज को सफल बनाने के लिए अपने फैंस और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। सीरीज के प्रति दर्शकों की दीवानगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके सीजन 2 के 50 एपिसोड पूरे होने तक सोशल मीडिया पर 10 लाख से अधिक रील्स बनाए जाने का दावा किया जा रहा है। वहीं, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह सीरीज करोड़ों दर्शकों तक अपनी पहुंच बना चुकी है। वेब सीरीज के अगले भाग यानी सीजन 3 को लेकर जब संचिता से सवाल किया गया, तो उन्होंने सस्पेंस बरकरार रखते हुए कहा कि फिलहाल इसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकती, इसके लिए दर्शकों को थोड़ा इंतजार करना होगा। हालांकि, उन्होंने यह जरूर संकेत दिया कि यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो जल्द ही फैंस को एक नए बड़े प्रोजेक्ट की खुशखबरी मिल सकती है।




बातचीत के दौरान जब संचिता से उनके क्रश के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए बॉलीवुड के सुल्तान सलमान खान का नाम लिया। उन्होंने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि सलमान खान उनके क्रश हैं और अगर कभी मौका मिला, तो वह उनके साथ बड़े पर्दे पर जरूर स्क्रीन शेयर करना चाहेंगी। कहानी के केंद्र में शानविका चौहान (संचिता बसु) और कुलदीप कुमार का रिश्ता है, जहां प्यार और धोखे के पुराने जख्म एक बार फिर हरे हो जाते हैं। व्यक्तिगत दुश्मनी इस बार सितारपुर की सत्ता और राजनीति की जंग में तब्दील हो चुकी है, जिसमें सस्पेंस, इमोशन और बड़े ट्विस्ट दर्शकों को अंत तक बांधे रखते हैं। भागलपुर से निकलकर ओटीटी की दुनिया में अपनी धाक जमाने वाली संचिता बसु की इस कामयाबी से उनके गृह जिले और प्रशंसकों में भारी उत्साह है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुल्तानगंज में श्रावणी मेला के सफल संचालन पर मालदा मंडल ने 22 रेलकर्मियों को किया सम्मानित

**भागलपुर :** पवित्र श्रावण माह के दौरान सुल्तानगंज में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक रेल यात्रा सुनिश्चित करने वाले रेलकर्मियों को पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा बुधवार को सम्मानित किया गया है। श्रावणी मेला 2026 के दौरान सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा, प्रभावी भीड़ प्रबंधन और रेल सेवाओं के सुचारू संचालन में उत्कृष्ट सेवा, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले अग्रिम पंक्ति के 22 रेल कर्मचारियों को इस सम्मान के लिए चुना गया। इस उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मालदा में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह मालदा के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार मौर्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के शाखा अधिकारी एवं अन्य रेल अधिकारी भी मौजूद रहे। समारोह के दौरान मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने सभी 22 रेल कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले कर्मचारियों में वाणिज्यिक, परिचालन, सुरक्षा एवं जनसंपर्क विभागों के साथ-साथ चिकित्सा, यांत्रिक, विद्युत, इंजीनियरिंग तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के अग्रिम पंक्ति के कर्मी शामिल थे। इन सभी ने मेला अवधि के दौरान अत्यधिक यात्री दबाव के बीच उत्कृष्ट कार्य निष्पादन और जिम्मेदारी की भावना का परिचय दिया। इन सभी रेलकर्मियों के समन्वित प्रयासों से सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर प्रभावी भीड़ प्रबंधन, यात्रियों की त्वरित सहायता, श्रद्धालुओं की सुचारू आवाजाही तथा सुरक्षित यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी। इस अवसर पर रेल प्रबंधन ने कहा कि यह सम्मान अत्यधिक यात्री दबाव वाले इस महत्वपूर्ण मेले के दौरान प्रतिबद्धता, अनुशासन एवं व्यावसायिक दक्षता के साथ कार्य करने वाले रेल कर्मयोगियों के प्रति आभार और प्रशंसा की अभिव्यक्ति है। उनका यह निस्वार्थ सेवा भाव रेल की यात्री-केंद्रित कार्यप्रणाली को दर्शाता है। मालदा मंडल उत्कृष्ट कार्य करने वाले अपने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने और सुरक्षित, निर्बाध व यात्री-अनुकूल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### छपरा में भाजपा सदर पश्चिम मंडल में सेवा संकल्प अभियान की कार्यशाला संपन्न

**सारण :** छपरा सदर पश्चिम मंडल कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और विकास को समर्पित सेवा संकल्प अभियान की मंडल कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता रिंकू सिंह ने की जबकि संचालन मंडल महामंत्री अजीत सिंह ने किया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में पहुंचे जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम से अभियान की शुरूआत होगी। इसके तहत प्रत्येक बूथ पर लाभार्थियों से पांच दीये जलाने और मंदिरों-मठों में दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री को आशीर्वाद देने का आग्रह किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवाकाल को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम काल बताया गया। कार्यशाला में कौशल किशोर सिंह, तेज नारायण सिंह, बलवंत सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रशासन और बिजली विभाग की लापरवाही ने ली मासूम की जान, सुल्तानगंज में बाढ़ के पानी में फैला करंट, नाबालिग की दर्दनाक मौत

**भागलपुर :** जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गनगनिया फतेहपुर गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। इलाके में फैले बाढ़ के पानी के बीच बिजली के चालू तार की चपेट में आने से बुधवार को एक नाबालिग युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गनगनिया फतेहपुर निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि पूरे इलाके में इन दिनों बाढ़ का पानी फैला हुआ है। इसी बीच रोहित घर के पास लगे चापाकल पर नहाने के लिए पानी में उतरा था। बाढ़ के पानी में पहले से ही बिजली का एक क्षतिग्रस्त तार गिरा हुआ था, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। जैसे ही रोहित पानी में आगे बढ़ा, वह सीधे करंट की चपेट में आ गया। बिजली का झटका इतना जोरदार था कि देखते ही देखते वह बुरी तरह झुलस गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद से गांव में चीख-पुकार मची हुई है। घटना को लेकर मृतक के परिजन और ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश है। मृतक की चाची और अन्य ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बाढ़ के पानी में करंट उतरने की जानकारी स्थानीय स्तर पर विभाग के कई लोगों और लाइनमैन को पहले ही दे दी गई थी। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मियों ने इस पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई। परिजन का कहना है कि अगर समय रहते बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती या क्षतिग्रस्त तार को दुरुस्त कर लिया जाता, तो आज रोहित की जान बचाई जा सकती थी। बाढ़ के पानी और बिजली के जर्जर व खुले तारों का यह खतरनाक तालमेल अब लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ने लगा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था की तत्काल सघन जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जहां भी पानी जमा है, वहां के खुले और क्षतिग्रस्त तारों को तुरंत दुरुस्त या सुरक्षित किया जाए ताकि भविष्य में किसी और मासूम को अपनी जान न गंवानी पड़े।

### जिलाधिकारी ने मंगलपुर एवं चिवरही पंचायत के रेवहिया में कटाव स्थलों का किया निरीक्षण

**पश्चिम चम्पारण(बगहा):** बगहा अनुमंडल के बगहा-02 प्रखंड अंतर्गत मंगलपुर तथा मधुबनी प्रखंड स्थित रेवहिया गांव में हो रहे कटाव का स्थल निरीक्षण पश्चिम चम्पारण जिलाधिकारी तरनजीत सिंह ने बुधवार को किया। मौके पर मौजूद संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंताओं से कटाव की वर्तमान स्थिति तथा अब तक किए गए निरोधात्मक एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने रोहुआ नाला में पानी के दबाव एवं संभावित जल प्रवाह की स्थिति का भी बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अभियंताओं से यह जानकारी ली कि किन-किन स्थानों पर पानी का दबाव बढ़ने की संभावना है तथा इससे आसपास के क्षेत्रों में कटाव एवं बाढ़ का क्या प्रभाव पड़ सकता है। कार्यपालक अभियंता, फ्लड डिविजन, बगहा द्वारा जिला पदाधिकारी को कटाव स्थल पर किए जा रहे कार्यों, जल प्रवाह की स्थिति एवं संभावित संवेदनशील स्थलों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी ने कटावरोधी एवं सुरक्षात्मक कार्यों में तेजी लाने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कटाव की स्थिति को देखते हुए सभी आवश्यक संसाधनों एवं सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें तथा आवश्यकता के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कटावरोधी कार्य की सतत मॉनिटरिंग, तटबंधों की निगरानी एवं आवश्यकतानुसार कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि कटाव की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए संवेदनशील स्थलों पर समय रहते आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, चांदनी कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा अभियंता एवं कर्मी उपस्थित थे।

# ओम बिरला, अमित शाह समेत कई नेताओं ने कैप्टन विक्रम बत्रा को किया नमन

एजेंसी




**नई दिल्ली।** कारगिल युद्ध के महानायक कैप्टन विक्रम बत्रा की जयंती पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल, गिरिराज सिंह समेत कई नेताओं ने उनके अदम्य साहस, नेतृत्व और सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

ओम बिरला ने एक्स पोस्ट में कहा कि कैप्टन विक्रम बत्रा ने कारगिल की बफीर्ली चोटियों पर देशप्रेम और अप्रतिम वीरता के साथ राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि कैप्टन बत्रा का शौर्य और साहस आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

अमित शाह ने कैप्टन बत्रा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि कारगिल युद्ध में उन्होंने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चोटियों पर विजय हासिल करने के साथ-साथ अपने अद्वितीय नेतृत्व और शौर्य से साथी जवानों का मनोबल भी बढ़ाया। शाह ने कहा कि महज 24 वर्ष की आयु में मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले ह्यशेरशाहह्ण का जीवन सभी को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता रहेगा।

किरेन रिजिजू ने कैप्टन बत्रा को कारगिल युद्ध का नायक बताते हुए उनके अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

उन्होंने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए उनका समर्पण देशवासियों को राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा देता है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कैप्टन बत्रा ने कारगिल युद्ध में अभूतपूर्व वीरता का परिचय देकर भारत की विजयगाथा लिखी। वीर सपूतों के पराक्रम से ही मातृभूमि सुरक्षित है और कैप्टन बत्रा की अमर गाथा भावी पीढ़ियों को मातृभूमि की सेवा एवं रक्षा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कैप्टन बत्रा को अदम्य साहस और अतुलनीय वीरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान विपरीत परिस्थितियों में उनका शौर्य और समर्पण इतिहास में सदैव अमिट रहेगा।

गिरिराज सिंह ने उन्हें कारगिल युद्ध का अमर नायक बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि देश की रक्षा के लिए उनका असाधारण बलिदान हमेशा देशवासियों के दिलों में अमर रहेगा।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कैप्टन बत्रा को भारत माता का वीर सपूत बताते हुए कहा कि कारगिल की दुर्गम चोटियों पर उन्होंने अदम्य साहस और अटूट संकल्प के साथ दुश्मन का सामना किया। उनका त्याग और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कैप्टन विक्रम बत्रा की जयंती पर उन्हें नमन किया और कारगिल युद्ध में उनके अदम्य साहस एवं दृढ़ संकल्प को याद किया। उल्लेखनीय है कि कैप्टन बत्रा भारतीय सेना के एक अधिकारी थे, जिन्हें 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और पराक्रम दिखाने के लिए मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान 'परमवीर चक्र' से सम्मानित किया गया था। कैप्टन बत्रा का जन्म 9 सितंबर 1974 को हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में हुआ था।

## भारत ने सऊदी अरब पर हूती आतंकवादियों के हमले की निंदा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने सऊदी अरब में आम नागरिकों एवं आर्थिक केन्द्रों पर यमन स्थित हूती आतंकवादियों द्वारा हमलों को क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता को कमजोर करने वाला बताते हुए कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सऊदी अरब में मंगलवार को हूती आतंकवादियों के हमलों की खबरों पर बुधवार को मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत सऊदी अरब के संप्रभु क्षेत्र पर हुए हमलों की, खासकर आम नागरिकों और आर्थिक सुविधाओं को निशाना बनाए जाने की निंदा करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले, जो क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं और बाब-अल-मंदेब में आवाजाही की आजादी के लिए खतरा पैदा करते हैं, उन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि ईरान समर्थित हूती आतंकवादियों ने मंगलवार को आभा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, किंग खालिद एयर बेस और आभा और जिजान में सरकारी तेल कंपनी अरामको की सुविधाओं पर हमले किए। सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने बताया कि इन हमलों में कम से कम 73 लोग घायल हुए। कुछ घंटों बाद सऊदी अरब ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पश्चिमी यमन में हूती इलाकों पर हमले किए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मंगलवार को सऊदी अरब पर हूती विद्रोहियों के हमलों की निंदा की। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने कहा, हम दक्षिणी सऊदी अरब में कई जगहों पर हूती के सीमापार हमलों की निंदा करते हैं। यूरोपीय संघ ने हूती से हमले बंद करने का आग्रह करते हुए सऊदी अरब पर हुए उन हमलों की निंदा की जिनमें तेल सुविधाओं को निशाना बनाया गया और दर्जनों लोग घायल हो गए।

## गणेशोत्सव: चेन्नई में गणेश प्रतिमाओं की ऊंचाई 10 फीट तक सीमित, स्थापना से विसर्जन तक पुलिस ने तय किए कड़े नियम

एजेंसी

**चेन्नई।** गणेशोत्सव से पहले चेन्नई पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस ने प्रतिमाओं की अधिकतम ऊंचाई आधार समेत 10 फीट तक सीमित कर दी है। प्रतिमा स्थापित करने से पहले भूमि मालिक की सहमति के साथ संबंधित स्थानीय निकाय, राजमार्ग विभाग अथवा अन्य सरकारी विभागों से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसके अलावा अग्निशमन विभाग और बिजली बोर्ड से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करना भी जरूरी होगा।




देशभर में 14 सितंबर से गणेशोत्सव मनाए जाने के मद्देनजर चेन्नई महानगर पुलिस ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में वेपेरी स्थित पुलिस आयुक्तालय में चेन्नई महानगर पुलिस आयुक्त अमलराज की अध्यक्षता में विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना, पूजा, जुलूस और समुद्र में विसर्जन को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर गणेश प्रतिमा स्थापित करने के लिए संबंधित पुलिस थाने में निर्धारित आवेदन देना होगा। आवेदन में निर्धारित शर्तों और प्रतिबंधों का पालन करने का लिखित आश्वासन देने के बाद ही पुलिस से अनुमति प्राप्त की जा सकेगी।

प्रतिमा स्थापना के लिए केवल पुलिस की अनुमति पर्याप्त नहीं होगी। आयोजकों को भूमि मालिक की सहमति लेने के साथ स्थानीय निकाय, राजमार्ग विभाग अथवा अन्य संबंधित सरकारी विभागों से आवश्यक अनुमति भी प्राप्त करनी होगी। अग्निशमन विभाग और बिजली बोर्ड से एनओसी लेना भी अनिवार्य किया गया है।

पुलिस ने गणेश प्रतिमाओं के निर्माण में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्री के इस्तेमाल पर भी रोक लगाई है। प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) और जहरीले रसायनों का इस्तेमाल कर प्रतिमाएं बनाने की अनुमति नहीं होगी।

पुलिस ने कहा कि प्रतिमा स्थापना के दौरान पर्यावरणीय मानकों का ध्यान रखा जाना चाहिए और ऐसी सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए, जिससे विसर्जन के बाद जलस्रोतों या समुद्री पर्यावरण को नुकसान पहुंचे। पुलिस ने आयोजकों को अन्य पूजा स्थलों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के समीप गणेश प्रतिमा स्थापित करने से बचने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य पूजा और जुलूस के दौरान होने वाली भीड़, ध्वनि तथा यातायात से संबंधित परेशानियों को कम करना है।

## सीएक्यूएम ने हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लगाई फटकार, निर्माण स्थलों की निगरानी में मिली गंभीर खामियां

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आसपास के क्षेत्रों में निर्माण एवं विध्वंस स्थलों की निगरानी में लगातार सामने आ रही खामियों पर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) को कड़ी फटकार लगाई है। इस संबंध में 8 सितंबर को आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोग ने बुधवार को एक बयान में बताया कि उसके वैधानिक निर्देश संख्या 11-18 के तहत 500 वर्गमीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले सभी निर्माण एवं विध्वंस परियोजनाओं का पंजीकरण तथा धूल नियंत्रण उपायों की दूरस्थ निगरानी के लिए कार्यशील वीडियो मॉनिटरिंग सिस्टम राज्य के वेब पोर्टल से जोड़ना अनिवार्य है। सीएक्यूएम वर्ष 2024 से एचएसपीसीबी के वेब पोर्टल के जरिए निर्माण स्थलों की दूरस्थ निगरानी कर रहा है। इस दौरान कई गंभीर कमियां सामने आईं। इनमें वेब कैमरों के लिंक का अधूरा होना, गलत यूजर आईडी एवं पासवर्ड, मोबाइल ऐप डाउनलोड कराने वाले लिंक, खराब वेब लिंक तथा कैमरों का लंबे समय तक ऑफलाइन रहना शामिल है। आयोग ने इन खामियों की जानकारी समय-समय पर बोर्ड को देकर सुधार के निर्देश भी दिए थे। 19 से 22 जून 2026 के बीच किए गए निरीक्षण में पानीपत के 213, सोनीपत के 457, फरीदाबाद के 168, गुरुग्राम (उत्तर) के 691 और गुरुग्राम (दक्षिण) के 484 पंजीकृत निर्माण स्थलों की जांच की गई। इसमें अधिकांश स्थानों पर वेब कैमरे काम नहीं कर रहे थे। केवल फरीदाबाद के 4, गुरुग्राम (उत्तर) के 6 और गुरुग्राम (दक्षिण) के 5 स्थलों पर ही कैमरे कार्यशील पाए गए। आयोग ने यह रिपोर्ट 8 जुलाई 2026 को एचएसपीसीबी को भेजी थी। सीएक्यूएम ने पहले भी एचएसपीसीबी को पोर्टल की प्रभावी निगरानी के लिए एक समर्पित टीम तैनात करने की सलाह दी थी, लेकिन न तो ऐसी टीम बनाई गई और न ही स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार हुआ। लगातार लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए आयोग ने इसे अपने वैधानिक निर्देशों की जानबूझकर की गई अवहेलना माना। समीक्षा बैठक में एचएसपीसीबी से विस्तृत जवाब और अनुपालन रिपोर्ट मांगी गई। बोर्ड ने आयोग को अब तक उठाए गए कदमों और अनुपालन की स्थिति से अवगत कराया। बैठक में आयोग ने एचएसपीसीबी को सभी आदेशों और वैधानिक निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने, नियमों का उल्लंघन करने वाले निर्माण स्थलों को बंद करने तथा दूरस्थ निगरानी व्यवस्था को पूरी तरह कार्यशील बनाने के निर्देश दिए।

## रायबरेली में राहुल गांधी ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याएं

**रायबरेली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिवसीय रायबरेली प्रवास के दूसरे दिन बुधवार को भुएमऊ आवास में जनता दरबार लगाया। इस दौरान सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे। जनता दरबार में कांग्रेस कार्यकताओं के अलावा आम लोगों और विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने राहुल गांधी से मुलाकात की और स्थानीय समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष लक्ष्मी सिन्हा ने राहुल गांधी से मुलाकात कर उन्हें राखी बांधी और कहा कि 2029 में उन्हें प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प महिलाओं ने लिया है। सुल्तानपुर कांग्रेस के उपाध्यक्ष जनार्दन शुक्ल भी राहुल से मिले और उन्हें संगठन को मजबूत करने का भरोसा दिया। इसके अलावा मनोवैज्ञानिक रूमा प्रवीण ने राहुल से मिलकर रायबरेली की खस्ताहाल सड़कों का मुद्दा उठाया। समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अखिलेश माही ने भी राहुल से मिलकर रायबरेली के सपा कार्यकताओं का समर्थन जताया और कारगिल शहीद राजेंद्र यादव के नाम से एक चौराहे का नामकरण करने की मांग की। रायबरेली ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष राममोहन श्रीवास्तव ने रायबरेली में ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित करने की मांग की। इसके पहले राहुल गांधी ने सरार्फा व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और जीएसटी के मुद्दे को लोकसभा में उठाने का भरोसा दिया।

# ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत पर मिसाइल दागी, वाशिंगटन ने 5 टैंकर तबाह किए

### जॉर्डन निशाने पर, हूती का सऊदी अरब पर हमला

एजेंसी




**तेहरान/वाशिंगटन/रियाद/अम्मान।** होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर फरवरी अंत से छिड़ी जंग ने समूचे मध्य पूर्व को संकट में धकेल दिया है। ईरान हमले के जवाब में अमेरिका के सहयोगी देशों को बेखौफ होकर निशाने पर ले रहा है। अमेरिकी सेना का कहना है कि ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद उसने तेहरान के कच्चे तेल ले जाने वाले पांच टैंकरों को नष्ट कर दिया है। अमेरिकी हमलों के जवाब में आईआरजीसी ने कहा कि उसने जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों वाले एक बेस पर हमला किया। इस बीच हूती ने सऊदी अरब पर हमला किया है। अल जजीरा और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, आईआरजीसी की नौसेना ने कुवैत और बहरीन में तेल टैंकरों के क्रू को अपने जहाज छोड़ने की चेतावनी भी दी। साथ ही ऐसा न करने पर जहाजों पर हमला करने की धमकी दी। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने तेहरान को चेतावनी दी है कि अमेरिकी युद्धपोतों पर हमले की कोशिश के जवाब में वाशिंगटन ईरानी तेल टैंकरों पर हमले जारी रखेगा। अमेरिकी सेना के मध्य कमान (सेंटकॉम) ने मंगलवार को पुष्टि की कि उसने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े पांच तेल टैंकरों को नष्ट कर दिया है। सेंटकॉम ने कहा कि यह हमले हाल के दिनों में अमेरिकी युद्धपोत पर ईरान के मिसाइल हमलों के जवाब में किए गए थे।

सेंटकॉम के अनुसार, चार टैंकरों पर ओमान की खाड़ी और पांचवें टैंकर को खार्ग द्वीप के पास निशाना बनाया गया। खार्ग द्वीप फारस की खाड़ी में स्थित है और कच्चे तेल के निर्यात के लिए ईरान का मुख्य टर्मिनल है। आरोप है कि ये जहाज ईरान के शैडो फ्लीट (गुप्त बेड़े) का हिस्सा थे। सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिकी सेना ने टैंकरों पर हमला करने से पहले उनके चालक दल को टैंकर छोड़ने का निर्देश दिया था।

आईआरजीसी ने दावा किया है कि अमेरिका के हालिया हमलों का जवाब दिया गया है। जॉर्डन में अमेरिकी डिस्ट्रॉयर (युद्धपोतों) को निशाना बनाया गया। यह युद्धपोत बैलिस्टिक मिसाइलें ले जा रहे थे। अमेरिका ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। जॉर्डन का कहना है कि उसने ईरान से दागी गई 20 में से 18 बैलिस्टिक मिसाइलों को रोककर नष्ट कर दिया। जॉर्डन के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता का कहना है कि पिछले कुछ घंटों में देश पर ईरानी क्षेत्र से मिसाइल हमला हुआ है।

प्रवक्ता ने कहा कि जॉर्डन के एयर डिफेंस सिस्टम ने 20 बैलिस्टिक मिसाइलों का मुकाबला किया और उनमें से 18 को सफलतापूर्वक रोककर नष्ट कर दिया, जबकि दो मिसाइलें आबादी वाले इलाकों से दूर गिरीं। प्रवक्ता ने कहा कि जॉर्डन की सेना ने खतरे का सामना किया। उन्होंने बताया कि इस हमले में किसी की जान नहीं गई। ईरान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की मजबूती से रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कहा कि जुलाई की शुरूआत से अब तक यूएस सेना के 26 और जवान घायल हुए हैं। लेकिन इस विवरण में घायल होने की जगह और तारीख के बारे में जानकारी नहीं दी गई। सेना के कैजुअल्टी डेटाबेस में इन घटनाओं को ओवरसीज ऑपरेशन्स (विदेश में चलाए जा रहे ऑपरेशन) की श्रेणी में रखा गया है। पेंटागन ने 7 जुलाई से मिडिल ईस्ट और ईरान युद्ध में हुई चोटों और मौतों के लिए इसी शब्द का इस्तेमाल किया है।

## एक नजर

### बलोचिस्तान में पाकिस्तान के सैन्य वाहनों पर फायरिंग, हमले में बड़ी संख्या में सैनिकों के मारे जाने का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलोचिस्तान के खारान और पंजगुर जिलों में पाकिस्तान की सेना के वाहनों को निशाना बनाया गया है। हथियारबंद लोगों के इस हमले में बड़ा विस्मयकारी दावा किया गया है। इस दावे के अनुसार, हमले में 1,000 सैन्यकर्मी मारे गए या घायल हुए। इस दावे पर पाकिस्तान सरकार या संघीय सेना ने अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। अभी तक किसी संगठन ने भी इस तरह के हमले की जिम्मेदारी ली है। द बलोचिस्तान पोस्ट की 08 सितंबर की शाम जारी रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय सूत्रों ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने शाम को खारान शहर के पास पाकिस्तान की सेना की गाड़ियों को निशाना बनाया। सूत्रों का कहना है कि हमले के दौरान सेना की कम से कम तीन गाड़ियों पर सीधी फायरिंग हुई। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, हमले में लगभग 1,000 सैन्यकर्मी मारे गए या घायल हुए। अधिकारियों की ओर से घटना, हताहतों या हमले के बारे में तुरंत कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस बीच, पंजगुर जिले के प्रोम इलाके में बंदूकधारियों ने पाकिस्तान की सेना के लिए राशन ले जा रही एक गाड़ी में आग लगा दी। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान हथियारबंद लोगों ने एक और गाड़ी पर भी कब्जा कर लिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हथियारबंद लोगों ने पंजगुर के चिडगी इलाके में एक रिहायशी इलाके में आग लगाने की घटना में पाकिस्तान की सेना द्वारा लगाए गए सर्विलांस कैमरों को नष्ट कर दिया। इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है। हालांकि बलोच आजादी समर्थक संगठन ऐसी घटनाओं की जिम्मेदारी लेते रहे हैं। द बलोचिस्तान पोस्ट की एक पुरानी रिपोर्ट के अनुसार, बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के मीडिया विंग के पूर्व में जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीएलए ने पाकिस्तान के सुरक्षा बलों, सैन्य ठिकानों और वाहनों को निशाना बनाते हुए 500 से अधिक हमले किए। इनमें 1,000 से अधिक सैनिकों के मारे जाने या गंभीर रूप से घायल हुए। वर्ष 2026 में मस्तुंग, क्वेटा, कलात, और बोलन में व्यापक टकराव देखा गया है। बीएलए के फतह स्क्वायड और अन्य विशेष शाखाओं ने संघीय सरकार के सैन्य काफिलों को निशाना बनाकर कई घातक हमले किए हैं। इन हमलों में जियारत क्रॉस और सूराब क्षेत्रों में कई पाकिस्तानी जवानों के मारे जाने का दावा किया गया। पाकिस्तान सरकार और सेना (आईएसपीआर) आमतौर पर बलोच विद्रोही गुटों के दावों को खारिज करती है या हताहतों की बहुत कम संख्या बताती है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल भी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चला रहे हैं। इन अभियानों में सैकड़ों बलोच लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया गया है। संघर्ष क्षेत्र होने और मीडिया पर कड़े प्रतिबंधों के कारण, दोनों पक्षों (बीएलए और पाकिस्तान की सेना) के हताहतों के इन बड़े आंकड़ों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना बेहद कठिन है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार विशेषज्ञों ने बलोचिस्तान निवासी इमरान अली को जबरन गायब किए जाने और उसकी न्यायेतर हत्या को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए पाकिस्तान से मामले की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच करने का आग्रह किया है। बताया गया है कि पिछले साल 27 अगस्त को पाकिस्तान के आतंकवाद रोधी विभाग के करीब 20 अधिकारियों ने अली को उसके अपार्टमेंट से कथित तौर पर अगवा कर लिया था और वे उसे किसी अज्ञात स्थान पर ले गए थे। अली के परिवार को एक साल तक इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई कि वह कहां है और उसके साथ क्या हुआ। हालांकि, अली के साथ हिरासत में लिए गए कुछ लोगों ने रिहा होने के बाद पुष्टि की कि उसे हिरासत में रखा गया था।

### अमेरिका का कनाडा के डेयरी प्रोडक्ट और शराब पर प्रतिबंध, कनाडा के जवाबी टैरिफ के बाद फैसला



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से आने वाले डेयरी प्रोडक्ट, शराब और मोटरसाइकिलों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। यह प्रतिबंध 29 सितंबर से लागू होगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह फैसला अमेरिकी सामान पर 50 फीसद तक जवाबी टैरिफ लगाने के बाद लिया है। इस आदेश के तहत कनाडा से आने वाली शराब, वाइन और अल्कोहल-फ्री बीयर पर रोक लगेगी। इसके अलावा दूध से बने कुछ उत्पाद भी अमेरिका नहीं आ सकेंगे। एक्सिओस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि प्रतिबंध को सीमित रखा गया है, ताकि अमेरिकी नागरिकों के लिए सामान की कीमतें अचानक न बढ़ें। राष्ट्रपति ट्रंप का यह कदम उन देशों के बीच आर्थिक दरार को और गहरा करने वाला है, जिन्होंने दशकों से व्यापार को आपस में जोड़ा है, जिससे सीमा के दोनों ओर व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए व्यवधान का खतरा पैदा हो गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने 1930 के टैरिफ एक्ट की धारा 338 के तहत ताजा प्रतिबंध लगाए हैं। यह एक्ट राष्ट्रपति को ऐसे देशों से आयात रोकने की अनुमति देता है जो अमेरिकी व्यापार के खिलाफ भेदभाव बनाए रखते हैं या बढ़ाते हैं। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि 15 सितंबर से दर्जनों अन्य कनाडाई उत्पादों (स्टील और एल्यूमीनियम के सामान, फर्नीचर और कागज) पर मौजूदा 50 फीसद टैरिफ का दायरा भी बढ़ाएगा। पिछले महीने अमेरिका-कनाडा के बीच बातचीत टूटने के बाद से व्यापारिक तनाव तेजी से बढ़ा है। अमेरिका ने कनाडा के लगभग 20 अरब डॉलर के सामान पर 50 फीसद टैरिफ लगाया। जवाब में कनाडा ने भी अमेरिका के इतने ही मूल्य के सामान पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया। इसके बाद से ट्रंप ने अगले साल से कनाडा की गाड़ियों पर और ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी दी है।

### नेपाल में बाढ़ के आर्थिक प्रभाव और क्लाइमेट फाइनेंस पर अध्ययन के लिए समिति गठित



**काठमांडू।** प्रतिनिधि सभा की वित्त समिति ने रसुवा बाढ़ से अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभाव और जलवायु वित्त (क्लाइमेट फाइनेंस) से जुड़े मुद्दों का अध्ययन एवं मूल्यांकन करने के लिए एक उपसमिति गठित की है। यह निर्णय बुधवार को सिंहदरबार में हुई वित्त समिति की बैठक में लिया गया। सांसद सुशील खड़का के समन्वय में सात सदस्यीय उपसमिति बनाई गई है। उपसमिति के सदस्यों में सांसद नरेंद्र कुमार केरुङ, परशुराम तामाङ, डॉ. पुष्पराज कंडेल, लिमा अधिकारी, पुष्पा चौधरी और सुशांत वैदिक शामिल हैं। वित्त समिति के अध्यक्ष डॉ. कृष्णहरि बुढाथोकी के अनुसार उपसमिति को रसुवा बाढ़ से अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभाव तथा जलवायु वित्त से संबंधित विषयों का अध्ययन करने की जिम्मेदारी दी गई है। उपसमिति को 18 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है।